सुप्रभात

रांची, शनिवार

08.02.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 208




12 जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमेट' का टीजर जारी

## न्यूज डायरी

### सीमा पर तीन पाकिस्तानी सैनिक समेत 7 मारे गये

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले की कृष्णा घाटी सेक्टर में एलओसी पर मुठभेड़ में सेना ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे 7 पाकिस्तानियों को ढेर कर दिया। इन घुसपैठियों में पाकिस्तानी सेना के तीन जवान भी शामिल हैं।

### ओपी प्रभारी की मूंछ उखाड़ने की कोशिश

**मेदिनीनगर।** डीजे बंद कराने गये पुलिस सब इंस्पेक्टर का मूंछ उखाड़ने और उनका हथियार छीनने की कोशिश की गयी। यह घटना पलामू के पाटन थाना क्षेत्र के किशुनपुर इलाके की है। पाटन के थाना प्रभारी लाल जी ने बताया कि पुलिस ने हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और 25 पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### नादिया पटाखा फैक्ट्री में धमाका, चार की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की नादिया में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके में चार लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि कल्याणी के रथतला के भीड़भाड़ वाले आवासीय क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री में यह धमाका हुआ। विस्फोट होने के कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। फॉरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम मुआयना कर रही है। पुलिस भी मामले की जांच में जुटी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 79200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 99000 रु./प्रति किलो |

## जियो हजारों साल...

### शादी की वर्षगांठ पर मां कामाख्या से आशीर्वाद

सीएम हेमंत व कल्पना की शादी की 19वीं सालगिरह शुक्रवार को असम में विश्व प्रसिद्ध प्राचीन मां कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही सोशल मीडिया पर लिखा- मां कामाख्या सभी को सुखी, समृद्ध और स्वस्थ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं। उल्लेखनीय है कि वैलेंटाइन वीक के पहले दिन यानि 7 फरवरी 2006 को दोनों शादी के बंधन में बंधे थे। गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के लिए सात फरवरी का दिन खास है। कल्पना सोरेन से शिबू सोरेन परिवार की पहली मुलाकात एक शादी समारोह में हुई थी।



## 5 साल बाद रेपो रेट में कमी, घटेगी इएमआइ

### संजय मल्होत्रा की अगुवाई में एमजीसी की बैठक में फैसला

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीज रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने शुक्रवार को रेपो रेट में 25 आधार अंक या 0.25 प्रतिशत की कमी करने का ऐलान किया। 0.25 प्रतिशत की कमी के बाद यह 6.25 प्रतिशत पर आ गयी, जो कि पहले 6.50 प्रतिशत थी।

नये आरबीआइ गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई वाली मोनेटरी पॉलिसी बैठक (एमजीसी) बैठक में दरें घटाने का फैसला लिया गया। रेपो रेट की समीक्षा के लिए 5 फरवरी से लेकर 7 फरवरी तक आरबीआइ एमपीसी की बैठक हुई



थी, जिसके निर्णय का ऐलान आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा द्वारा किया गया। मल्होत्रा ने कहा कि एमपीसी के फैसलों का देश के सभी नागरिकों पर असर होगा। रेपो रेट में कमी का सीधा असर लोन की ब्याज दरों पर होता है और होम लोन से लेकर कार लोन तक सस्ते होते हैं। केंद्रीय बैंक ने लगभग पांच साल बाद पहली बार रेपो दर में कटौती की है। इससे पहले मई, 2020 में कोविड-19 महामारी के समय रेपो दर को 0.40 प्रतिशत घटाकर चार प्रतिशत किया गया था। फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के जोखिमों से निपटने के लिए आरबीआइ ने मई, 2022 में दरों में बढ़ोतरी करनी शुरू की थी और यह सिलसिला फरवरी, 2023 में जाकर रुका था।

(शेष पेज 11 पर)

### एक लाख 36 हजार करोड़ बकाये पर कोयला मंत्री ने दिया निर्देश

# झारखंड के बकाये की गणना करेगी केंद्रीय टीम

### निर्मला और रेड्डी को राधाकृष्ण किशोर ने सौंपा स्मार पत्र





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, नयी दिल्ली।** सीएम हेमंत सोरेन और उनके मंत्रियों के लगातार प्रयास से कोयला कंपनियों पर अलग-अलग मद में 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाये की दावेदारी का मामला अब आगे बढ़ता दिख रहा है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और कोयला मंत्री जी किशन रेडी से मिले। दोनों को राज्य सरकार की ओर से स्मार पत्र सौंपा। शीघ्र भुगतान का आग्रह किया, ताकि झारखंड में विकास योजनाओं में और तेजी लायी जा सके। श्री किशोर के आग्रह के बाद केंद्रीय कोयला मंत्री ने कोयला मंत्रालय की अपर सचिव स्मिता प्रधान को बुलाकर निर्देश दिया है कि केंद्रीय कोयला मंत्रालय और झारखंड सरकार के खान विभाग के अधिकारियों की टीम गठित कर वास्तविक बकाया राशि की गणना करें, ताकि कोयला खनन मद में झारखंड को बकाया राशि का भुगतान किया जा सके। यह जानकारी झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दी है।

**केंद्र से आर्थिक सहयोग जरूरी :** श्री किशोर ने कहा है कि झारखंड राज्य में अनुसूचित जनजाति/जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक तथा सामान्य जाति के आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर लोगों की बहुलता है। राज्य सरकार, राज्य के आंतरिक आय के स्त्रोतों में वृद्धि कर झारखंड वासियों के विकास के प्रति संकल्पित है। केंद्र सरकार के आर्थिक सहयोग के बिना उद्देश्य को पूरा करने में समर्थ नहीं हो सकती है, जिस उद्देश्य को लेकर झारखंड राज्य का गठन हुआ था। झारखंड खनिज संपदाओं का प्रदेश है। झारखंड के राजस्व की निर्भरता का मुख्य स्त्रोत खान-खनिज है। कोल माइनिंग से लगभग 70-80% राजस्व की प्राप्ति होती है।

(शेष पेज 11 पर)

### 1 लाख 36 हजार करोड़ है बकाया

राज्य के वित्त मंत्री ने ज्ञापन में कहा है कि कोल उत्खनन प्रक्षेत्र में धुले कोयले की रॉयल्टी का बकाया 2,900 करोड़, पर्यावरण मंजूरी सीमा तक पहुंच में उत्खनित खनिज की कीमत पर बकाया 32,000 करोड़ एवं भूमि अधिग्रहण संबंधी बकाया 1,01, 142 करोड़ है। कुल मिलाकर 1,36,042 करोड़ बकाया है। सीएम हेमंत सोरेन भी पीएम मोदी को पत्र लिख कर बकाया राशि के भुगतान कराने का आग्रह कर चुके हैं।

### कोल कंपनियों को भुगतान का निर्देश दें

राधाकृष्ण किशोर ने सीतारमण और श्री रेड्डी से आग्रह किया कि कोल कंपनी को बकाया राशि के भुगतान करने का निर्देश दें। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024-25 में झारखंड राज्य के लिए सहायता अनुदान अनुमानित निर्धारित लक्ष्य 16961.35 करोड़ की शेष राशि 12152.46 करोड़ रुपये उपलब्ध कराने की कृपा करेंगी।







# कोल इंडिया को प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक सीएसआर अवॉर्ड मिला



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड को सीएसआर के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक सीएसआर अवॉर्ड 2024 से नवाजा गया है। कोल इंडिया अध्यक्ष पीएम प्रसाद एवं निदेशक (कार्मिक) विनय रंजन ने इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा सीएसआर विषय पर गुरुवार को मुंबई में आयोजित 19वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में यह सम्मान हासिल किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान जरूरतमंद लोगों की जिंदगियों में बदलाव की कोल इंडिया की प्रतिबद्धता की एक मान्यता है। कंपनी की सीएसआर पहलों ने अब तक लगभग साढ़े तीन करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। पिछले पांच वर्षों से केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सबसे अधिक सीएसआर खर्च करने वाली कंपनी के रूप में कोल इंडिया ने सिर्फ पिछले वित्त वर्ष में सीएसआर गतिविधियों पर 572 करोड़ रुपये खर्च किए। कंपनी अपने सीएसआर फंड का 70% से अधिक हिस्सा स्वास्थ्य सेवा, पोषण और स्वच्छता, और शिक्षा व आजीविका से जुड़े कार्यों पर खर्च करती है।

भारत सरकार की यह महारत्न कंपनी अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से राष्ट्रीय मिशनों में भी महत्वपूर्ण योगदानकर्ता रही है। कंपनी ने हाल के वर्षों में स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत 50,000 से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया। आकांक्षी जिलों में जनजीवन की बेहतरी के लिए 850 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए 700 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया।

## चुनाव में ढाई लाख करोड़ के वादों को लेकर फंसी राज्य सरकार

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश की गलत व्याख्या ना करें सीएम : भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सर्वोच्च न्यायालय के राज्यों को बकाया राशि दिये जाने वाले आदेश की गलत तरीके से व्याख्या कर लोगों का ध्यान भटकाने का काम कर रहे हैं। श्री शाहदेव शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने 2024 के अगस्त में मिनरल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी बनाम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं अन्य के मामले में ऐतिहासिक निर्णय दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने इस निर्देश में यह स्पष्ट किया था कि यह आदेश उन सभी राज्यों पर भी लागू होगा, जो इस केस में पार्टी नहीं थे। उन्होने कहा कि भाजपा पूरे तरीके से राज्य को उसका वाजिब हक दिलाने के लिए संकल्पित है। लेकिन, मुख्यमंत्री



और झामुमो ने 1.36 लाख के जिस राशि का बार बार जिक्र किया है, वह कहां से आया इस पर ही बड़ा प्रश्न है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 60000 करोड़ के करीब का मुआवजा इंटरेस्ट के रूप में मन रही है।जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने बकाया राशि में राज्य सरकारों को इंटरेस्ट लेने से रोक लगाई थी। उन्होंने कहा कि इस जजमेंट में स्पष्ट है की जो राज्यों की बकाया राशि है, वह 12 वर्षों में 12 किस्तों से दी जायेगी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पॉइंट 27.2 में स्पष्ट वर्णित है कि बकाया राशि के किश्तों का भुगतान 1 अप्रैल 2026 से शुरू होना है, जो कि 1 अप्रैल 2037 तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इसी जजमेंट के पॉइंट 27.3 में सर्वोच्च न्यायालय का निर्देश है कि 25 जुलाई 2024 से पहले का कोई भी इंटरेस्ट और पेनेल्टी का आकलन नहीं किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सर्वोच्च न्यायालय के इसी निर्देश का 14 अगस्त 2024 को स्वागत करते हुये आभार व्यक्त किया था। मुख्यमंत्री जी ने एक्स के पोस्ट में यह भी लिखा था कि अब झारखंड को 12 वर्षों में चरणबाद तरीके से बकाया राशि मिलेगी। फिर यह आ>र्य का विषय है कि मुख्यमंत्री और अलग-अलग नेता विभिन्न फोरम से केंद्र से 136000 करोड़ के तुरंत भुगतान की मांग क्यों करते हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल मुख्यमंत्री ने चुनाव के समय अनगिनत लोक लुभावना योजनाओं की घोषणा कर दी थी। इसमें अगले 5 वर्षों में ढाई लाख करोड़ से ज्यादा का खर्च आने का अनुमान है। राज्य अपने आंतरिक स्रोत से यह पैसा जुटाने में असफल है। इसलिये, वह बार-बार सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देश के बावजूद भी केंद्र से बकाया 1,36,000 करोड़ की राशि का एक गलत नैरेटिव बना रहे हैं।ये सिर्फ झारखंड की जनता की आंखों में धूल झोंकने का बहाना है। इस अवसर पर तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिले स्पीकर

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने राज भवन में भेंट की।



### झारखंडी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करे केंद्र सरकार : प्रदीप वर्मा

**रांची।** राज्य सभा में शून्य काल के दौरान सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने झारखंड के समृद्ध भाषाई और सांस्कृतिक धरोहर के विषय में चर्चा करते हुये स्थानीय भाषाओं कुरमाली, नागपुरी, खोरठा, हो और मुंडारी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग केंद्र सरकार से की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी स्थानीय भाषाओं के स्कूली शिक्षा में इन भाषाओं के संरक्षण और संवर्द्धन की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मातृभाषा भी हमे गढ़ने का काम करती है। कुछ लोगों को आज भी अपनी भाषा, अपने पहनावे और अपने खान-पान को लेकर संकोच होता है। झारखंड की समृद्ध भाषा और सांस्कृतिक विरासत उसकी पहचान है। बिरसा मुंडा की उलगुलान की भाषा मुंडारी थी। कुड़माली झारखंड और बंगाल में बोली जाती है। इन भाषाओं के सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहलुओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने इन्हें संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की।

### नगर निगम व निकाय चुनाव को लेकर दायर याचिका पर हाइकोर्ट में हुई सुनवाई



**रांची।** नगर निगम और स्थानीय शहरी निकाय चुनाव कराने को लेकर निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो द्वारा दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। शुक्रवार की सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अप-टू-डेट वोटर लिस्ट राज्य निर्वाचन आयोग झारखंड को उपलब्ध करा दिया गया है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने अपने शपथ पत्र में यह कहा है कि 7 अगस्त 2024 की तिथि को प्रकाशित वोटर लिस्ट ही झारखंड राज्य के संदर्भ में अप-टू-डेट वोटर लिस्ट है, जिसपर राज्य में विधानसभा का चुनाव कराया गया था। उससे ही झारखंड में शहरी निकाय चुनावों को संपन्न कराने के लिए अप-टू-डेट वोटर लिस्ट मानकर चुनाव संपन्न कराया जाये। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा कि वोटर लिस्ट मिल गयी। अब इसी वोटर लिस्ट पर चुनाव कराये जायेंगे। अब अदालत इस मामले में अगली सुनवाई 12 सप्ताह बाद करेगा। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से विनोद सिंह ने पक्ष रखा।

### हजारों जनजातियों ने महाकुंभ में लगायी डुबकी



**रांची।** महाकुंभ में देश भर के जनजाति क्षेत्रों से आए हुए हजारों श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को भव्य शोभा यात्रा के माध्यम से संगम तट पर पवित्र अमृत स्नान किया। जिसमें झारखंड के 1100 जनजाति शामिल हुए। 6 से 10 फरवरी के बीच अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा महाकुंभ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जनजाति क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने एक भव्य शोभा यात्रा के माध्यम से संगम तट की ओर प्रस्थान किया। स्वामी अवधेशानंद गिरी द्वारा शोभायात्रा को केसरीया झंडा दिखाने के बाद जयघोष के साथ हजारों श्रद्धालु बड़े उत्साह के साथ संगम तट की ओर निकले। परंपरागत वेशभूषा में नागालैंड, मिजोरम से लेकर अंडमान तक और केरल से लेकर हिमाचल तक के हजारों जनजाति श्रद्धालु बड़ी संख्या में इस शोभायात्रा में सम्मिलित हुए।

### गैंगरेप के तीन आरोपी दोषी करार

**रांची।** महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या करने से जुड़े मामले में ट्रायल फेस कर रहे तीन अभियुक्तों को अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने शुक्रवार को दोषी करार दिया। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 15 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। अदालत ने अभियुक्त रामचंद्र मुंडा, सुखलाल मुंडा एवं संजय टूटी को दोषी करार दिया है, जबकि, एक आरोपी लक्ष्मण मुंडा की मौत हो चुकी है। 20 फरवरी 2021 को दशम फॉल इलाके के जंगल से पुलिस ने अधजली महिला का शव बरामद की थी। जानकारी मिली थी कि महिला के साथ पहले दुष्कर्म किया गया था और बाद में उसकी गला रेतकर हत्या कर दी गयी थी। आरोपियों ने साक्ष्य छुपाने के लिये शव को पेट्रोल छिड़क कर जला दिया था। मामले का खुलासा पुलिस ने फोन कॉल के माध्यम से किया था। तीनों अभियुक्त दशम फॉल थाना क्षेत्र के हेसापीढ़ी के रहनेवाला है। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से एपीपी सिद्धार्थ सिंह ने बहस की थी।


**आवश्यकता**

अदितिआशिष कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को अपने कार्यालय, प्रिया स्टील के पास, भंडरा, लोहरदगा, के लिए निम्नलिखित पदों पर योग्य उम्मीदवारों की आवश्यकता है:

1. ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (स्व-रोजगार दर्जी)-अनुभव आवश्यक, NSDC से TOT सर्टिफिकेट और कंप्यूटर सर्टिफिकेशन अनिवार्य।
2. मोबिलाइजर-2 साल का अनुभव और कंप्यूटर सर्टिफिकेशन अनिवार्य।

संपर्क करें: 7004046755


# हाइकोर्ट ने कंस्ट्रक्शन कंपनी पर लगाया ₹2 लाख का जुर्माना

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पेयजल विभाग द्वारा एकेजी कंस्ट्रक्शन कंपनी ब्लैक लिस्टेड किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करते हुए कंपनी पर दो लाख का जुर्माना लगाया है। दरअसल कंपनी द्वारा बनाई गई जलमीनार कुछ ही दिनों में गिर गई थी, जिसके बाद एकेजी कंस्ट्रक्शन कंपनी को पेयजल विभाग ने ब्लैक लिस्टेड कर दिया था। जिसके खिलाफ कंपनी ने हाईकोर्ट का रूख किया था लेकिन कंपनी को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने कंपनी को जुर्माना की राशि चार सप्ताह में झालसा के खाते में जमा करने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में हुई।

# पेसा कानून 1996 को हु बहु लागू करे राज्य सरकार : भारत आदिवासी पार्टी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारत आदिवासी पार्टी झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में पेसा कानून 1996 को हुबहु लागू करने की मांग करने एवं आदिवासियों के व्यापक रूप से हड़पी जा रही जमीन, स्थानीय नियोजन नीति सहित विभिन्न विभिन्न जन्मुद्दों को लेकर राजभवन के समक्ष शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा की अध्यक्षता में महाधरना हुई। इस धरना का संचालन सुरेंद्र लिंडा ने किया। इस माहाधरना में वक्ताओं ने कहा कि




राज्य में पेसा कानून के बने हुए 30 साल होने के बावजूद भी पेसा कानून का नियमावली नहीं बना पा रही है। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा महासचिव कृष्णा हंसदा अभय भुट कुंवर, कुंदरसी मुंडा अध्यक्ष महिला मोर्चा सुरेंद्र लिंडा रांची जिला आदिवासी जन परिषद के प्रकाश मुंडा, सेलीना लकड़ा महिला मोर्चा बिरसा पाहन,पवन करमाली,सुन्दर सिंह मुंडा, मार्शल टूटी, रतन मुंडा रॉकी मिंज बसंती कच्छप, नवल किशोर संडील यदि शामिल हुए।

## चार्जशीटेड आरोपियों की एबीपी पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड छह आरोपियों की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई की अदालत में सुनवाई हुई। अनंत कुमार, हरिवंश पंडित, योगेंद्र प्रसाद, बिजय कुमार, सुदर्शन मुर्मू एवं स्मिता कुमारी की याचिका पर सुनवाई हुई, जो पूरी नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए अलग-अलग तारीख तय की है, जबकि आरोपी अफसरों अरविंद कुमार लाल, लखीराम बास्की, संजय पांडे, अंजना दास एवं कुमुदिनी टुडू की अग्रिम जमानत पर आदेश 14 फरवरी को अदालत सुनायेगी। घोटाले पर संज्ञान लेने के बाद अब तक 11 आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिये अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है।


**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

RC/784/2019

NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

BANK OF INDIA
Versus
SURESH GANJHU

To
(CD1)SURESH GANJHU

Also At
S/O MOHAN LAL GANGHU, R/O
VILLAGE - JOGIYADIH, P.O. JOHIHADIH
PS BALUMATH, DISTRICT - LATEHAR - 829202

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/152/2019** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 3299876.00 (Rupees Thirty Two Lakhs Ninety Nine Thousands Eight Hundred Seventy Six Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **16/05/2025** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **03/02/2025.**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI


# फिर करवट लेगा मौसम, छायेंगे बादल

## पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ तैयार



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सुबह और शाम में ठंडी हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट आ गयी है। सुबह-शाम ठंडी हवा चल रही है और दिन में तेज धूप से गर्मी का अहसास हो रहा है। फरवरी में ही गर्मी का अहसास होने लगा है। अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान सामान्य से अधिक हो गये हैं। बता दें कि आठ फरवरी को पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ तैयार हो रहा है, जिसके असर से झारखंड में आंशिक बादल छायेंगे। इसके बाद फिर से तापमान में वृद्धि होने लगेगी। यानी आने वाले दिनों में एक बार फिर झारखंड का मौसम करवट लेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मौसम केंद्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने यह जानकारी दी है। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक उच्च तापमान 34.4 डिग्री से. सरायकेला में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस चतरा में दर्ज किया गया। सूर्योदय 6:26 बजे और सूर्यास्त 17:51 बजे हुआ। न्यूनतम तापमान रांची में 12.4, जमशेदपुर में 13.0, डाल्टेनगंज में 08.7, बोकारो 10.4 बजे, चाईबासा में 12.6, देवघर में 10.4, हजारीबाग 08.4, गढ़वा 07.0 तथा गोड्डा में न्यूनतम 17.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड दर्ज किया गया।

**3 से 4 डिग्री तक गिरेगा झारखंड का तापमान :** मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि उत्तरी और मध्य झारखंड में तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में एक-दो दिन में 3 से 4 डिग्री तक की गिरावट आने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तरी और उससे सटे मध्य झारखंड में आंशिक बादल छाने लगेंगे। इसके बाद न्यूनतम तापमान में वृद्धि शुरू हो जायेगी।


**रॉंची समाहरणालय, रॉंची।**
(जिला समाज कल्याण शाखा)

**इच्छा की अभिव्यक्ति।**

चिरौंदी, रॉंची में नव निर्मित **ओल्ड एज होम** (50 बेड क्षमता) के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारी स्वयं सेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक स्वयं सेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रॉंची के कार्यालय में दिनांक 15.02.2025 के अपराह्न 12:00 बजे तक आवेदन जमा करेंगे। प्राप्त आवेदनों को दिनांक 15.02.2025 के अपराह्न 03:00 बजे जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में खोला जायेगा, आवेदन खोलने के समय गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

इच्छा की अभिव्यक्ति की शेष शर्तें जिला समाज कल्याण कर्यालय, रॉंची के सूचना पट या रॉंची जिले के अधिकरिक वेबसाईट WWW.ranchi.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह०/- जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रॉंची। | ह०/- उप विकास आयुक्त, रॉंची। | ह०/- उपायुक्त, रॉंची।

PR 346011 (Social Welfare, Women and Child Development) 24-25 (D)



**कार्यालयः-असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, लातेहार**
Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के अंतर्गत संविदा/अनुबंध के आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

विज्ञापन सं0-01/2025 (DMFT) आवेदन की अंतिम तिथि-22.02.2025

जिला लातेहार के अंतर्गत जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के तहत जिले के निवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता हेतु सदर अस्पताल लातेहार के लिए अनुबंध/संविदा के आधार पर औपबंधिक एवं अस्थायी रूप से आवश्यकता आधारित नीचे अंकित विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु हांथो-हांथ/निबंधित डाक/स्पीडपोस्ट के माध्यम से इच्छुक उम्मिदवारों से निम्नवत् रूप से आवेदनपत्र आमंत्रित किया जाताहै :-

01. जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के अधीन आवश्यकता आधारित (संविदा/अनुबंध) पदों का विवरण निम्नवत् है:-

पदों की विवरणी:-

| क्र0 | पदनाम | आवश्यकता आधारित कोटिवार कुल रिक्ति | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | आ0क0व0 | अ0जा0 | अज0जा0 | कुल |
| 1 | Surgeon | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | Anesthetist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | Skin Specialist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | Nephrologists | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | Forensic Expert | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |

नोटः-रिक्तयों की संख्या में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकता है।

➢ उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्तें, अर्हता, आवेदन का प्रपत्र आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृ तवेबसाईट http://latehar.nic.in पर देखा जा सकताहै।

PR 345979 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D सिविल सर्जन, लातेहार


## झारखंड कांग्रेस के मंत्री एवं विधायक मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी से मिले

# कांग्रेस कोटे के मंत्री जनता और संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरें: मल्लिकार्जुन खड़गे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल से झारखंड कांग्रेस के विधायकों एवं मंत्रियों के साथ शुक्रवार को प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह प्रभारी डॉ श्री बेला प्रसाद, सप्तगिरी उल्का एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार मिले। मुलकात के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड



के लोगों का धन्यवाद किया और विधायकों को बधाई दी।

मुलकात के क्रम में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार लोगों से किए गए हर वादा को पूरा करेगी। झारखंड के समावेशी विकास व प्रगति के लिए हम पूरी तरह समर्पित हैं। मंत्रीगण की यह ज़िम्मेवारी है कि वो जनता और संगठन के अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी सभी विधायकों और मंत्रियों को बधाई दी और झारखंड की जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि संगठन सशक्तिकरण के लिए पूरी ईमानदारी से मिलकर काम करना है और जो सात गारंटी जैसे युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सशक्त करना, किसानों की बाजार व्यवस्था को सशक्त करना है, सरना धर्म कोड, जाति जनगणना इन सब चीजों पर फोकस करना है।

मुलकात के दौरान प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को धन्यवाद दिया कि आप लोगों ने झारखंड में चुनाव प्रचार प्रसार किया, जिसके वजह से हमें काफी ऊर्जा मिली, हमारे कार्यकर्ताओं में एक नयी उमंग और जोश भरा, जिसके कारण हम सरकार बनाने में कामयाब रहे।

कांग्रेस आलाकमान से मिलनेवाले मंत्री एवं विधायकों में विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उप नेता राजेश कच्छप, मंत्री राधा कृष्ण किशोर, दीपिका पांडे, शिल्पी नेहा तिर्की, इरफान अंसारी, विधायक नमन विक्सल, भूषण बाड़ा, रामचंद्र सिंह, श्वेता सिंह,अनूप सिंह, सुरेश बैठा, सोनाराम सिंकू, ममता देवी के साथ मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुजनी, रियाज अहमद, गजेंद्र सिंह, राजेश सिन्हा शामिल थे।

# राज्यपाल ने एकात्म यात्रा के प्रतिभागियों से किया संवाद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को राजभवन में अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन के तहत राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के प्रतिभागियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि हमारा देश विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह यात्रा युवाओं को देश के विभिन्न राज्यों की यात्रा कर वहां की संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक संरचना को समझने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि 1966 से राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ कर रहा है और यह संगठन सीमावर्ती एवं सुदूर क्षेत्रों के छात्रों को भारत के अन्य भागों के लोगों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक जन, एक संस्कृति केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक और भावनात्मक एकता का वास्तविक प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि भारत की समृद्धि केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता और आपसी सहयोग से भी तय होती है। उन्होंने झारखंड की समृद्ध जनजातीय संस्कृति का उल्लेख करते हुये कहा कि यहां की अनूठी सांस्कृतिक विरासत को जानने और समझने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और झारखंड में राज्यपाल के रूप में छह माह का अनुभव अच्छा रहा है।

## झारखंड के विधायकों के लिए बन रहा बंगला



राज्य सरकार झारखंड के सभी विधायकों के लिए एक जैसे आवास का निर्माण करा रही है। एचईसी कोर कैपिटल क्षेत्र में नए विधानसभा के पास 43.5 एकड़ भूमि पर बन रहे इन आवासों में सभी सुविधाएं होंगी। विधायक आवास परिसर में एक प्रेक्षागृह (आडिटोरियम), एक क्लब हाउस , एक इनडोर स्टेडियम, एक कंवेशन शापिंग सेंटर, एक हेल्थ सेंटर, चिल्ड्रेन पार्क, विधायकों के अंगरक्षकों एवं अन्य सुरक्षा कर्मियों के लिए अलग से बैरक, एक भूमिगत वाटर टैंक और एक ओवर हेड वाटर टैंक भी बनाया जा रहा है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर तैयारी तेज

# जिला प्रशासन ने बीआइटी मेसरा में कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

■ 15 फरवरी को बीआईटी मेसरा में प्लेटिनम जुबली इयर सेलेब्रेशन 2025 समारोह में आयेंगी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम को लेकर तैयारी चल रही है। रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शुक्रवार को बीआईटी मेसरा के जीपी बिरला ऑडिटोरियम में प्लेटिनम जुबली इयर सेलेब्रेशन 2025 कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान वाइस चांसलर बीआईटी मेसरा रांची, डॉ. इंद्रनिल मन्ना, डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक शहर रांची राजकुमार मेहता, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, जिला नजारत उप समाहर्ता डॉ. सुदेश कुमार, अंचल अधिकारी कांके, रजिस्टार बीआईटी मेसरा रांची डॉ. सुदीप दास एवं भवन निर्माण, पेय जल विभाग, रांची नगर निगम, पथ निर्माण विभाग एवं सम्बंधित विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

**कार्यक्रम स्थल के तमाम व्यवस्था का निरीक्षण:** उपायुक्त ने द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सम्बंधित सभी अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर बैठक कर सुरक्षा के सभी मानक पहलुओं एवं पूरी व्यवस्था पर चर्चा की तथा कार्यक्रम के दौरान सारी व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं अन्य सम्बंधित सभी तैयारी ससमय पूरा कराने को कहा।
**राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में** : द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन सारी आवश्यक तैयारी में लगा हुआ है। सारी सुरक्षा के मानक पर कार्य करते हुए सारे आवश्यक तैयारी कर रहा है, जिसमें रुट प्लान, ट्रैफिक प्लान, मार्ग में पड़ने वालें क्षेत्रों की बैरिकेडिंग एवं तमाम सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर वाहनों की चेकिंग एवं अन्य सुरक्षा निदेर्शों का पालन किया जा रहा है।

# डीएसपीएमयू के दूसरे दीक्षांत समारोह में यूजी-पीजी के 183 को मिला गोल्ड मेडल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) का दूसरा दीक्षांत समारोह शुक्रवार को डॉ. राम दयाल मुंडा फुटबॉल मैदान में आयोजित हुआ। इसमें यूजी-पीजी के कुल 183 टॉपरों को गोल्ड मेडल दिया गया। इस समारोह में स्टूडेंट्स (सेशन 2020-23 और 2021-24) और पीजी (सेशन 2021-23 और 2022-24) के पास आउट कुल 8397 छात्रों को डिग्री दी गई। इसमें 1854 स्टूडेंट्स को डिस्टिंक्शन अंक मिले हैं। जबकि 4941 स्टूडेंट्स प्रथम श्रेणी से पास हुए हैं। वहीं 1602 स्टूडेंट्स द्वितीय श्रेणी से पास हुए हैं। समारोह में पांच अभ्यर्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।
**फिलॉस्फी के टॉपर को डॉ विद्यार्थी स्मृति मेधा सम्मान** : फिलॉस्फी के टॉपर को डॉ विद्यार्थी स्मृति मेधा सम्मान दिया गया। इसके तहत 11 हजार रुपए नगद राशि दी गयी।

## शैक्षिक यात्रा के अध्याय के आरंभ का प्रतीक है दीक्षांत समारोह : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि दीक्षांत समारोह कठोर परिश्रम, अडिग समर्पण का प्रतिफल है। श्री गंगवार शुक्रवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह दीक्षान्त समारोह केवल एक शैक्षिक यात्रा का समापन नहीं, बल्कि आपके जीवन के एक नये और महत्त्वपूर्ण अध्याय के आरम्भ का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विद्या वह दीपक है, जो अज्ञान के अंधकार को दूर करके हमें सत्य और प्रकाश की ओर अग्रसर करता है जितना अधिक विनम्रता होती है, उतना ही व्यक्ति अपने ज्ञान का सही उपयोग करता है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सक्षम होता है। इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल अकादमिक ज्ञान प्रदान करना नहीं बल्कि विद्यार्थियों को समाज के प्रति जागरूक, उत्तरदायी और सशक्त नागरिक बनाना भी है। राष्ट्र निर्माण की दिशा में इसकी प्रतिबद्धता अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यह विश्वविद्यालय आने वाले समय में शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा और युवा पीढ़ी को राष्ट्र एवं समाज सेवा के लिए प्रेरित करेगा। शिक्षा का कार्य व्यक्ति को बौद्धिक रूप से सक्षम बनाना है। आज का युवा भारत की शक्ति और संभावना का प्रतीक है। वह अपनी ऊर्जा, ज्ञान और कौशल से देश को सशक्त बना रहा है।

# कोल इंडिया की मैराथन दौड़ रांची में कल, विजेताओं में बंटेंगे 35 लाख

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** कोल इंडिया रांची मैराथन दौड़ का आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसमें देशभर से 10 हजार से अधिक धावक शामिल होंगे। यह कार्यक्रम 9 फरवरी को मोरहाबादी स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता को चार श्रेणियों में बांटा गया है। पांच किमी, 10 किमी, हाफ मैराथन (21 किमी) और फुल मैराथन (42 किमी) है। जिसमें कुल पुरस्कार राशि 35.10 लाख रुपया है। मैराथन सुबह 5 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर देश की मुक्केबाज मैरी कॉम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इसके अलावा कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, कोल इंडिया के निदेशक और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी रहेंगे।
**24 राज्य व 7 केद्र शासित प्रदेशों के धावक होंगे शामिल :** प्रतियोगिता में 24 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के धावकों ने पंजीकरण कराया है। पांच किमी दौड़ को छोड़कर अन्य तीन प्रमुख श्रेणियों के पुरुष एवं महिला वर्ग में टॉप 10 विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। मैराथन को एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पंजीकृत किया गया है। सीसीएल इस आयोजन को शानदार बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मार्गों की देखरेख और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है, जिससे धावकों को बेहतरीन अनुभव मिल सके। यह मैराथन केवल एक प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि खेल भावना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रतीक भी है।

ज्ञात हो कि सीसीएल कोयला उत्पादन कर राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ समाज के समवेशी विकास हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती है इसी क्रम मे तीसरी बार मैराथन का आयोजन रांची में किया जा रहा है।

### दीक्षांत समारोह में टॉपरों ने कहा

**शिक्षक के रूप में कॅरियर बनाने की चाहत** : पंच परगानिया विषय के गोल्ड मेडलिस्ट मोतीलाल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कॅरियर बनाना है और झारखंडी परंपरा और भाषा को राष्ट्र स्तर पर पहचान दिलाना है।
**आगे चलकर पीएचडी करने की इच्छा :** संदीप यादव भूगोल विषय के गोल्ड मेडलिस्ट ने कहा कि अभी मेरे लिए सबसे पहली प्राथमिकता पीएचडी करना है।
**पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना करियर नहीं बनाऊंगी** : पत्रकारिता की गोल्ड मेडलिस्ट अनिंदिता शाह ने कहा कि मैंने पत्रकारिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है परंतु मैं अपना कॅरियर स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में बनाना चाहती हूं।
**डीएवी हेहल में शिक्षका हूं और शिक्षका ही रहना चाहती हूं:** बीएड की गोल्ड मेडलिस्ट कुमारी अमृत ने बताया कि फिलहाल मैं डीएवी हेहल में कार्यरत हूं। आगे भी मैं अपना करियर शिक्षा के क्षेत्र में बनाना चाहती हूं।

# 10-15 फरवरी तक रांची में 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन, 1228 प्रतिभागी होंगे शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** 10 से 15 फरवरी तक रांची में 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 10 फरवरी को राज्यपाल द्वारा किया जाएगा और 15 फरवरी को मुख्यमंत्री द्वारा समारोह का समापन किया जाएगा। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देशन में ड्यूटी मीट का आयोजन पहली बार झारखंड के मोरांग गोमके, जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में किया जाएगा।

गौरतलब है कि अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन अखिल भारतीय पुलिस खेल कूद प्राधिकरण के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष किया जाता है। सर्वप्रथम वर्ष 1953 में राइफल रिवॉल्वर, शूटिंग प्रतियोगिता के रूप में प्रारंभ किया गया था। इसका उद्देश्य व्यावसायिक प्रदर्शन के मानकों को सभी पुलिस संगठनों के कर्मियों के बीच सर्वश्रेष्ठीकरण को प्रोत्साहित करना था। जैसे-जैसे इस आयोजन की सफलता और लोकप्रियता बढ़ी, इस पुलिस ड्यूटी मीट में अतिरिक्त प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया। शुक्रवार को सीआईडी मुख्यालय में स्पेशल ब्रांच आईजी प्रभात कुमार और सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी गई।

**तीन भागों में बंटी होगी मीट**
1. राइफल रिवॉल्वर शूटिंग प्रतियोगिता
2. बैंड प्रतियोगिता
3. साइंटिफिक एड टू इन्वेस्टिगेशन, पुलिस फोटोग्राफी, कंप्यूटर अवेयरनेस, पुलिस वीडियोग्राफी, एंटी सबोटेज चेक (श्वान दस्ते)

**कुल 8 टीमें भाग लेंगी :** इस प्रतियोगिता में देशभर के 18 राज्यों के प्रतिभागी और केंद्रशासित प्रदेशों के दो राज्यों के प्रतिभागी तथा देश के अर्धसैनिक संगठनों की कुल आठ टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में कुल 13 विषयों पर प्रतिस्पर्धा कराई जाएगी, जिनमें विधि विज्ञान परीक्षा (लिखित), मेडिको-लीगल मौखिक परीक्षा, पुलिस फोटोग्राफी परीक्षा, पुलिस वीडियोग्राफी, क्राइम इन्वेस्टिगेशन लॉ रूल्स तथा कोर्ट जजमेंट, लिफ्टिंग पैकिंग, प्रदर्शनों का अग्रसारण, अंगुलांक विज्ञान प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षा, पुलिस पोर्ट्रेट, ऑब्जर्वेशन, कंप्यूटर साक्षरता, श्वान प्रशिक्षण और एंटी सबोटेज चेक शामिल हैं।
**कुल 1228 प्रतिभागी होंगे शामिल :** इस प्रतिस्पर्द्धा में पुलिस और अर्द्धसैनिक संगठनों के कुल 1228 प्रतिभागी, जिनमें पुरुष प्रतिभागी 1160, महिला प्रतिभागी 68 और श्वान दस्ते के 21 टीमें जिसमें 128 श्वान भाग ले रहे हैं। इस प्रतिस्पर्धा में पुलिस और अर्धसैनिक संगठनों के कुल 1228 प्रतिभागी, जिनमें पुरुष प्रतिभागी 1160, महिला प्रतिभागी 68 और श्वान दस्ते के 21 टीमें जिसमें 128 श्वान भाग ले रहे हैं। इन प्रतिस्पधाओं के मूल्यांकन के लिए 45 निर्णायक सदस्य होंगे।

झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI



अपील



रामदास सोरेन
माननीय मंत्री
स्कूली शिक्षा, साक्षरता एवं निबंधन
झारखण्ड सरकार

हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री
झारखण्ड

वार्षिक माध्यमिक / इन्टरमीडिएट परीक्षा, 2025

विदित हो कि वार्षिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा दिनांक 11 फरवरी 2025 से प्रारम्भ हो रही है। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, आम नागरिकों एवं परीक्षा कार्य में संलग्न सभी कर्मियों / पदाधिकारियों का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है।

राज्य सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार तथा मानव संसाधन विकास हेतु कटिबद्ध है। इसके लिए आवश्यक है कि संपूर्ण राज्य में परीक्षाओं का संचालन पूर्णतः शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त तरीके से सम्पन्न हो। झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से समुचित व्यवस्थाएँ की गयी है। कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षाओं का संचालन, समय पर परीक्षाफल का प्रकाशन तथा शिक्षा को सर्वसुलभ बनाना सरकार की प्राथमिकता है। राज्य सरकार द्वारा कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हेतु सभी संबद्ध व्यक्तियों को आवश्यक निर्देश दिये गए हैं, साथ ही उनसे अपेक्षा है कि वे वांछित कार्यो का सम्पादन निष्ठापूर्वक करेंगे। झारखण्ड सरकार स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है, इस दिशा में इस बार भी सभी जिला के परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार सी.सी.टी.वी. कैमरा अधिष्ठापित किया गया है ताकि परीक्षा में पारदर्शिता कायम रह सके। किसी भी स्तर पर कदाचार करने अथवा कराने वालों एवं निर्धारित दायित्वों का निर्वहन नहीं करनेवाले कर्मियों के विरूद्ध झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

इस अवसर पर जनहित एवं राज्यहित में सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों से अपील है कि वे नि:स्वार्थ भाव से परीक्षा की पवित्रता के साथ–साथ झारखण्ड की गरिमा बनाये रखने तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिये कदाचार मुक्त परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य के सफल संचालन में ईमानदारी एवं निष्ठा से सहयोग करें।

आएँ झारखण्ड को हम सब मिलकर बनायें ज्ञान आधारित एवं अनुशासन प्रिय प्रदेश

रामदास सोरेन
माननीय मंत्री
झारखण्ड सरकार

हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री
झारखण्ड

## झारखंड माइनॉरिटी एडवोकेट एसोसिएशन की बैठक आयोजित

रांची। झारखंड माइनॉरिटी एडवोकेट एसोसिएशन जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता मुमताज अहमद खान ने की। मौके पर 8 फरवरी को सम्मान समारोह आयोजित करने के संबंध में चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनाब हाफ़िज़ुल हसन अंसारी साहब और विशिष्ट अतिथि जनाब नौशाद आलम साहब (डीआईजी झारखंड पुलिस), अशरफ अंसारी साहब (सीबीआई जज), और ए. अलाम साहब (वरिष्ठ एडवोकेट झारखंड हाई कोर्ट रांची) शामिल होंगे। कार्यक्रम में ऐसे वरिष्ठ वकीलों को सम्मानित किया जाएगा जिनका 50 साल का अभ्यास हो चुका है।

# बीएयू में एग्रोटेक किसान मेला आज से दस तक

- मेला का उदघाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 8 फरवरी को पूर्वाहन 11 बजे करेंगे
- मेला में लगभग 120 स्टाल लगाये गये हैं



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कृषि यंत्रीकरण, खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्द्धन तथा घरेलू एवं अन्य कुटीर उद्योगों से संबंधित आधुनिक तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में 8 से 10 फरवरी तक एग्रोटेक किसान मेला का आयोजन किया जा रहा है। बीएयू के कुलपति डॉ सुनील चन्द्र दुबे ने बताया कि मेला में लगभग 120 स्टाल लगाये गये हैं। इनमें बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभाग, तीन क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र एवं 24 कृषि विज्ञान केन्द्रों के अलावा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के शोध संस्थान, कृषि यंत्र एवं उर्वरकों के निमार्ता एवं बिक्रेता, बैंक एवं वित्तीय संस्थान तथा स्वयंसेवी संगठन अपनी उत्पाद प्रदर्शित करेंगे।

मेला का उदघाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 8 फरवरी को पूर्वाहन 11 बजे करेंगे।

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक सुरेश बैठा, भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान नामकुम के निदेशक डॉ सुजय रक्षित समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। समापन समारोह 10 फरवरी को अपराह्न 2.30 बजे होगा। इसके मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार होंगे। समापन समारोह में विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की तथा कृषि सचिव अबूबकर सिद्दीक भी विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

मेला के दूसरे दिन 9 फरवरी को महिला कृषक गोष्ठी में कृषि मंत्री तथा विधायक कल्पना सोरेन भी अतिथि के रूप में भाग लेंगी। इस अवसर पर फल, फूल, सब्जी, मसालों, सजावटी, औषधीय एवं सगंधीय पौधों से संबंधित उद्यान प्रदर्शनी, पशु पक्षी प्रदर्शनी, कृषि यंत्र प्रदर्शनी, किसान गोष्ठी, प्रायोगिक प्रक्षेत्रों का परिभ्रमण का भी आयोजन किया जा रहा है। मेला के मुख्य आकर्षण दलहनी एवं तेलहनी फसलों की उत्पादन तकनीक तथा फूलों एवं सब्जियों की संरक्षित खेती का जीवंत प्रदर्शन है।

## खबर एक नजर में

### शान हबीब कॉन्फ्रेंस और दस्तारबंदी आज



रांची। झारखंड राज्य के प्रसिद्ध धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थान अल-जमाअतुल-कादरिया इस्लामी मरकज हिंदपीढ़ी में आज ईशा की नमाज के बाद मदरसा के प्रांगण में शान हबीब कॉन्फ्रेंस एवं दस्तारबंदी नामक ऐतिहासिक कॉफ्रेंस का आयोजन जायेगा। इस की तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। संस्था के मोहतमिम हजरत कारी मोहम्मद अयूब रिजवी ने बताया कि इस सम्मेलन में भारत के प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान और कवि भाग ले रहे हैं। विशेष रूप से पीरे तरीकत हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती मुहम्मद नसीरुद्दीन मिस्बाही, जिन्हें नसीरे मिल्लत के रूप में जाना जाता है। खतीब हजरत मौलाना मुफ़्ती मुहम्मद महमूद अली शेख-उल-हदीस जामिया कादरी दुधिनगर, यूपी, देलक्शा रांचवी, हजरत अल्लामा मुफ्ती मुहम्मद फैजुल्लाह मिस्बाही बनारस, मौलाना अहकर उल-कादरी मुजफ्फरपुर,शाएर अमजद रजा अमजद साहब और नकीब सदाबहार कारी ओवैस रजा भाग लेंगे।

# भूगोल विभाग, बिरसा कॉलेज खूंटी के विद्यार्थियों ने किया मनाली क्षेत्र का सर्वेक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। भूगोल विभाग, बिरसा कॉलेज, एमए सेमेस्टर 3 के 30 विद्यार्थियों ने अपने सेमेस्टर 3 के पाठ्यक्रम अनुसार दिनांक 31/01/2025 से लेकर 7/02/2025 तक मनाली क्षेत्र सर्वेक्षण सह शैक्षणिक भ्रमण कार्य समाप्त किया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व भूगोल विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अनंत राम ने किया। यह क्षेत्र सर्वेक्षण कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष भूगोल विभाग के सेमेस्टर 3 की विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाता है। विभाग द्वारा देश के विभिन्न स्थानों का चयन किया जाता है।

विद्यार्थियों ने कुल्लू, मनाली, सोलंग घाटी, अटल टनल, शिशु आदि स्थानों का भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण के नेतृत्वकर्ता प्रो. अनंत राम ने बताया कि विद्यार्थियों ने भ्रमण क्षेत्र की स्थलाकृति विशेषता,जलवायु विशेषता,जलवायु परिवर्तन,बर्फबारी जैसी मौसमी घटना का अनुभव किया। क्षेत्र में मिप्ती अपरदन के प्रभाव के साथ साथ वहां की वनस्पति, जीव जंतु की स्थिति को समझा। मनाली क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के अंतर्गत विभिन्न आर्थिक गतिविधियों को देखा, विद्यार्थियों ने वहां की सामाजिक स्थिति, संस्कृति, कृषि - पशुपालन तथा अधिवासीय व्यवस्था, घरों के प्रकार आदि का सर्वेक्षण किया। विद्यार्थियों में पर्वतीय क्षेत्र की स्थिति के संदर्भ में समझ विकसित हुई।

गौरतलब है कि भूगोल विभाग एम ए सेमेस्टर 3 में क्षेत्र भ्रमण संबंधित 100 अंक की परीक्षा होती है जिसमें विद्यार्थी अपने टॉपिक के अनुसार रिपोर्ट तैयार करते हैं और लिखित परीक्षा के साथ साथ मौखिक परीक्षा भी ली जाती है।

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संवाहक थे कामेश्वर चौपाल : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कामेश्वर चौपाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। श्री मरांडी ने कहा कि कामेश्वर चौपाल सहज सरल व्यक्तित्व के धनी थे। उनका संपूर्ण जीवन राम काज केलिए समर्पित और संवाहक रहे। उन्होंने कहा कि राम को वे आराध्य ही नहीं बल्कि राष्ट्र पुरुष मानते थे। राम के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। इस भाव को उन्होंने गांव गांव तक पहुंचाया। सनातन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद केलिये उनका जीवन समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि उनके साथ विहिप में संगठन कार्य साथ- साथ करने का सुअवसर मिला जो स्मृतियों में शामिल है।

पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कामेश्वर चौपाल के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि स्व चौपाल विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम ने उन्हें अपनी सेवा का विशेष अवसर प्रदान किया। वे रामजन्मभूमि आंदोलन को गति प्रदान किया साथ ही मंदिर निर्माण के भी साक्षी बने। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित कई नेताओं ने स्व चौपाल की आत्मा की शांति केलिये प्रार्थना की है।

### पारस हॉस्पिटल में कटे होंठ और तालू वाले मरीजों का होगा नि:शुल्क इलाज

रांची। एनजीओ स्माइल ट्रेन इंडिया ने पारस हेल्थकेयर हॉस्पिटल के साथ अपनी साझेदारी की है। जिसके तहत रांची में स्थित पारस हॉस्पिटल एचइसी में जन्मजात कटे होंठ और तालू वाले मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है। पारस हॉस्पिटल में नए क्लेफ्ट सेंटर में पूरे साल मरीजों के लिए नि:शुल्क क्लेफ्ट सर्जरी उपलब्ध रहेगी। अस्पताल में क्लेफ्ट सर्जरी सर्जन डॉ. सोम रंजन पाठक कर रहे है। डॉ सोम रंजन 2019 से स्माइल ट्रेन से जुड़े हुए हैं। वे कई बच्चों का ऑपरेशन कर उनके चेहरे पर स्माइल देने का काम कर चुके हैं। उनके साथ कई अनुभवी डॉक्टरों की टीम भी कार्य कर रही है। विशेष जानकारी के लिये मोबाईल नंबर 7282010101 पर संपर्क करें।

### बालाजी मंदिर में जया एकादशी अनुष्ठान आज

रांची। बालाजी मंदिर में शनिवार को जया एकादशी अनुष्ठान किया जायेगा। तिरूपति बालाजी मंदिर में शनिवार को प्रात: विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम और वैदिक तथा पांचरात्र विधि से नित्याराधन संपादन होगा । इसके बाद महाआरती एमहाभोग और महास्तुति करके तदियाराधन, गोष्ठी, शठारी आदि विधि के प›ात आम श्रद्धालु भक्तों के दर्शन .पूजा के लिये मंदिर गोपुरम फाटक को प्रात: 07 बजे से 12 तक एवं सायं 4 बजे से 7 तक खोल दिये जायेंगे ।

### डीएवी सरला स्कूल के बच्चों ने की मस्ती



रांची। डीएवी सरला स्कूल के बच्चों ने शुक्रवार को जमकर मस्ती की। मौका था पिकनिक का, जहां बच्चों ने बिरसा मृग विहार खूंटी रोड कालामाटी एवं जैव विविधता उद्यान रिंग रोड तुपुदाना का भ्रमण किया एवं पिकनिक का लुत्फ उठाया। बिरसा मृग विहार सैर करते समय हिरण को देखना और उसके साथ खेलना बच्चों के लिए रोमांचक हिस्से का समय था। बच्चों ने बिरसा मृग विहार के बाद बायो डायवर्सिटी पार्क भी गए और वहां भी पिकनिक का लुत्फ उठाया,गुलाब वाटिका का निरीक्षण किया,विभिन्न प्रकार के झूलों में बच्चों ने मस्ती की और साथ में संगीत और नृत्य भी किया। पिकनिक का समापन बच्चों और शिक्षकों के साथ सामूहिक फोटो के साथ किया गया। इस मौके पर डायरेक्टर मेंहुल दूबे ने कहा स्कूल पिकनिक हमें जितना मजा और आनंद देता है उसे शब्दों में कह पाना मुश्किल है। इस मौक पर विधालय की शिक्षिका आरती मिंज,मेघा बाखला,महिमा सिंह मौजूद थी।

# न्यायिक प्रक्रिया डिजिटलाईजेशन एवं पेपरलेस की ओर : दिवाकर पांडे

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सर्वोच्च न्यायालय की ई-कमिटि एवं न्यायिक अकादमी झारखंड के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय में शुक्रवार को अधिवक्ताओं और अधिवक्ताओं के क्लर्क के लिए ई-कोर्ट पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर दिवाकर पांडे प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, एस.एस. फातमी, पी.ओ, रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शम्भु प्रसाद अग्रवाल, महासचिव संजय विद्रोही समेत रांची जिला बार एसोसिएशन के अन्य सदस्य एवं अधिवक्तागण उपस्थित थे।

मौके पर दिवाकर पांडे प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आज के समय में कोई भी व्यक्ति मोबाईल के बिना ज्यादा समय तक नहीं रह सकता है। आनेवाले समय में ई-कोर्ट सर्विसेज से ई-फाईलिंग, ई-पेमेन्ट इत्यादि सुविधा सुचारू रूप से चलेगी और न्यायिक प्रक्रिया डिजिटलाईजेशन एवं पेपरलेस होगी। कार्यक्रम को संजय कुमार व्रिदोही,मनीष पी.ओ. ने भी संबोधित किया। यह जानकारी डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने दी।

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

इसके साथ ही मोबाईल वैन के माध्यम से बुढ़मू प्रखंड के मक्का पंचायत भवन में डालसा टीम ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

# पीएनबी ने किया हाउसिंग लोन एवं सूर्या घर ऋण एक्सपो का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। पंजाब नैशनल बैंक रांची मंडल के प्रमुख प्रवीण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पवन कुमार मिश्रा, वित्तीय निदेशक, सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के कर कमलों द्वारा टी.ओ.पी ग्राउंड, कडरू हनुमान मंदिर रांची के पास हाउसिंग लोन एवं सूर्या घर ऋण एक्सपो का शुभारंभ किया गया। यह एक्सपो 7 फरवरी से 8 फरवरी, 2025 तक चलेगा। इस एक्सपो का उद्देश्य ग्राहकों को उनके सपनों का घर खरीदने, उसे सजाने-संवारने और सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। साथ ही घर की आंतरिक साज-सज्जा और आवास बीमा परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध है। यह एक्सपो ऋण लेकर मकान बनाने और सूर्या घर योजना के तहत घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने वाले इच्छुक लोगों की सुविधा के लिए विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है। इसमें आवास ऋण योजनाओं और ब्याज दरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। 8.40% की किफायती ब्याज दर बैंक हाउसिंग लोन और 7% ब्याज दर पर सूर्या घर योजना के तहत घर की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए ऋण मुहैया कराया जा रहा है। ग्राहक के पास पूर्ण दस्तावेज तथा अनुमोदित प्रोजेक्ट्स होने पर ऋणों को त्वरित स्वीकृति प्रदान की जा रही है तथा विशेष ऑफर एवं छूट भी दी जा रही है। विशेषज्ञों और बैंक अधिकारियों की टीम विशेष परामर्श के लिए उपलब्ध है और वे मौके पर ही ऋण से जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद करेंगे। इसमें बैंक द्वारा अनुमोदित प्रतिष्ठित आवास परियोजनाओं का स्टॉल भी लगा हुआ है।

इच्छुक जनता से बैंक की अपील है कि इस एक्सपो में आएँ और इसका लाभ उठाएँ। आपकी सेवा में पीएनबी हमेशा तत्पर है।

### डीएसपीएमयू के मुख्य द्वार निर्माण में हुई अनियमितता की जांच हो : अबुआ अधिकार मंच

रांची। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में निमार्णाधीन दो मुख्य द्वार के निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। भवन निर्माण विभाग के तहत लगभग 1.32 करोड़ की लागत से बन रहे इन द्वारों में घटिया सामग्री का हो रहे उपयोग और संवेदक की मनमानी के खिलाफ अबुआ अधिकार मंच ने अभिषेक झा के नेतृत्व में भवन निर्माण विभाग के सचिव के नामित ज्ञापन सौंपा है। निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता न केवल सरकारी धन की बबार्दी है, बल्कि जनता के साथ बड़ा धोखा भी है। निर्माण में घटिया गुणवत्ता की सामग्री - ब्लैक स्टोन चिप्स का उपयोग, आवश्यक मशीनरी का उपयोग नहीं होने से संरचना की मजबूती पर असर पड़ेगा। डी.पी.आर में तय मानकों का पालन नहीं होने से गुणवत्ता में गिरावट आएगी।

#### भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं : अभिषेक झा

अबुआ अधिकार मंच के अभिषेक झा ने कहा, यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, जनता के पैसे और विश्वास की खुली लूट है। विभाग की नाक के नीचे यह अनियमितता कैसे हो रहा है? यदि विभाग ईमानदार है, तो उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर करवाई करे। अन्यथा हम आंदोलन को बाध्य होंगे। हम मांग करते हैं कि निर्माण कार्य की तकनीकी और वित्तीय जांच कर दोषी संवेदकों और अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो। विभाग जल्द कार्रवाई नहीं करती है, तो चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन किया जाएगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ यह लड़ाई हर हाल में जारी रहेगी।

### एनएसयूआइ ने सीएम को पत्र लिख कर नीड बेस्ड नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्णत: रद्द करने की मांग की

रांची। एनएसयूआइ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नीड बेस्ड नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्णत: रद्द करने की मांग की है। राज्य उपाध्यक्ष अमन अहमद ने पत्र में लिखा है कि वर्तमान में रांची विश्वविद्यालय द्वारा नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति प्रक्रिया संचालित है और अभ्यर्थियों का शैक्षणिक दस्तावेज सत्यापन किया जा रहा है। इस नियुक्ति में यूजीसी की अहर्ता संबंधी नियमावली का अक्षरश: अनुसरण किया जा रहा है। जबकि यूजीसी ने स्वयं ही राज्य सरकार एवं राज्य विश्वविद्यालयों से कहा है कि अपने राज्य में संचालित विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति हेतु राज्य लोक सेवा आयोग नियुक्ति नियमावली बना सकती है और इसी नियमावली से नियुक्ति की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने मांग की है कि नियुक्ति प्रक्रिया को अविलंब स्थगित कर नियुक्ति को रद्द किया जाए। ताकि स्थानीय आदिवासी मूलवासी अभ्यर्थियों को नौकरी में उचित अवसर मिल सके।

# इफको एमसी ने झारखंड में कृषि रसायनों की आपूर्ति की शुरुआत की

खबर मन्त्र संवाददाता




रांची। इफको की सहयोगी संस्था इफको एमसी (इफको और मित्सुबिशी कारपोरेशन जापान का एक आयुक्त ऊधम) पिछले 10 वर्षों से भारत के 18 राज्यों में उच्च गुणवत्ता के कृषि रसायनों की उपलब्धता सहकारिता के माध्यम से किसानों को करा रही है और आज उसी कड़ी में झारखंड राज्य में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हुए राज्य के 50 नामी बिक्रेताओं के साथ एक कार्यक्रम करते हुए झारखंड में भी इसकी शुरुआत कर दी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि और इफको के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ. समदर्शी ने इस मौके पर बिक्रेताओं से बातचीत करते हुए बताया कि इफको एमसी फसलों की सुरक्षा हेतु कृषि में उपयोग होने वाली सभी उच्च गुणवत्ता वाली दवायें सही कीमत पर झारखंड के किसानों तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और विक्रेताओं से इसमें सहयोग की अपील की।

इफको एमसी के जोनल मार्केटिंग मैनेजर विनय मणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन के दौरान बताया कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य कृषि की लागत को कम करना और किसानों की आय में वृद्धि करना है जिसमें इफको एमसी की सही दवा और सही दाम का फार्मूला अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका पूरे देश में निभा रहा है और अब इसका लाभ झारखंड के किसान भी उठा पाएंगे।

कंपनी के मार्केटिंग मैनेजर कुलदीप कुमार ने विक्रेताओं को इफको एमसी द्वारा चलाए जाने वाली किसान सुरक्षा बीमा योजना के बारे में बताया जिसके अंतर्गत इफको एमसी की कृषि रसायन खरीदने वाले किसानों का मुफ्त दुर्घटना बीमा किया जाता है। अंत में इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक चंदन कुमार ने राज्य के विभिन्न जनपद से कार्यक्रम में आए हुए विक्रेताओं का धन्यवाद किया।

# दी मूमेंट स्टूडियो फॉर प्लेटस एंड फिजियोथरेपी का शुभारंभ

- शहर के हर एक व्यक्ति को स्वस्थ्य रखना मेरा दायित्व : डॉ शुभालक्ष्मी खटुआ

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। दी मूमेंट स्टूडियो फॉर प्लेटस एंड फिजियोथरेपी का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि संध्या रानी मेहता (सीआईडी डीआईजी) नौशाद आलम (आईपीएस), देव कमल और देवानिका हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ अनंत सिन्हा, डॉ तरुण ओडुकिया के साथ-साथ कई अन्य लोग उपस्थित थे।

इस मौके पर संस्थान के संस्थापिका डॉक्टर शुभालक्ष्मी ने बताया कि पिलाटेस व्यायाम की एक श्रृंखला है, जो शरीर के सभी प्रमुख मांसपेशी समूहों की गतिशीलता और ताकत को संतुलित तरीके से बढ़ावा देता है। यह शारीरिक व्यायाम विधि विशेष रूप से मांसपेशियों को टोन करने, सही पोस्चर बनाए रखने और शरीर की आंतरिक सहनशक्ति और बाहरी ताकत को बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने बताया कि इसकी शुरुआत प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जोसेफ पिलाटेस को इंग्लैंड में नॉकालोए इंटर्नमेंट कैंप में बंदी बना लिया गया था। जहां उन्होंने अपने साथी बंदियों को अपनी व्यायाम प्रणाली सिखाई और अस्पताल के बिस्तरों पर स्प्रिंग्स जोड़कर बिस्तर पर लेटे हुए मरीजों के लिए व्यायाम की व्यवस्था की। युद्ध के बाद, जोसेफ पिलाटेस न्यूयोर्क शहर चले गए। जहां उन्होंने 1920 के दशक में पहला पिलाटेस स्टूडियो खोला। यहां उन्होंने अपनी प्रणाली को और विकसित किया और कई प्रसिद्ध नर्तकों और कंपनियों को प्रशिक्षित किया और कुछ इस प्रकार पिलाटेस की शुरुआत जोसेफ पिलाटेस द्वारा 20वीं सदी की शुरुवात में की गई थी जो समय के साथ विकसित होकर आज एक लोकप्रिय व्यायाम प्रणाली बन गई है।

डॉ शुभालक्ष्मी ने बताया कि पिलाटेस से होनेवाले फायदे को बताते हुए कहा कि यह पोस्चर ठीक करता है और तनाव को कम करता है। वहीं शारीरिक एवं मानसिक ताकत के साथ मांसपेशियों की ताकत और टोन में वृद्धि करता है। साथ ही बेहतर शारीरिक समन्वय और संतुलन, मस्कुलोस्केलेटल चोटों की रोकथाम, बेहतर एकाग्रता, ब्रेस्ट कैंसर रिहैबिलिटेशन, प्री-नेटल एंड पोस्ट-नेटल पिलाटेस, फेफड़ों एवं हृदय स्वास्थ्य में सुधार एवं क्षमता बढ़ाने के साथ चोट से उबरने में मदद करता हैं।

संस्थान के शुभारंभ के मौके पर आदित्य मल्होत्रा, डॉ प्रवीन कुमार श्रीवास्तव, डॉ रजनीश कुमार, डॉ राहुल सिन्हा, के साथ साथ डॉ प्रियंका, डॉ ज्योत्स्ना, डॉ शिवानी, डॉ नेहा, डॉ आर्यन, डॉ अफजल के साथ साथ कई अन्य लोग मौजूद थे।

# इबीसीओ ने किया आर्किटेक्ट सम्मेलन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




रांची। इबीसीओ द्वारा चाणक्य में गुरुवार को आर्किटेक्ट सम्मेलन का सफलपूर्वक आयोजन हुआ। इबीसीओ वित्तीय राजधानी मुंबई में स्थित एक फर्नीचर हार्डवेयर मैन्युफैक्करिंग स्वदेशी/ भारतीय कंपनी है। जो पिछले 60 दशकों से फर्नीचर हार्डवेयर के क्षेत्र में अपने 4500 उत्पादों के साथ अपनी उच्चत्तम सेवा संपूर्ण भारतवर्ष में प्रदान कर रही है।

गत 6 फरवरी 2025 को रांची स्थित चाणक्य बीएनआर में अपने सम्पूर्ण झारखण्ड के वितरक दीपांकर चौहाण (हार्डवेयर अनलिमिटेड) एवं कंपनी के प्रतिनिधि सच्चिदानन्द मिश्रा के दिशानिर्देश में सम्पूर्ण राज्य के प्रमुख युवा आर्किटेक्टों की सफलतापूर्वक बैठक कराई गयी। जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय मूल की कंपनियों को आगे बढ़ाना और मेक इन इंडिया के अंतर्गत राष्ट्रनिर्माण में अपना योगदान देना था। कंपनी ने अपने स्वदेशी निर्मित्त अत्त्याधुनिक उत्पादों का विवरण सभी के साथ साझा किया और अपने मुख्य खण्डों से अवगत कराया जिसमें जनरल हार्डवेयर, ड्रावर स्लाइड - हिंजेस, जॉयनरी फिटिंग - स्क्रू, फर्नीचर लॉक्स, वार्डरोब - बेडफीटिंग, किचन हार्डवेयर - अक्सेसरीज, एल्युमीनियम प्रोफाइल-हैंडल, फर्नीचर लाइट - एलईडी, विंडो - ग्लास हार्डवेयर, रिटेल डिस्प्ले एवं ऑफिस फर्नीचर हार्डवेयर जैसे मुख्य खण्डों को दिखाया. जिसमे प्रत्येक खंड में विभिन्न प्रकार के उत्पादों को प्रदर्शित किया।

**खबर एक नजर में**

## दिल्ली से बच्चा चुराकर लाने की आशंका



ओरमांझी। थाना क्षेत्र के पांचा में दो वर्ष के एक बच्चे को दिल्ली से लाया गया है। स्थानीय लोगों को बच्चे को चोरी कर लाए जाने की आशंका है। गांव के सुरेंद्र पाहन पिता लाल पाहन द्वारा दिल्ली से लगभग दो वर्ष का गोरा व मासूम बच्चा लाया गया है। आसपास के लोग बच्चे को देख इसकी जानकारी लेने का प्रयास किया। बच्चे को देख स्थानीय ग्रामीण आशंका जता रहे है कि बच्चे को बिक्री करने के लिए दिल्ली से चुरा कर लाया गया है। वहीं बच्चे के संबंध में सुरेंद्र पाहन से पूछताछ करने पर अलग-अलग जानकारी दी जा रही है। कभी खरिद कर लाने की, कभी दिल्ली में रहने वाली उसकी चाची चंदा देवी द्वारा बच्चा लाकर देने की बता कही जा रही है। उसने बताया बच्चे का पिता नही है। मां तीन छोटे-छोटे बच्चे को पालने में असमर्थ है, इस लिए एक बच्चे को पालने के लिए दिया गया है। सुरेंद्र पाहन के अनुसार बच्चे का नाम सूर्यास कुमार है। जब बच्चा एक-दो माह का था तभी उसे लाया गया है। वहीं बस्ती के लोगों के अनुसार उस बच्चे को पहले कभी नही देखा गया है। फिलहाल बच्चे को कहीं और भेज दिया गया है। सुरेंद्र पाहन ने बताया ओरमांझी थाना क्षेत्र के गूंजा मंदरों में रहने वाली उसकी बहन सुषमा देवी, पति राजू मुंडा का तीन बेटी है, बेटा नही है। इस लिए बच्चे को बेटा बनकर अपने घर ले गए हैं। मामले को लेकर गांव में कई तरह की चर्चाएं हैं। इस पर जल्द ध्यान देने पर बच्चे के साथ अनहोनी होने की भी आशंका जताई जा रही है।

## आशुतोष तिवारी ने कराई अपने निजी कोष से महाकुंभ स्नान यात्रा



चान्हो। जिला परिषद सदस्य सह जन सेवी आशुतोष तिवारी के द्वारा शुक्रवार को अपने कोष से सताइस श्रद्धालु को महा कुम्भ स्नान के लिए प्रयागराज भेजा गया। प्रयागराज यात्रा में सभी श्रद्धालू का आने जाने का खर्च के साथ खाना पीना का टोटल खर्च का वहन अपने निजी कोष से करेंगे। इस अवसर पर श्री तिवारी ने कहा मै जब महाकुम्भ का स्नान किया तो मै अंतर मन से प्रफुल्लित हो गया और वहीं मेरे अंतरात्मा ने कहा मुझे वैसे लोगों को कुंभ स्नान करना है जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। और आज मैं 27 श्रद्धालुओं को कुंभ स्नान मैं भेज रहा हूं और आगे भी मेरा प्रयास जारी रहेगा। महाकुम्भ यात्रा मे जाने वाले सभी महिला, पुरुष, वृद्ध तहे दिल से श्री तिवारी का आशीर्वाद देते हुए कहा हमलोग बड़ी भाग्यशाली हैं जो महाकुम्भ स्नान का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसका सारा श्रेय तिवारी को जाता है जिन्होंने इस पुण्य कार्य मे सहयोग किया।

## जिला परिषद अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक



राहे। जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने शुक्रवार को राहे प्रखंड कार्यालय में अंचल व प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं के साथ-साथ जनकल्याणकारी योजनाओं की बारी बारी से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में पंचायत के जन प्रतिनिधियों की भूमिका अहम होती है। अतः इनके सम्मान में कोई कमी कभी भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रखंड को बेहतर बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मिलकर काम करें। प्रखंड को एक आदर्श प्रखंड एवं इनके पंचायत और गांव को आदर्श बनाने के लिए प्रखंड ने अधिकारी जन प्रतिनिधियों के साथ सहयोग करें। गांवों में पलायन एक समस्या है योजनाओं के माध्यम से रोजगार का सृजन करें ताकि पलायन को रोका जा सके। मौके पर प्रमुख लीलमनी देवी, अनगड़ा जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, राहे जिला परिषद सदस्य बादल महतो, बीडीओ अशोक कुमार, सीओ जया शंखी मुरमू, उपप्रमुख उमेश प्रसाद महतो, रंग बहादुर महतो, किरीटी महतो, धनंजय महतो, रमेश कुमार महतो डोमन मंडल, गदाधर महतो, सहित प्रखंड के सभी अधिकारी, कर्मचारी, मुखिया, पंचायत सचिव आदि मौजूद थे।

## मदर जीरामणी बीएड कालेज में खेल प्रतियोगिता



ओरमांझी। मदर जीरामणी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज गुंजा ओरमांझी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिता में कालेज के कई छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया गया। बालिका वर्ग के कब्बडी में युवतियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई, वहीं बालक वर्ग के क्रिकेट में युवाओं ने चैके-छक्के लगा अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किए। 2023-25 और 2024-26 की बालक और बालिकाओं के खेल में प्रथम वर्ष के विद्यार्थी की टीम ओवर ऑल विजयी रही। विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विजेता टीम व खिलाड़ियों को कालेज निदेशक स्वामी देवेंद्र प्रकाश द्वारा बधाई दी गई है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपप्राचार्य डॉ नजिश नाज, डॉ नीलम कुमारी, प्रोफेसर राजेश कुमार साहू, मुबारक अंसारी हरणी कुमारी, नितेश कुमार, मीरा कुमारी, शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पिरूटोला उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन

पिठोरिया। कांके प्रखंड अंतर्गत इचापीढ़ी पंचायत के उप स्वास्थ्य केंद्र का नवनिर्मित भवन का उद्घाटन के पंचायत समिति सदस्य एनुल हक तथा मुखिया लाखो उरांव के द्वारा संयुक्त रुप से विधिवत फीता काट कर किया गया इस अवसर पर C H O जया हेंब्रम A N M शीला कुमारी सहीया नीतू देवी समाज सेवी इरफान अंसारी निशी तिग्गा, रेशमा खलखो, उप मुखिया गुफरान अंसारी, इमरान अंसारी प्रतिमा तिग्गा के साथ दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सड़क जाम मामले में अंचल अधिकारी ने करायी प्राथमिकी दर्ज

मांडर। शुक्रवार को मांडर अंचल अधिकारी के द्वारा मांडर थाने में आवेदन देकर 16 नामजद छात्रों के एवं 100 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया गया है। मुर्गू पुल के समीप बने डायवर्सन में बुधवार की सुबह करीब 9:00 बजे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई थी। मृतक झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी थे। मृतकों में एक पश्चिम बंगाल के हुगली निवासी 23 वर्षीय ऐश्वर्या बशक और दूसरा पश्चिम बंगाल के ही दक्षिण 24 परगना निवासी देवदास मंडल है। ये दोनों विद्यार्थी बाइक से ब्रांबे कैंपस से कांके की चेड़ी मनातु स्थित कैंपस जा रहे थे। मुर्गू पुल के पास बने डायवर्सन में ट्रक की चपेट में आने से दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस दर्दनाक मौत से सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड के विद्यार्थी डायवर्सन में ही बैठकर सड़क को लगभग 10 घंटे तक जाम कर दिया था। मांडर अंचल अधिकारी चंचला कुमारी के समझाने बुझाने पर भी छात्र नहीं मान रहे थे । छात्रों ने उनके साथ अभद्रता दिखाते हुए धक्का मुख कर दिया था। जिससे वह घायल हो गई थी और उन्हें अस्पताल भेज दिया गया था। धक्का मुक्की की घटना के बाद प्रशासन ने लाठी चार्ज किया। इसके बाद 12:00 बजे मध्य रात्रि जाम तोड़ दिया गया।

# तेल लदा टैंकर पलटने से लगी आग पांच घंटे रांची-टाटा रोड रहा बाधित

खबर मन्त्र संवाददाता



नामकुम। थानाक्षेत्र के रांची टाटारोड पर एक तेल लदे टैंकर के पलट जाने से उसमें आग लग गयी और पूरा टैंकर जलकर राख हो गया। घटना दिन के लगभग बारह बजे की है, बताया जा रहा है कि ऑकर संख्या एनएल 01एए 9573 डीजल लेकर रांची से बुण्डू की ओर जा रहा था। उसी दौरान रायसा मोड समीप तेज गति से जा रहे टैंकर का अगला चक्का डिवाईडर से टकराया और टैंकर असंतुलित होकर पलट गयी और घिसटता हुआ लगभग एक सौ मिटर दुर तक चला गया। इस दौरान निकली चिन्गारी से टैंकर से निकले तेल में आग लग गयी, धीरे धीरे उठता धुंआ भीसण आग में बदल गया और देखते ही देखते पूरा टैंकर धूं धूं कर जलने लगा। टैंकर के जलने से आवागमन बंद हो गया और दोनो ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। घटनास्थल पर बडी संख्या में लोग जुट गए जिससे पुलिस को काफी परेशानी का सामना करना पडा।

मौके पर तीन तीन दमकल बुलाए गए पर टैंकर में लगी आग पूरा तेल खत्म हो जाने के बाद ही बुझ पाया। आग बुझने के बाद लगभग पांच बजे के बाद एक लेन में आवागमन चालु करवा दिया गया। पुलिस के अनुसार जले टैंकर को हटाने के बाद ही आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो पाएगा। हालांकि खबर लिखे जाने तक टैंकर के मालिक की ओर से अबतक थाने में कोई लिखित शिकायत नही दर्ज करायी गयी है।

**आंखो देखी**

मौके पर उपस्थित समाजसेवी सह पूर्व रामपुर मुखिया महादेव मुण्डा ने बताया कि टैंकर काफी तेज गति से जा रहा था,सडक भी ढलान थी उसी दौरान टैंकर का अगला दायां चक्का डिवाईडर से टकराया और लोड टैंकर असंतुलित होकर पलट गया। उससे निकली चिन्गारी से सडक पर गिरे तेल में आग लग गयी उस दौरान श्री, मुण्डा अपने सहयोगियों सहित घटनास्थल की ओर दौडे और पलटे टैंकर में से चालक और खलासी को निकाला उन्हे चोट लगी थी। दोनो को सडक के उसपार ले जाकर बिठाया। उसी दौरान सडक के गिरे तेल से फैली आग ने टैंकर को भी अपनी चपेट में लिया और आग ने भीसण रूप ले लिया।

# प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सीएचडी रथ को दिखायी हरी झंडी

- बच्चों के हृदय रोग की हो रही जांच
- पहले दिन 593 बच्चों की स्क्रीनिंग



रथ को हरी झंडी दिखाते डॉ कश्यप।

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार कश्यप ने श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल व कोल इंडिया लिमिटेड की मदद से प्रखंड के चिन्हित स्कूलों में सीएचडी स्क्रीनिंग डाइग्नोस्टिक एंड ट्रीटमेंट रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें सवार टीम रातू व नगड़ी के 25 स्कूल और संबंधित क्षेत्र की आंगनबाड़ी के बच्चों का स्क्रीनिंग करेगी। इसमें 0 से 15 आयु वर्ग के बच्चों का निःशुल्क हृदय रोग की जांच की जायेगी। इसके पहले दिन 9 स्थानों में 593 बच्चों की स्क्रीनिंग की गयी। इसमें 1 साल के बच्चे को हृदय रोग से पीड़ित पाया गया।

**कार्यक्रम में थे शामिल**

डॉ सुजीत कश्यप समेत डॉ प्रीति, डॉ मधुरिमा, बीपीएम वैशाली कृष्णा, बीएएम अभिषेक तिवारी, अमित कुमार, प्रभात रंजन, प्रवीण कुमार, राजीव रंजन, विद्यासागर व अन्य स्वास्थ्य कर्मी आदि। डॉ कश्यप ने पत्रकारों को बताया कि 12 फरवरी को दिन के 10 से 3 बजे तक सीएचसी में 0 से 15 आयु वर्ग के बच्चों की निःशुल्क स्क्रीनिंग होगी। उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों से इसका लाभ उठाने की अपील की है।

## टोल प्लाजा दुर्घटना के आश्रितों को मिली मुआवजे की राशि

खबर मन्त्र संवाददाता



आश्रितों को मुआवजे की राशि प्रदान करते बंधु तिर्की।

इटकी। इटकी प्रखंड कार्यलय में पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के अगुवाई में व बीडीओ प्रवीण कुमार की उपस्थिति में टोल प्लाजा में हुई दुर्घटना के दोनों मृतका बंधनी व दशमी उराइन के परिजनों को शुक्रवार को एनएचआई के द्वारा नकद 50-50 हजार रुपए राशि प्रदान किया गया। बाकी के 14.5 लाख रुपये का भुगतान एक सप्ताह के अंदर करने की बात कही गई। वहीं घायलों के इलाज के लिए गुरुवार व शुक्रवार को दो किस्तों में सहायता राशि का भुगतान किया गया। इसमें घायल किशन कुमार के परिजन को दो किस्तों में कुल पांच लाख, मंगरा उरांव के परिजन को दो लाख, बसंती केरकेट्टा के परिजन को अब तक देढ़ लाख रुपये प्रदान किया गये हैं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी किया स्वागत



बेड़ो। भारतीय जनता पार्टी बेड़ो मंडल के द्वारा अध्यक्ष बलराम सिंह के नेतृत्व में भाजपा मंडल के कार्यकताओं ने शुक्रवार को बेड़ो थाना के नए थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान से शिष्टाचार भेंट कर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर राजीव रंजन अधिकारी,नीरज कुजूर, गणेश महथा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वक्फ बोर्ड संसोधन बिल के खिलाफ महासम्मेलन स्थगित

इटकी। मुस्लिम अधिकार मंच के बैनर तले वक्फ बोर्ड संसोधन बिल के खिलाफ इटकी में 9 फरवरी को होने वाला महासम्मेलन स्थगित कर दिया गया है। मंच के केंद्रीय अध्यक्ष अफसर इमाम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि महासम्मेलन के मुख्य अतिथि एआईएमआईएम के बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी थे जो दिल्ली चुनाव व संसद का सत्र को लेकर महासम्मेलन में भाग नही ले सकते इस लिये 9 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम को स्थगित किया गया है। श्री इमाम ने बताया कि सांसद असदुद्दीन ओवैसी का समय मिलते ही अगली तिथि की घोषण जल्द की जायेगी।

# बेड़ो पुलिस ने अफीम की खेती को किया नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



खेती को नष्ट करते थाना प्रभारी।

बेड़ो। अफीम तस्करों के खिलाफ लगातार रांची पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को गुप्त सूचना मिलने पर बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने सदल बल केनाभिठा सरनाटोली गांव में छापामारी अभियान चलाया। साथ ही पुलिस द्वारा दो जगहों 15 कट्ठा व 5 कट्ठा पर लगे अफीम की खेती को नष्ट किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान ने बताया कि दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं अफीम तस्करों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साथ अफीम की खेती को नष्ट किया जा रहा है। इसी क्रम में गुलाबी व सफेद फूलों से भरे लहलहाते अफीम की फसल को ट्रैक्टर के सहारे जुताई कर तथा लाठी-डंडों से तोड़कर व रौंदकर नष्ट किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी सूरत में अफीम सहित अन्य अवैध कारोबार को फलने- फूलने नहीं दिया जाएगा। जहां- जहां अफीम की खेती होने की सूचना प्राप्त होगी। वैसे जगहों पर अफीम के खेतों को नष्ट कर दिया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान खुद अपने अफीम की खेती को नष्ट करें, अन्यथा पुलिस द्वारा अफीम खेती को नष्ट कर कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा जाएगा। इस अभियान में एसआई अनिल टोप्पो, एसआई नंदु पैरा समेत सशस्त्र पुलिस बल के जवान व चौकीदार आदि मौजूद थे।

# डीएवी खलारी के शिक्षकों ने अभिभावकों से मिल राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समझाया



खलारी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत डीएवी स्कूल खलारी के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार समेत शिक्षकों ने चुरी क्षेत्र में शुक्रवार को भ्रमण करके अभिभावकों से मुलाकात की। प्राचार्य महोदय ने परिचर्चा में विद्यालय में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत हो रहे नामांकन और पाठ्यचर्या के बारे में अभिभावकों को विस्तार से समझाया। प्राचार्य ने अभिभावकों को बताया कि हमारे यहाँ ईईडीपी अर्थात बाल वाटिका-1 से कक्षा दूसरी तक सभी कक्षा के कक्षों को विशेष रूप से एन ई पी- 2020 के अनुसार रूपांतरित किया है और नन्हे मुन्ने बाल गोपाल को पढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षित शिक्षिकाओं की नियुक्ति की है। प्राचार्य ने विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य क्षेत्रों में हमारे बच्चों के प्रदर्शन के बारे में अभिभावकों को बताया। साथ ही उनकी समस्याओं के बारे में भी जाना। उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय में हो रही पढ़ाई और विद्यालय की आधारभूत संरचना में किए जाने वाले सुधारों के प्रति खुशी व्यक्त की। उन्होंने प्राचार्य महोदय को विद्यालय के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया।

# राष्ट्रीय खेल में मनीषा और माधव की जोड़ी ने जीता रजत



खबर मन्त्र संवाददाता


सिल्ली। 38 वीं राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में आयोजित हुआ जिसमें जोन्हा की तीरंदाज मनीषा कुमारी और माधव बिरवा की जोड़ी ने मिक्स टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता एवं फाइनल में झारखंड बनाम महाराष्ट्र के बीच मैच खेला गया जिसमें झारखंड मिक्स टीम ने रजत पदक अपने नाम किया। इससे पहले जोन्हा की ही दीप्ति कुमारी भी दो बार नेशनल गेम्स में रजत पदक जीत चुकी है। मनीषा जोन्हा की दूसरी तीरंदाजी है जिसने नेशनल गेम्स में रजत पदक जीता है। वह अभी इंडियन राउंड में उभरती हुई तीरंदाज है जो लगातार नेशनल प्रतियोगिताओ में खेल रही है साथ ही झारखंड के लिये हर टूनार्मेंट में पदक जीत रही है। मनीषा के माता-पिता हमेशा उनको सपोर्ट करते है। इस उपलब्धि पर रांची जिला तीरंदाजी संघ व बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो, अध्यक्षा नेहा महतो, सचिव चंचल भट्टाचार्य, अंतरराष्ट्रीय कोच रोहित कोइरी, शिशिर महतो, प्रकाश राम, कोच रोहित कुमार ने बधाईयां दी।

## नेहरू युवा केंद्र खेल प्रतियोगित का आयोजन

# गांव की बेटियों ने भी खेल में दिखया दम



विजेता टीम की खिलाड़ी अतिथियों के साथ।



प्रतियोगिता में दौड़ लगाती गांव की बेटियां।

ओरमांझी। नेहरू युवा केंद्र राची के तत्वधान में प्रखंड स्तरीय युवा मंडल खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को खेल मैदान बरतुआ ओरमांझी में हुआ। जेएसएफ क्लब बरतुआ द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के कबड्डी, 200 मी दौड़ व स्किपींग सहित विभिनन खेलों का आयोजन हुआ। दौड़ प्रतियोगित में गांव की बेटियों ने जमकर दौड़ लगाई। प्रतियोगिता के विजेता स्किपींग में प्रथम अंजली कुमारी, द्वितीय भारती कुमारी व तृतीय प्रतिज्ञा कुमारी रही। 200 मी दौड़ में प्रथम भारती कुमारी, द्वितीय बिमला कुमारी व तृतीय प्रतिज्ञा कुमारी रही। वहीं गणेशपुर एंव बरतुआ के बीच हुए कबड्डी में गणेशपुर की टीम ने 14-11 अंक के अंतर से विजयी रही। सभी विजेताओं के साथ विजेता व उपविजेता टीमों को जर्सी, फुटबॉल, बैडमिंटन, स्किपींग व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि समाज सेवी सह जयडीहा पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद बेदिया द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रवेश भोगता, ग्रामप्रधान शंकर करमाली, अजय करमाली, रमेश कुमार महतो अमित पाहन, अरविंद करमाली, दिपक करमाली, पिन्टू गंझू, लक्की करमाली, चांदो कुमारी, ममता कुमारी, यशोदा कुमारी, सीमा कुमारी सहित ग्रामीण उपस्थित थें।

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

**RC/781/2019**

**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED**

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

**BANK OF INDIA**
Versus
**ASHISH KUMAR SAHU**

To
(CD1)ASHISH KUMAR SAHU

Also At
S/O HARDEV PRASAD SAHU, R/O
VILLAGE - GARILONG, P.O. GARILONG
PS TANDWA, DISTRICT - CHATRA - 825321

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/159/2019** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 1644496.00 (Rupees Sixteen Lakhs Forty Four Thousands Four Hundred Ninety Six Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **16/05/2025** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **03/02/2025.**

**Recovery Officer**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI**

झारखण्ड सरकार
**राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)
**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

पंडरा (NH75 पर)–कांके (होलिडे होम SH-02 पर) पथ (कुल लंबाई 5.545 कि०मी०) के चार लेन में पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) परियोजना।

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–चंदवे, थाना–राँची, थाना संख्या–190, अंचल–काँके, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा–पंडरा (NH75 पर)–कांके (होलिडे होम SH-02 पर) पथ (कुल लंबाई 5.545 कि०मी०) के चार लेन में पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–चंदवे, थाना–राँची, थाना संख्या–190, अंचल–काँके, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–8.904 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**मौजा–चंदवे**

| क्र० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उ० | द० | पू० | प० |
| 1 | 61 | 105 | टांड़ दो | 0.133 | बकास्त भुईहरी | 104 | 140 | 106 | 141 |
| 2 | 34 | 106 | टांड़ दो | 0.689 | डुमस उरांव, वल्द कोका उरांव वगै० | 103 | 107 | 482 | 105 |
| 3 | 58 | 90 | टांड़ दो | 0.393 | बंधना उरांव वल्द डीबरु उरांव, जाति उरांव, व बंधना उरांव वल्द डीबरु वगै० | 94 | 88 | 89 | 92 |
| 4 | 34 | 179 | टांड़ दो | 0.526 | डुमस उरांव, वल्द कोका उरांव, जाति उरांव वगै० | 180 | 178 | 181 | 242 |
| 5 | 43 | 201 | दोन दो | 0.065 | शौवना उरांव वल्द मांगा उरांव | 200 | 242 | 242 | 202 |
| 6 | - | 96 | - | 0.101 | अज्ञात | 570 | 87 | 104 | 89 |
| 7 | 61 | 41 | टांड़ दो | 0.017 | बकास्त भुईहरी | 35 | 43 | 42 | 182 |
| 8 | 54 | 42 | टांड़ दो | 0.007 | बकास्त भुईहरी | 35 | 47 | 48 | 41 |
| 9 | 54 | 43 | टांड़ दो | 0.730 | बकास्त भुईहरी | 41 | 45 | 46 | 181 |
| 10 | 67 | 46 | - | 0.269 | बकास्त | 49 | 83 | 81 | 47 |
| 11 | 54 | 47 | टांड़ दो | 0.044 | बकास्त भुईहरी | 48 | 43 | 46 | 42 |
| 12 | 61 | 81 | - | 0.053 | बकास्त भुईहरी | 80 | 83 | 82 | 46 |
| 13 | 54 | 83 | टांड़ दो | 0.454 | बकास्त भुईहरी | 81 | 85 | 84 | 45 |
| 14 | 64 | 88 | - | 0.025 | बकास्त | 89 | 87 | 96 | 91 |
| 15 | 54 | 89 | टांड़ दो | 0.395 | बकास्त भुईहरी | 95 | 88 | 96 | 90 |
| 16 | 61 | 92 | टांड़ दो | 0.205 | बकास्त भुईहरी | 93 | 91 | 90 | 83 |
| 17 | 54 | 93 | टांड़ दो | 0.492 | बकास्त भुईहरी | 94 | 92 | 90 | 84 |
| 18 | 67 | 102 | – | 0.066 | बकास्त | 100 | 103 | सीमाना | 104 |
| 19 | 64 | 103 | – | 0.431 | बकास्त | 102 | 106 | सीमाना | 104 |
| 20 | 54 | 104 | टांड़ दो | 0.325 | बकास्त भुईहरी | 97 | 105 | 102 | 96 |
| 21 | – | 178 | – | 0.029 | अज्ञात | 179 | 17 | रास्ता | 242 |
| 22 | 61 | 180 | टांड़ दो | 0.064 | बकास्त भुईहरी | 182 | 179 | 182 | 242 |
| 23 | 64 | 204 | – | 0.312 | बकास्त | 203 | 242 | 242 | 205 |
| 24 | 67 | 205 | – | 0.432 | बकास्त | 206 | 241 | 204 | 224 |
| 25 | 54 | 224 | टांड़ दो | 0.338 | बकास्त भुईहरी | 223 | 241 | 205 | 225 |
| 26 | 54 | 225 | दोन तीन | 0.712 | बकास्त भुईहरी | 218 | 229 | 241 | 226 |
| 27 | 39 | 242 | दोन दो | 0.777 | सुकरा मुन्डा वल्द गुनदुरा मुन्डा वगै० | 180 | 179 | 179 | 201 |
| 28 | – | 226 | – | 0.041 | अज्ञात | सीमाना | 228 | 225 | सीमाना |
| 29 | – | 227 | – | 0.033 | अज्ञात | 229 | 228 | 225 | 226 |
| 30 | – | 228 | – | 0.265 | अज्ञात | 226 | 230 | 229 | सीमाना |
| 31 | – | 229 | – | 0.037 | अज्ञात | 225 | 230 | 241 | 228 |
| 32 | – | 241 | – | 0.308 | अज्ञात | 224 | 240 | 243 | 229 |
| 33 | 59 | 84 | परती कदीम | 0.075 | गैरमजरुआ मालीक | 82 | 92 | 93 | 83 |
| 34 | 52 | 482 | परती नाली | 0.061 | गैरमजरुआ मालीक | – | – | – | – |
| | | | Total | 8.904 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा–उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 346032 Land Reforms(24-25)D

उपायुक्त,राँची

# जी-20 का बहिष्कार

अमेरिका ने आगामी जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक से खुद को अलग कर लिया है। इसकी वजह दक्षिण अफ्रीका से अमेरिका का तनाव है। अमेरिका ने जी20 की बैठक में ना जाने की वजह दक्षिण अफ्रीका के नए भूमि अधिग्रहण कानून और कथित अमेरिका विरोधी रुख को बताया है।अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बुधवार देर रात सोशल मीडिया पर घोषणा की है कि वह 20-21 फरवरी को जोहानिसबर्ग में होने वाली बैठक में शामिल नहीं होंगे। अपनी पोस्ट में रुबियो ने दक्षिण अफ्रीका पर बहुत गलत काम करने का आरोप लगाया, जिसमें निजी संपत्ति का अधिग्रहण और जी20 मंच का उपयोग विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) नीतियों और जलवायु-केंद्रित एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए करना शामिल है। अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच यह एक कूटनीतिक दरार को दिखाता है, क्योंकि फिलहाल दक्षिण अफ्रीका जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। इस फैसले के कारण रुबियो अपने कई वैश्विक समकक्षों से मिलने का मौका भी खो देंगे, जिनमें रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी शामिल हैं। इस विवाद के केंद्र में दक्षिण अफ्रीका का नया भूमि अधिग्रहण अधिनियम 13, 2024 है, जो सार्वजनिक हित में मानी जाने वाली भूमि को बिना मुआवजे के अधिग्रहण की अनुमति देता है। यह कानून पिछले महीने पारित किया गया था और इसका उद्देश्य रंगभेदी शासन (अपार्थाइड) के दौरान पैदा हुई असमानताओं को दूर करना है। दक्षिण अफ्रीकी सरकार का कहना है कि अधिग्रहण कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करेगा और मनमाने ढंग से लागू नहीं किया जाएगा, लेकिन इस कानून को अमेरिका के रूढ़िवादी हलकों, विशेष रूप से पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप, की ओर से कड़ी आलोचना झेलनी पड़ी है। इसका वैश्विक प्रभाव नकरात्मक ही होगा।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पहुंचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

# देश के विकास में बढ़ती युवा महिलाओं की भागीदारी

**पिछले** एक दशक में युवा भारतीय महिलाओं की आकांक्षाओं में एक परिवर्तनकारी बदलाव देखा गया है, जो उनकी बढ़ती स्वायत्तता, शिक्षा और कार्यबल में भागीदारी को दशार्ता है। यह विकास भारत के सामाजिक परिदृश्य को महत्त्वपूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित कर रहा है। उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कियों की अब लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धि है, जिसमें 50% से अधिक युवा महिलाएँ कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26% कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) उच्च शिक्षा में महिलाओं के बढ़ते नामांकन पर प्रकाश डालता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3% तक पहुँच गया है। युवा महिलाएँ विभिन्न कैरियर पथों और डिजिटल कौशल प्लेटफॉर्म तक पहुँच से प्रभावित होकर पेशेवर महत्त्वाकांक्षाओं को तेजी से प्राथमिकता दे रही हैं। स्किल इंडिया मिशन और स्टेम फॉर गर्ल्स इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है।

विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52% महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42% थी। कई युवा महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है। उदाहरण के लिए: नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10,000 से अधिक महिला उद्यमियों के नेटवर्क को बढ़ावा दिया है। युवा महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में बढ़ती भागीदारी के साथ राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूह सदस्यता 2012 में 10% से बढ़कर 2022 में 18% हो गई। ये आकांक्षाएँ पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और मानदंडों को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएँ करियर बना रही हैं, घरों में पारंपरिक लैंगिक अपेक्षाएँ बदल रही हैं।

मनरेगा पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन प्रदान करता है, जो ग्रामीण घरेलू गतिशीलता को प्रभावित करता है। अधिक शिक्षा और आय के साथ, युवा महिलाओं का अब परिवार के वित्तीय और सामाजिक निर्णयों में अधिक प्रभाव है। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को सामूहिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। बाद में विवाह करने और साथी चुनने में सक्रिय भागीदारी की ओर बदलाव ने अरेंज मैरिज की पारंपरिक संरचना को चुनौती दी है। बाल विवाह में कमी और बाद में विवाह करने को प्राथमिकता देने की रिपोर्ट करता है। बढ़ती स्वतंत्रता ने सामाजिक प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए शिक्षा या काम के लिए महिलाओं की अकेले यात्रा को सामान्य बना दिया है। 2012 में 42% की तुलना में अब 54% महिलाएँ बस या ट्रेन से अकेले यात्रा करने में सहज महसूस करती हैं। युवा महिलाएँ पेशेवर सेटिंग्स में लैंगिक समानता के बारे में तेजी से मुखर हो रही हैं, कानूनी और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दे रही हैं। पोष अधिनियम (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम), 2013 ने महिलाओं को कार्यस्थल के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने के लिए सशक्त बनाया है। स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएँ शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है। भारतीय महिलाएँ ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएँ न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएँ मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बडे. उदाहरण स्थापित किए हैं।





- प्रियंका

> विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52 प्रतिशत महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42 प्रतिशत थी। कई युवा महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है।

2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान जगह बनाने के लिए भारत सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ चला है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण करना सतत विकास लक्ष्यों में एक प्रमुखता है। वर्तमान में प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है।

महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति है। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से महिलाएँ न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी योगदान दे रही हैं। सरकार के निरन्तर लगातार आर्थिक सहयोग से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में उनकी भागीदारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पिछले 6-7 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों का अभियान और तेज हुआ है। आज देश भर में 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं। महिलाओं के पराक्रम को समझने की जरूरत है, जो हमें महिमा की अधिक ऊंचाइयों तक पहुँचाएगी। आइए हम उन्हें आगे बढ़ने और फलने-फूलने में मदद करें। महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए 'अमृत काल' इन्हें समर्पित हो।

युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएँ भारत के सामाजिक ताने-बाने को उत्तरोत्तर रूप से परिभाषित कर रही हैं, एक ऐसे समाज को बढ़ावा दे रही हैं जहाँ लैंगिक समानता और महिलाओं की एजेंसी आदर्श बन गई है। सहायक नीतियों को सुनिश्चित करने से इस बदलाव में तेजी आ सकती है, जिससे समावेशी और सशक्त भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### समाज की हालत

**विभिन्न** राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावने वादे और मुफ्त की सुविधाएं बांट रहे हैं, जो वास्तविकता में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। उनका सुझाव है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों को अयोग्य घोषित करना चाहिए, जो अपने घोषणा पत्र की बुनियादी बातें पूरी नहीं करतीं। मुफ्त सुविधाएं अंततः उनके ही टैक्स से आती हैं। अगर सरकार सही तरीके से शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि की समस्याओं का समाधान तो समाज में वास्तविक सुधार संभव है।

**-बृजमोहन ओझा, रांची**

### अपराध की राह

**आजकल** बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से गन कल्चर से प्रभावित होकर नकली हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं, हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए। अगर वे लापरवाह रहे तो भारत को अमेरिका बनते देर नहीं लगेगी। **- प्रकाश सिंह, रांची**

## ट्वीट

**विवाह** के वर्षगांठ के अवसर पर असम में विश्व प्रसिद्ध प्राचीन माँ कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की। मां कामाख्या सभी को सुखी, समृद्ध और स्वस्थ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूँ। जय मां कामाख्या!!

जय जय मां कामाख्या!!

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। वे एक अनन्य रामभक्त थे, जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में बहुमूल्य योगदान दिया। दलित पृष्ठभूमि से आने वाले कामेश्वर जी समाज के वंचित समुदायों के कल्याण के कार्यों के लिए भी हमेशा याद किए जाएंगे।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# अब कनाड़ा में खालिस्तान बनने की प्रक्रिया शुरू

**अशोक मधुप**

## सामयिक

पियरे ट्रूडो के पद छोड़ने के ठीक एक साल बाद तलविंदर परमार ने जून 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 (कनिष्क) में बम विस्फोट की साजिश की। इसमें विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। हालांकि मरने वालों मे अधिकतर कनाडा के ही नागरिक थे।

अभी कुछ माह पूर्व 25 मई को हमने अपने लेख में कहा था कि कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधि को भारत नजर अंदाज करता रहे। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को खालिस्तानियों का समर्थन करने दे, जल?दी ही खालिस्तान कनाडा में बने। भारत में नही। ऐसा होता अब नजर आने लगा है। खालिस्तानी वहां मांग करने लगे हैं कि कनाडा हमारा है। बाकी दुनिया भर के लोग अपने-अपने देश वापस जाएं।

कनाडा में निकाले गए एक ह्यनगर कीर्तन के दो मिनट के वायरल वीडियो में खालिस्तान समर्थकों ने कनाडाई लोगों को घुसपैठिया कहा। उन्हें इंग्लैंड और यूरोप वापस जाने के लिए कहा। वीडियो में जुलूस में शामिल लोगों को यह कहते हुए सुना जा सकता है। यह कनाडा है, हमारा अपना देश। तुम कनाडाई वापस जाओ। भारतीय खुफिया सूत्रों ने इस घटना को कनाडा में नॉर्मल करार दिया। कहा कि खालिस्तानी धीरे-धीरे देश के सभी पहलुओं पर कब्जा कर रहे हैं। ठीक से निगरानी न होने की वजह से ये खालिस्तानी समूह स्थानीय कनाडाई लोगों से भी नियंत्रण छीन रहे हैं। हिंदुओं से सुरक्षा के लिए पैसे मांगे जा रहे हैं और अब उनकी कॉलोनियों में स्थानीय लोगों को खतरा हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत में खालिस्तान बनाने की मांग करने वाले अतिवादियों पर सत्ता संभालने के बाद से पूरी तरह मेहरबान है। भारत द्वारा इन अतिवादियों के बारे में दी गई जानकारी पर वे कुछ कार्रवाई नहीं कर रहे, अपितु भारत पर ही आरोप लगा रहे हैं कि भारत से फरार अपराधी खालिस्तानी अतिवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में उसके राजनयिक का हाथ है। हमने पहले लेख में कहा था भारत को चाहिए कि यह कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को भारत के खालिस्तान का समर्थन करने वाले अतिवादियों का समर्थन करने दें। कुछ समय ऐसा ही चलने दें। हां सार्वजनिक रूप से भारत उसे चेतावनी देने का सिलसिला जारी रखें। अपने यहां खालिस्तान समर्थकों पर सख्ती रखें। कुछ समय ऐसा ही चलता रहा तो यह निश्चित है कि अब खालिस्तान भारत में नही कनाडा में बनेगा। कनाडा की धरती पर बनेगा। हमारा पहला कथन अब सही होता दीखने लगा है। कुछ समय ऐसा ही होता रहा तो ये खालिस्तान समर्थक कनाडा के लिए ही सिर दर्द बनेंगे। कनाडा. ने सख्ती की तो ये उसके खिलाफ विद्रोह पर उतर आएंगे। आज जो कनाड़ा कर रहा है, कभी वही भारत के कुछ नेताओं ने किया था। वह पंजाब में खालिस्तान की बढ़ती गतिविधियों को नजर अंदाज करते रहे। परिणाम स्वरूप पंजाब में रहने वाले हिंदुओं को पंजाब छोड़ने के लिए कहा जाने लगा। उन पर हमले होने शुरू हो गए। सिख आंतकवाद पंजाब में ही नही बढ़ा, अपितु उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र को भी उसने अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। इस दौरान पंजाब में धार्मिक नेता भिंडरावाला तेजी से लोकप्रिय हुए। कहा जाता है कि राजनैतिक लाभ के लिए केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उसे प्रश्य देना शुरू कर दिया। हालत यह हुई कि वहीं भिंडरावाला कांग्रेस के लिए भस्मासुर साबित हुआ। उसने स्वर्ण मंदिर में डेरा जमा लिया। मजबूरन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भिंडरावाला को स्वर्ण मंदिर से निकालने के लिए फौज का सहारा लेना पड़ा। बाद में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी केही दो सिख सुरक्षा गार्ड ने उनकी हत्या कर दी।

आज जो कनाडा में हो रहा है, वह 40 साल से खालिस्तान समर्थकों को पोषित किए जाने का परिणाम है। कनाडा में खालिस्तान समर्थक आंदोलन पिछली सदी के आठवें दशक में शुरू हो गया था। पियरे ट्रूडो के प्रधानमंत्री बनने के बाद इसकी जड़ें गहरी हुईं। उनके कार्यकाल के दौरान ही तलविंदर परमार भारत में चार पुलिसकर्मियों की हत्या करने के बाद कनाडा भाग गया था।

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जून 1973 में कनाडा की यात्रा की थी और पियरे ट्रूडो के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध सौहार्दपूर्ण थे। लेकिन, पियरे ट्रूडो ने 1982 में तलविंदर परमार को भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध ठुकरा दिया। इसके लिए बहाना बनाया गया कि भारत का रुख महारानी के प्रति पर्याप्त रूप से सम्मानजनक नहीं है। पियरे ट्रूडो के पद छोड़ने के ठीक एक साल बाद तलविंदर परमार ने जून 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 (कनिष्क) में बम विस्फोट की साजिश की। इसमें विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। हालांकि मरने वालों मे अधिकतर कनाडा के ही नागरिक

# को कह सकत प्रयाग प्रभाउ- यह आस्था का महाकुंभ है अद्वितीय, अव्यक्त

**एनके मुरलीधर**

## महाकुंभ

144 साल बाद ग्रहों का सकरात्मक मिलन और उसके प्रभाव से सुनिश्चित दिन का मिलान की गणना के बाद सनातन की आस्था का सबसे बड़ा पर्व है महाकुंभ। इसे सहज भाव से समझना कठिन है। मानस में तुलसीदास ने प्रयाग की महिमा का बखान करते हुए कहा है कि **कौ कह सकत प्रयाग प्रवाउ।**

प्रयाग इन दिनों एक शहर मात्र नहीं है यह सकरात्मक चिंतन का कोष है जिसमें गंगा-यमुना और सरस्वती का निर्मल जल मिला है। बिना प्रयाग गये इस वैभव को समझना सहज नहीं है। श्री कृष्ण कहते है कि नदियों में मैं गंगा हूं। इस व्यापक दर्शन का अहसास इस महाकुंभ में हो रहा है। भीड़ से डरे, और दुर्घटनाओं से सहमें लोगों का आयोजन नहीं है। सनातन का भाव जन्म और मृत्यु के बाद मुक्ति और मोझ का है। जहां विज्ञान समाप्त होता है वहा से महाकुंभ का विज्ञान आंरभ होता है।

**इसकी व्यापकता को लेकर विहिप के केशवराजू जी बताते हैं कि**

` प्रतिभागियों की संख्या 110 विश्व कप फुटबॉल आयोजनों के बराबरः कुंभ मेला दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन है जिसमें प्रतिभागियों की संख्या सबसे अधिक है।`

45 दिनों के इस महोत्सव में 40 करोड़ से 45 करोड़ आने की उम्मीद हैः (जानकारी है कि 22 जनवरी को 10 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु अमृत स्नान कर चुके हैं।)

एक लाख 60 हजार से ज्यादा टेंट (टेंट सिटी)।

पहली अस्थायी 'बुलेट प्रूफ डेमो सिटी' संरचना।1,45,000 शौचालय। सफाई के लिए 4,50,000 अस्थायी कर्मचारियों की भर्ती। (उनके परिवारों सहित सभी के लिए रहने का आवास एवं भोजन की व्यवस्था)

तीन महीने तक अपने बच्चों के लिए स्कूल और कॉलेज यही होते हैं..

कचरा हटाने के लिए 120 कचरा डिस्पोजेबल ट्रक।उन्नत हथियारों के साथ 49 हजार से अधिक सुरक्षा बल (35,000 पुलिस + 14 हजार होम गार्ड + अन्य विभाग।)। पांच वज्र वाहन।

प्त 2,700 एआई/अक (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) कैमरे

113 पानी के नीचे ड्रोन।

4 एंटी सेबोटेज टीमें चौबीसों घंटे गश्त करती हैं। 7,750 बसों वाले सात बस स्टैंड। 14 नए फ्लाई ओवर और अंडर पैसेज। 67 हजार स्ट्रीट लाइटें।

प्तपेयजल की निर्बाध आपूर्ति

हर दिन औसतन 100 लाख से अधिक (एक करोड़ से अधिक लोगों) के लिए भोजन की व्यवस्था के लिए सब्जियों और गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति।

दस हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का आवंटन - सरकारी अधिकारियों का अनुमान है कि 2 लाख करोड़ रुपए का सरकारी राजस्व आएगा। जहां कुंभ मेला लगता है उसके आसपास के क्षेत्रों को एक अलग जिले के रूप में गठित किया गया है और एक पूरी नौकरशाही स्थापित की गई है - उत्तर प्रदेश सरकार ने इतिहास रचा है। (दुनिया में किसी ने भी इतनी संख्या में इतने दिनों तक इतना बड़ा आयोजन नहीं किया है।) और भी बहुत कुछ है...और मुनाफे का हिसाब लगाते रहो।

यह सिर्फ एक घटना यह इवेंट नहीं है...
यह है भारत की जनता का श्रद्धा,
ये है हिंदुओं की आस्था
हिंदुओं की संस्कृति।

निश्चित इतने व्यापक व्यवस्था के बाद भी चूक मानवीय भूल अधिक है व्यवस्था की कमी को नरेश ठाकुर नकारते हैं। महाकुंभ की महाव्यवस्था में मैं अरैल चौक के पास स्थित स्टे होम तक रात दस बजे पहुंचा तब भी मन में भीड़ को लेकर एक आशंका थी। लेकिन सुबह पांच बजे जब अरैल घाट तक ऑटो ने पहुंचाया तब दस किमी और 12 किमी चलने की बात शेष नहीं बची। हजार लोग ही थे घाट पर। निसाद राज के नावों का मोल भाव चल रहा था। सामने किला, लेटे हनुमान और यमुना का किनारा, चौड़ें रास्ते और अव्वल सफाई कही गंदगी का नामों निशान नहीं। एकादशी का दिन नाव से संगम तक पहुंचने के पहले चिड़ियों को दाना खिलाते लोगों को देखना, नाव से नाव का के बीच हजारों नाव से आस्था का प्रबल प्रभाव ने भय को फटकने नहीं दिया।

बड़ी सहजता से संगम पहुंच गये। लगभग 20 मिनट लगे। यमुना में भी रास्ता बना था नावों के लिये। संगम जीव का शिव से, संगम इंसान का ईश्वर से सम्मान हमारी मानवतुल्य नदियों का जिन्हें संस्कृति में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। क्या गंगा के बिना किसी भारत की कल्पना की जा सकती है? जल का भारतीय नाम ही गंगा जल है।पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने की प्रकिया है महाकुंभ। वहीं नाव जिससे निसादराज ले गये उन्होंने ही पूरा ध्यान केन्द्रीत किया और स्नान पूरा होते ही हाथ पकड़कर हिलते नावों में सबको बारी- बारी से नाव पर बिठा लिया।

मुनि भारद्धाज, बासुकीनाथ और लेटे हनुमान के साथ भगवान राम का यह प्रयाग राज और पूरी दुनिया में चर्चा में है तो यह जन-जन की आस्था है।

सन्याशी योगी'मुख्यमंत्री के साथ उनकी समर्थित टीम के कर्तव्यनिष्ठा से हर कोई प्रभावित होगा क्योंकि आज तक ऐसा आयोजन ज्ञात जगत में नहीं हुआ। लौटते समय घाट पर भारी भीड़ उमड़ी है। अरैल के इस घाट पर फलहारी बाबा का स्थायी आश्रम है वहां खिचड़ी और दलिया का प्रसाद पाने का सौभाग्य के बाद मन में लगा जैसे किसी ऐसे प्रयोजन में शामिल हुआ जिसमें न जाता मन उद्धिग्न होता।

हावर्ड यूनिवर्सिटी महाकुंभ पर रिसर्च कर रहा है। विदेशी संत सन्याशियों से आर्शिवाद ले रहें हैं।

सनातक को लेकर पूरी दुनिया के लोग चिंतन का विवश हो रहें है कि यह आस्था आखिर किन कारणों से भारतीयों के जीवन में प्रभाव बनाती है।सनातक का धर्मध्वजा है महाकुंभ अवश्य देखिए समझने का प्रयत्न भी करें।

(महाकुंभ, संगम, प्रयागराज से लौटकर)

## स्पीड न्यूज

### मुखिया ने लगाए पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप

**इचाक।** चम्यानगर नावाडीह पंचायत की मुखिया काजल देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखकर वर्तमान पंचायत सचिव सुबोध सिंह के स्थानांतरण की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सचिव के कार्यशैली से पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण असंतुष्ट हैं। मुखिया काजल देवी ने पत्र में उल्लेख किया कि पंचायत सचिव न तो नियमित रूप से पंचायत सचिवालय में उपस्थित रहते हैं और न ही पंचायत कार्यों की पारदर्शिता बनाए रखते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सचिव लाभुकों को अपने आवास पर बुलाकर कार्यों में 5 प्रतिशत कमीशन लेते हैं। इसके अलावा, उन्होंने सवाल उठाया कि जब अन्य पंचायतों में सचिवों का स्थानांतरण किया गया, तो उनके पंचायत सचिव को क्यों नहीं बदला गया। उन्होंने कहा कि पंचायत में हो रहे किसी भी कार्य की जानकारी उन्हें नहीं दी जाती, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि पंचायत का संचालन सिर्फ सचिव द्वारा किया जा रहा है, जबकि वास्तविक जिम्मेदारी पंचायत मुखिया की होती है। मुखिया ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से निवेदन किया है कि पंचायत सचिव का स्थानांतरण कर किसी नए सचिव की नियुक्ति की जाए, ताकि पंचायत कार्यालय में कार्यों का सुचारू रूप से संचालन हो सके और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

### तमन्ना की कामयाबी में किसी चीज को बाधा नहीं बनने देंगे : शेखर वर्मा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चोरधरा पंचायत के लपंगा कॉलोनी निवासी रूबी वर्मा एवं शेखर वर्मा की पुत्री तीरंदाज तमन्ना वर्मा ने सिल्वर मेडल जीतकर अपने गुरू, माता-पिता, परिजनों सहित क्षेत्रवासियों का मान बढ़ाया है। तमन्ना वर्मा की इस सफलता पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। अपनी बच्ची की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए रूबी वर्मा एवं शेखर वर्मा ने बताया कि उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल तिरंदाजी में तमन्ना ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। मालूम हो कि गुरुवार को उत्तराखंड में झारखंड की टीम का फाइनल मैच महाराष्ट्र के साथ हुआ था। इसमें झारखंड की टीम ने सिल्वर मेडल जीता। इस टीम में चोरधरा की पुत्री तमन्ना वर्मा शामिल थी। इससे पूर्व भी तमन्ना कई मेडल जीत चुकी है। बताते चलें कि तमन्ना वर्मा बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी में पिछले दो वर्षों से अभ्यास कर रही है। तमन्ना 2028 के ओलंपिक में जाने का ख्वाब संजाये हुए है। इसके लिए वो दिन-रात पसीना बहा रही है। अपनी पुत्री की कामयाबी से गदगद रूबी वर्मा और शेखर वर्मा ने कहा हमें पूरा विश्वास है कि तमन्ना अपने सपने को जरूर पूरा करेगी। उसकी कामयाबी के लिए हर संभव और सार्थक कदम उठाते रहेंगे, उसकी कामयाबी में किसी चीज को बाधा बनने नहीं देंगे। इधर तमन्ना की सफलता पर बिरसा मुंडा एकादमी के प्रेसिडेंट नेहा महतो, सुदेश महतो, विधायक रोशनलाल चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### होली से पूर्व चितरपुर को मिलेगा नए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय

**रजरप्पा।** होली से पूर्व चितरपुर प्रखंड मुख्यालय के समीप बने नए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शिक्षा की बड़ी सुविधाएं लेकर आएगी। शिक्षा सुविधाओं के नए आयाम नवनिर्मित और बहुप्रतीक्षित विद्यालय करोड़ों रुपए की खर्च से बनकर तैयार हुई हैं। इसका पिछले तीन- चार साल से बनने का इंतजार किया जा रहा था, जो 2024 वर्ष के दिसंबर तक पूरा हो गई हैं। यानी प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में पूरी तरह से ढांचागत सुविधाओं से लैस हो जाएगा। शिक्षा क्षेत्र की चितरपुर में बड़ी सुविधा होगी। इससे बालिकाओं को भी सहूलियत मिलेगी। जो होली से पूर्व विद्यालय का उद्घाटन किया जायेगा। बताते चलें कि छोटकीलारी-मुरुबंदा में गर्वमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित है। जिससे शिक्षा की दीप जलाई जा रही हैं। वही दुलमी के चामरोम में स्थापित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का पिछले माह शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन विधिवत रूप से उदघाटन कर चुके है. जहाँ पठन-पाठन कार्य शुचारु रूप से चल रही है.

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, रामगढ़ रेफर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी अंतर्गत मेन रोड स्थित हॉस्पिटल कॉलोनी शिव मंदिर के समीप शुक्रवार को करीब 11 बजे ऑटो और बाइक की टक्कर में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के लिए सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए दोनों युवकों को रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के अनसुार सयाल निवासी 24 वर्षीय आकाश कुमार पिता अरूण कुमार शर्मा और सौंदा डी निवासी 20 वर्षीय आयुष कुमार पिता लालू राम जेएच 01 ईपी 7532 नंबर की बुलेट पर सवार होकर मेन रोड के रास्ते भुरकुंडा की ओर आ रहे थें। इसी क्रम में भुरकुंडा से सौंदा डी की ओर जा रहे ऑटो से बुलेट की शिव मंदिर के निकट टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों युवकों के दाहिनें पैर में गंभीर चोट लगी है। इधर दुर्घटना के बाद ऑटो चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। दो घायलों को सीसीएल अस्तपाल भुरकुंडा में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए एम्बुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया।

### संगठन महापर्व को ले भाजपा भुरकुंडा मंडल की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** संगठन महापर्व को लेकर शुक्रवार को भुरकुंडा में भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व संचालन राजू मल्होत्रा ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिला महामंत्री सह संगठन महापर्व प्रभारी विजय जयसवाल, सह प्रभारी शैलेन्द्र कुमार उपस्थित थें। बैठक की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। बैठक में संगठन का चुनाव, सदस्यता अभियान, संगठन की मजबूती सहित कई बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान संगठन का चुनाव, बूथ अध्यक्ष का चुनाव कर चयन करवाना और बूथ का निर्माण कर मंडल का चुनाव कराकर अध्यक्ष बनाने का मार्गदर्शन अतिथियों द्वारा दिया गया। साथ ही चुनावी कार्य के लिए शक्ति केंद्र के प्रभारियों की भी घोषणा की गई। इसमें संजीव कुमार बावला, अनमोल सिंह, लक्ष्मी देवी, सुभाष दास, अखिलेश टोप्पो, बाबूलाल नायक, अभिषेक मिश्रा शामिल हैं।

# पति ने दूसरी पत्नी पर फरसा से किया वार, बाद में फांसी लगाकर किया आत्म हत्या



पति पत्नी का फाइल फोटो



घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के सेवटा रजवार टोला से एक दिल दहला देने घाटना सामने आया। जहां पति ने अपनी दूसरी पत्नी को फरसा से वार कर गंभीर रूप से घायल करने के बाद खुद फांसी लगातार आत्म हत्या कर लिया। घायल पत्नी को ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, वहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि सेवटा रजवार टोला निवासी राजू रजवार ( उम्र 60 वर्ष ) पिता स्व पुनीत रजवार ने गुस्से में आकर अचानक बर्तन धो रही अपनी दूसरी पत्नी शांति देवी ( 50 वर्ष ) को फरसा के जरिए बेरहमी से वार कर घायल कर दिया। इसके बाद आनन फानन में जहां वह रहता था वहां गया। फिर सीढ़ी लगाकर प्लास्टिक की रस्सी को पारण में बंधा, और गले में रस्सी डालकर फंदे से झूल गया। इससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि घायल शांति देवी राजू रजवार की दूसरी पत्नी है। पहली पत्नी फूलमती देवी उससे अलग रहती है।

**दिमागी हालत ठीक नहीं होने की थी चर्चा :** ग्रामीण बताते है कि राजू को पूर्व में पैरालेसिस हो गया था। इसके बाद इलाज से वह ठीक भी हो गया। लेकिन पिछले कुछ महीने से उनका दिमागी हालत ठीक नहीं था। घटना के समय करीब 11 बजे के आस पास पत्नी बर्तन धो रही थी। इस बीच राजू गया और उसके ऊपर वार कर दिया। जब शोर होने की आवाज आई तब जाकर लोग जुटे और इसकी सूचना पुलिस को दी।

**पुलिस ने खून से लथपथ पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा :** घटना की सूचना पाकर रामगढ़ डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, ओपी प्रभारी मो नौशाद, अनि आशीष गौतम, सअनि रौशन कुमार सशस्त्र बल पहुंचे। यहां से पुलिस ने पत्नी के ब्लड सेंपल, बाल के साथ घटना में प्रयुक्त किए गए फरसा को जब्त किया है। वहीं इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

### आवेदकों को शिविर में ही करेक्शन स्लिप निर्गत करने का निर्देश

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निदेर्शानुसार 8 फरवरी 2024 को जिले के सभी 6 अंचलों में दाखिल खारिज संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में शुक्रवार को अपर समाहर्ता रामगढ़ गीतांजलि कुमारी ने रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू एवं रामगढ़ अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने उपायुक्त द्वारा बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के 10 डिसमिल तक के मामलों का निष्पादन अभियान मोड में करने को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में हो रहे हैं कार्यों का जायजा लिया। अपर समाहर्ता के द्वारा शनिवार को आयोजित होने वाले शिविर के सफल आयोजन को लेकर कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को दिए गए। 08.02.2025 (शनिवार) को रामगढ़, दुलमी, चितरपुर, गोला, मांडू एवं पतरातू अंचल कार्यालय में शिविर का आयोजन होगा। इस सभी अंचलों में बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के 10 डिसमिल तक के मामलों का निष्पादन किया जायेगा।

## सार्वजनिक शौचालय पर अवैध कब्जे का मामला गरमाया

### ग्रामीणों ने प्रशिक्षु आईएएस से की कार्रवाई की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इचाक।** इचाक बाजार के ग्रामीणों ने प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बोरंगे और थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह को आवेदन देकर सार्वजनिक शौचालय पर हो रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इचाक थाना क्षेत्र के ग्राम मंडपा, पोस्ट रतनपुर के निवासी बंगाली प्रसाद मेहता, संजय मेहता और मनोज मेहता द्वारा शौचालय के मेन गेट के पास जबरन निजी अवैध निर्माण किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों और दूर-दराज से आने वाली महिलाओं को शौचालय के उपयोग में भारी परेशानी हो रही है।

**ग्रामीणों का आक्रोश:** आवेदन में उल्लेख किया गया कि उपरोक्त व्यक्ति असामाजिक और दबंग प्रवृत्ति के हैं, जो सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जा कर आम जनता को परेशान कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यह शौचालय बबलू स्टडी के संचालक उपेंद्र मेहता द्वारा अपने खर्चे से बनवाया गया था, जिससे दर्जनों गांवों के लोगों को सुविधा मिल रही थी। उनके इस नेक कार्य के लिए क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने उनकी सराहना की थी।




सार्वजनिक शौचालय पर हो रहा है अवैध अतिक्रमण

**प्रशासन का आश्वासन:** मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बोरंगे और थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और शौचालय को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इस मौके पर मनोज कुमार, उपेंद्र मेहता, राजेंद्र प्रसाद, दीपांशु राज, नरेश कपरदार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### इनमोसा की प्राथमिक सदस्यता से कई लोगों ने दिया सामूहिक रूप से इस्तीफा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** संजीव कुमार दुबे की अध्यक्षता और प्रभास दास के संचालन में गुरूवार को इनमोसा पदाधिकारी की बैठक हुई। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा गया कि लगभग 2 साल से हमलोग क्षेत्रीय कमेटी का चुनाव सही तरीके से करवाने और लगभग 10 से 15 वर्षों से क्षेत्रीय कमेटी का पैसा का लेनदेन का हिसाब-किताब करने की मांग कर रहे हैं। जो आज तक नहीं हुआ है। मामले की जानकारी ऊपर के पदाधिकारी को दी गई, लेकिन किसी तरह की सुनवाई नहीं की गई। ऊपर के पदाधिकारी द्वारा घर में एरिया का कमेटी बना देना, किसी को जानकारी ना देना, किसी भी तरह का विरोध करने पर इनमोसा से निकाल देने की धमकी देना और व्हाट्सएप के माध्यम से बाहरी लोग कह कर संबोधित करना बर्दाश्त से बाहर है। इतना ही नहीं बिना किसी सूचना के भुरकुंडा कमेटी को भंग कर दिया गया है जो कहीं से उचित नहीं है। जान-बूझकर ये लोग ऐसा इसलिए कर रहे हैं कि जब ब्रांच का कमेटी भंग हो जाएगा तो एरिया में यह लोग आवाज नहीं उठा पाएंगे।

## एक नजर में

### मौलिक अधिकार: लोकतंत्र की रीढ़, मानवीय मूल्यों का आधार : प्रो. बालेश्वर

#### गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में संविधान गौरव अभियान के तहत व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत आयोजित व्याख्यान श्रृंखला के दूसरे दिन विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. बालेश्वर प्रसाद सिंह ने संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों पर व्याख्यान दिया।

अपने संबोधन में उन्होंने मौलिक अधिकारों को लोकतंत्र की रीढ़ और मानवीय मूल्यों के विकास का आधार बताया। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में 1215 ई. में पारित मैग्ना कार्टा को राजनीतिक स्वतंत्रता की गारंटी का प्रारंभिक स्वरूप माना जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजतंत्र से प्रजातंत्र तक की राजनीतिक यात्रा मौलिक अधिकारों के बिना संभव नहीं थी।

मौलिक अधिकार: राज्य सत्ता और आधुनिक सभ्यता का संगम

प्रो. सिंह ने कहा कि राज्य सत्ता के बिना आधुनिक सभ्यता की कल्पना अधूरी है, और इसी कारण मौलिक अधिकार राज्य सत्ता और आधुनिक समाज के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने इस बात पर




प्रो. बालेश्वर सिंह

बल दिया कि भारतीय नागरिकों के लिए संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार अत्यंत मूल्यवान हैं और इन्हें स्थगित नहीं किया जा सकता। उन्होंने वैश्विक संदर्भ में चर्चा करते हुए बताया कि दुनिया के अधिकांश देशों ने उदारवादी लोकतंत्र को अपनाया है, जो राजनीतिक न्याय और समानता पर आधारित है, जबकि सामाजिक लोकतंत्र आर्थिक समानता और न्याय को प्राथमिकता देता है। प्रो. सिंह ने भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अनुच्छेद 32 को संविधान की आत्मा और हृदय करार दिया था। यह अनुच्छेद न्याय, जवाबदेही और व्यक्तिगत अधिकारों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र, प्राचार्या डॉ. वसुंधरा कुमारी, सभी सहायक प्राध्यापक और प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे।

## कुत्तों के आतंक से हजारीबाग जिलेवासी परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग। जिले में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय लोग दहशत में हैं। शहर के विभिन्न इलाकों में कुत्तों के झुंड सड़कों पर घूमते नजर आते हैं और राहगीरों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर हमला कर रहे हैं। कई मोहल्लों से ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां आवारा कुत्तों ने लोगों को काटने के लिए दौड़ाया जिसमे लोग गिर कर घायल हो गए। सुबह और शाम के वक्त जब लोग टहलने या काम पर निकलते हैं, तब कुत्तों का झुंड अचानक हमला कर देता है। स्कूल जाने वाले बच्चे और बुजुर्ग इस खतरे से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

#### नगर निगम की लापरवाही पर सवाल

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर निगम इस समस्या के प्रति उदासीन बना हुआ है। बार-बार शिकायतों के बावजूद कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कुत्तों के काटने से रेबीज जैसी घातक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और नियमित रूप से टीकाकरण एवं बधियाकरण अभियान चलाया जाए।

### संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का

## प्रथम समाधि महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** देशभर में संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का प्रथम समाधि महोत्सव (प्रथम स्मृति दिवस) अपार श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दिगंबर जैन पंचायत, हजारीबाग द्वारा भव्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। आचार्य छत्तीसी विधान: प्रातः 7:00 बजे हजारीबाग के दोनों जैन मंदिरों में महिला समाज हजारीबाग के तत्वावधान में आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन हुआ।

**दीपांजलि एवं शोभायात्रा:** संध्या 6:30 बजे बड़ा बाजार जैन मंदिर से एक भव्य जुलूस निकाला गया, जो विद्यासागर संयम कृति स्तंभ (आनंदा चौक) तक पहुंचा। वहां श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आरती एवं भक्ति संध्या: इसके पश्चात दोनों जैन मंदिरों में भक्तिभाव से आरती का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने भाग लिया और आचार्य श्री के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। आचार्य श्री की समाधि स्थल डोंगरगढ़ चंद्रगिरी (छत्तीसगढ़) में आयोजित विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' शब्द के प्रचलन को आचार्य श्री विद्यासागर जी की प्रेरणा से बल मिला। ?100 का विशेष स्मारक सिक्का जारी: भारत सरकार ने आचार्य श्री विद्यासागर जी के चित्रांकित 100 के स्मारक सिक्के को जारी कर उन्हें सम्मान दिया। 108 स्थानों पर चरण प्रतिष्ठा: आचार्य श्री के प्रथम समाधि दिवस पर देशभर में 108 स्थानों पर 108 किलो वजनी अष्टधातु के चरणों की प्रतिष्ठा की गई। यह प्रतिष्ठा 1 से 6 फरवरी तक गुरु समाधि तीर्थ डोंगरगढ़ में संपन्न हुई।

मध्यप्रदेश विधानसभा परिसर में आचार्य श्री के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर पूज्य मुनि प्रमाण सागर जी महाराज ससंघ, मुनि आदित्य सागर जी महाराज ससंघ एवं अन्य मुनिराजों की पावन उपस्थिति में एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।



समाधि महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न

## हिंदुओं पर अत्याचार बंद करे पुलिस प्रशासन और झारखंड सरकार: दीपक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** पीछे दिनों सरस्वती पूजा के विसर्जन के दौरान रामगढ़ जिले में दो जगहों पर अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा धार्मिक जुलूस को रोकने और पथराव करने की घटना हुई है जिसको प्रशासन दबाने के प्रयास में है। उक्त बातें विज्ञप्ति जारी कर हिंदू रक्षा दल के दीपक मिश्रा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की गोला प्रखंड के सोसो कलां एवं हेहल में धार्मिक जुलूस को रोकने एवं पथराव की घटना अल्पसंख्यकों द्वारा की गई है जिसका वीडियो भी उपलब्ध है लेकिन प्रशासन ने उल्टा 27 हिंदुओं पर हीं विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर अपनी तुष्टिकरण की मानसिकता को प्रदर्शित किया है जिससे हिंदुओं में असंतोष उत्पन्न हुआ है। कहा की हम रामगढ़ के हिंदू रक्षा दल एवं तमाम हिंदू संगठनों की तरफ से प्रशासन और सरकार को कड़ी चेतावनी देते है की अगर तय समय सीमा के अंतर्गत वीडियो में दिख रहे दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई और अगर एक भी निर्दोष हिंदुओं पर किसी प्रकार की कार्यवाही की गई तो पूरे रामगढ़ जिले का चक्का जाम होगा और किसी भी अनहोनी के लिए स्वयं प्रशासन जिम्मेवार होगा।

## श्री श्याम मंदिर में बाबा की हुई प्राण प्रतिष्ठा



बाबा श्याम की प्रतिमा



शामिल श्रद्धालु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के नेहरू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत आज सुबह से ही पांचो यजमान ओम प्रकाश अग्रवाल, राधे श्याम मोदी, विष्णु पोद्दार, ऋषभ पटवारी, संजय अग्रवाल मथुरा वाले के अलावा दैनिक यजमान में मुकेश बौंदिया, विवेक अग्रवाल,राजेश पटवारी, पूर्ण अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजेश बंसल द्वारा दैनिक यजमान के अंतर्गतपूजन का कार्यक्रम बनारस से आए विद्वान पंडित लोकेंद्र मिश्रा की टीम के द्वारा आरंभ कर दिया गया। श्री श्याम प्रभु के विग्रह को विश्राम देते हुए वस्त्र ओढा दिया गया। आगे भक्तों की भारी भीड़ बाबा की दर्शन का इंतजार करते हुए इंदिरा अग्रवाल महेश सैंडी, विष्णु शर्मा एवं कमल बागड़िया द्वारा भजनों में आनंद विभोर हो रही थी। बाबा के पट दर्शन हेतु खुलने के इंतजार में लोग अति उत्साह में बैठे हुए थे। बार-बार आग्रह के बावजूद भी भीड़ अत्यधिक बढ़ती जा रही थी। बाबा के मैज नाइन फ्लोर में भी लोग दर्शन के लिए इंतजार में जाकर खड़े हो गए। पश्चात पांचों यजमानों के द्वारा मंदिर के ऊपरी भाग में हवन का कार्यक्रम शुरू हुआ। सूरजगढ़ से आए हुए हजारीमल जी इंदौरिया के द्वारा विशाल निशान लाया गया था जिसे मंदिर के ऊपरी गुंबद में स्थापित किया गया। 367 साल से सूरजगढ़ का यह परिवार अपने सभी सदस्यों सहित पैदलयात्रा करते हुए खाटू में प्रवेश करते हैं सहित पहला निशाना बाबा के मंदिर में चढ़ाते हैं, उसके बाद दूसरे निशानों को चढ़ाया जाता है। मंदिर की ऊपरी ताले में हवन का कार्यक्रम शुरू हुआ पांचो चश्माओं ने हवन किया एवं बारी-बारी से अन्य सभी उपस्थित पारिवारिक सदस्यों ने श्याम भक्तों ने भी हवन में हिस्सा लिया। ठीक एक शव बजे के आसपास मंदिर की घंटियां बजने लगी बाबा के जय कारे होने लगे और बाबा का पट खुल गया। कई भक्त आंखों से अश्रु प्रभाव में डूबते नजर आए। श्याम बाबा श्याम बाबा तेरे पास आया हूं चरणों में तेरी अरदास लाया हूं, दीनानाथ मेरी बात छानी कोणी तेरे से, ऐसी भजनों में भाव विभोर हो रहे थे। वर्षों से मांगी हुई मन्नत आज आंखों के सामने पूरी हो गई।

## 6 अंचलों में होगा दाखिल-खारिज संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निदेशानुसार दिनांक 08.02.2025 को जिले के सभी 06 अंचलों में दाखिल-खारिज संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों एवं वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। 08.02.2025 (शनिवार) को रामगढ़, दुलमी, चितरपुर, गोला, मांडू एवं पतरातू अंचल कार्यालय में शिविर का आयोजन होगा। इस सभी अंचलों में बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के 10 डिसमिल तक के मामलों का निष्पादन किया जायेगा। इन सभी मामलों का अंचल निरीक्षक और कर्मचारी स्तर से भौतिक सत्यापन पूरा किया जा चुका है। उपायुक्त ने सभी 06 अंचल अधिकारियों को पूर्व में उपलब्ध करायी गयी सूची अनुसार म्यूटेशन के मामलों के निष्पादन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सूची में उपलब्ध कराये गये मामलों में से कोई मामला सीआई या कर्मचारी के लॉगिन में पाया गया तो उनपर नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने निष्पादित मामलों के आवेदकों को सूचित करते हुए शिविर में शुद्धि-पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया है। शनिवार को आयोजित किए जानेवाले दाखिल-खारिज शिविर में मामलों के निष्पादन के अनुश्रवण के लिए अंचलवार वरीय पदाधिकारियों को नामित किया गया है। उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा सभी वरीय पदाधिकारियों को ससमय शिविर स्थल में उपस्थित होकर लंबित दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया है।

# सही दिशा में और प्रयासों से हासिल मन की खुशी

मन के भीतर से मिलने वाली खुशी अनमोल है। वह किसी पैसे व साधन की मोहताज नहीं। यह भी कि उस प्रसन्नता की तलाश आपको खुद करनी होगी। बस जरूरत है लिये गये संकल्पों की दिशा में ईमानदार व लगातार प्रयासों की। बेहतर है दृढ़ रहकर उन संकल्पों को मंत्र मानकर जीवन में उतारा जाये।

**दीप्ति अंगरीश**



साल का पहला महीना बीतने वाला है। तो जरा उन संकल्पों पर विचार किया जाये जो आपने साल की शुरूआत में लिये थे। वे संकल्प स्मृति में दर्ज तो हैं पर उन्हें अमल में लाने की बात आये तो आप खुद को बहाने बता देते हैं। लेकिन यदि इन्हें दृढ़ता से अपनाएं तो ये संकल्प आपकी पर्सनैलिटी बदल देंगे। इसके साथ ही आप जीवन में खुश रहें। इसके लिए पैसा नहीं बल्कि आपका मजबूत इरादा चाहिए। एक बार इन्हें जीवन में उतार लें तो फिर वही जिंदगी जो अभी तक बोरिंग लग रही थी, हंसती-खिलखिलाती सी लगेगी। जब हम प्यार, ईमानदारी, सम्मान, और दृढ़ता को प्राथमिकता देना शुरू करते हैं और स्वस्थ आदतें अपनाते हैं, तो एक संतोषजनक और समृद्ध जीवन जीने की राहें बन जाती हैं। दरअसल, हर छोटा कदम अंततः बड़ा बदलाव ला सकता है। जिस जीवन की आप ख्वाहिश रखते हैं, वह आपके हाथ में है- आपको बस सही आदतें अपनानी हैं।

**सुबह जल्दी उठने की आदत**

आप रोजाना सुबह 4 बजे सोकर उठेंगे, तो दैनिक जीवन का हर काम अच्छे से कर पाएंगे। शुरू में जल्दी जागना आपको मुश्किल लग सकता है। लेकिन एक बार आदत बन जायेगी तो आप बिना अलार्म के उठ जाएंगे। इसका सबसे ज्यादा फायदा होगा कि आपको 20 मिनट का ह्यमी-टाइमह्ल मिल जाएगा। यानी अपने लिए 20 मिनट, जहां आप ये समय खुद के साथ बिता पाएंगे, जिससे आपको मानसिक शांति का अहसास होगा। सुबह जल्दी उठने के लिए बस पहली रात दस बजे के बाद स्क्रीन से दूर जाना होगा। यकीन मानिए, ऐसा करने से आपका हर काम सुव्यवस्थित होता चला जायेगा। दरअसल, यह समय सुकून और स्पष्टता प्रदान करने वाला होता है। ऐसा करके महसूस होगा कि ह्यअत्यधिक स्क्रीन टाइम से मेरी नींद और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा था, इसलिए मैंने 10:30 के बाद स्क्रीन से दूर रहना शुरू किया जिसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

**जीवन है हीरे जैसा**

कई बार होता है कि लोग किसी कार्य में सफलता नहीं मिलने पर हार जाते हैं और जीवन को व्यर्थ मानने की बात सोच सकते हैं। जरूरी है इस हालत से उबरें। कभी अतिवादी कदम उठाने के बारे में न सोचें। जीवन कठिन हो सकता है, लेकिन हर मुश्किल समय के बाद सुख के पल आते हैं। दर्द को असहनीय मानने से पहले विचार करें कि कठिनाई अस्थायी है और बेहतर समय आने वाला है। मन में बैठा लें कि जीवन खूबसूरत है। ह्वऔर इसे और खूबसूरत बनाएं कुछ आदतों से जैसे रोज पढ़ने और जर्नलिंग की प्रैक्टिस। दोनों आदतों से आपकी सोच का विस्तार होगा और नए विचारों से जुड़ते जाएंगे । इससे आपको अपनी स्थिति बेहतर तरीके से समझने और समस्याओं को हल करने में मदद मिलेगी।

**कुछ दूरियां हैं जरूरी**

आप उन लोगों पर समय बर्बाद नहीं करें जो आपको जैसे हैं वैसे स्वीकार नहीं करते। खुद को सच्चा बनाए रखें और उन लोगों से जुड़े रहें जो आपको बिना किसी शर्त के प्यार करते हैं। कभी भी दूसरों के संदेहों को अपने ऊपर हावी न होने दें। खुद पर विश्वास करें और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहें। खुद पर भरोसा है, तो कोई भी कठिनाई आपको आगे बढ़ने से रोक नहीं सकती। वहीं धोखा देना यानी विश्वासघात सबको आहत ही करता है। रिश्तों में विश्वास और ईमानदारी बहुत महत्वपूर्ण हैं, और धोखा देने से यह नींव नष्ट हो जाती है। ऐसे लोगों से कन्नी काट लें।

# संचार क्रांति के युग में बदलती अपराध की परिस्थितियां

**डॉ अम्बरीश गौतम**

**वर्तमान** समाज वैश्विक समाज है , जहाँ पर लोगों का संपर्क एक भाग से दूसरे भाग तक वर्चुअल तरीके से हो रहा है। यह वर्चुअल तरीका लोगों के लिए संपर्क का एक नया माध्यम विकसित कर रहा है। और लोग दूर रहते हुए भी एक दूसरे के साथ नजदीकी महसूस कर रहे हैं। चूँकि सभी संपर्क माध्यम बेतार तकनीकी के माध्यम से जुड़े हैं , इसलिए वहाँ पर व्यक्ति को उपस्थित रहना आवश्यक नहीं होता है। इसका सकारात्मक प्रभाव समाज पर पड़ा है और व्यक्ति दिन प्रतिदिन की सूचनाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान भेज रहे हैं और प्राप्त कर रहे हैं। सुचना प्रसारण के इन माध्यमों में मुख्य रूप से सोशल मिडिया को रखा जाता है. जिसमें फेसबुक, व्हाट्सप्प, इंस्टाग्राम , टेलीग्राम प्रमुख हैं। इन माध्यमों से लोग न सिर्फ सूचनाओं का संग्रहण एवं प्रसारण कर रहे हैं बल्कि वे अपने पुराने व बिछड़े लोगों से संपर्क भी स्थापित कर रहे हैं। परन्तु यह कहा भी जाता है की किसी भी व्यवस्था के दो पहलु होते हैं सकारात्मक एवं नकारात्मक। सकारात्मकता इसके सही एवं सफल प्रभावों को दशार्ती है और नकारात्मकता गलत प्रभावों को।

मूल रूप से सूचना तकनिकी के माध्यम से आर्थिक अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है , चाहे वह अकाउंट हैक कर पैसे निकालने की हो या अकाउंट डिटेल्स से शॉपिंग हो या सेक्सटॉर्सन हो. इन सभी में वर्चुअल ताकतों का व्यापक प्रयोग हो रहा है। सामान्यतः इन वर्चुअल माध्यमों से आर्थिक अपराध करना ज्यादा आसान हो गया है। इन सभी वर्चुअल अपराधों में मूल रूप से बिना किसी इन्वेस्टमेंट के अपराध को अंजाम दिया जाता है और छल, भय एवं सेक्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। परन्तु अब अपराधियों ने अपराध के नए तरीके खोजे हैं। इसके अंतर्गत वे लोगों को काम



करने हेतु पैसों का प्रलोभन देकर , आसान तरीके से ऑनलाइन काम का ऑफर देकर अपना शिकार बनाते हैं। इसमें सबसे पहला स्तर होता है की व्हाट्सप्प के माध्यम से किसी भी व्यक्ति को एक मैसेज भेजा जाता है , जिसमें अपराधी लिखते हैं की क्या मैं आपका कुछ समय ले सकता हूँ, मेरे पास आपके लिए गुड न्यूज है। मैं फलां आगेर्नाईजेशन के एच आर डिपार्टमेंट से हूँ। हमारी कंपनी इंस्टाग्राम मर्चेंट के साथ काम कर रही है। जिसमें हम बहुत सरे लोगों को नियुक्त कर रहे हैं। नियुक्त हुए व्यक्ति को प्रतिदिन इंस्टाग्राम के वीडियो को लाइक एवं शेयर करना होगा और इससे आप प्रतिदिन 3हजार से 8 हजार तक कमा सकते हैं। इसके लिए आपसे कोई चार्ज नहीं लिया जायेगा। जैसे ही आप उसको स्वीकार करते हैं तो वह इंस्टाग्राम के तीन वीडियो लिंक भेज देता है। और आपसे कहता है की इन लिंक्स पर क्लिक कर वीडियो को लाइक करें और प्रमाण के तौर पर तीन स्क्रीनशॉट भेजें। जब आप इन प्रक्रियाओं को पूरा करके उसे भेजते हैं तो वह आपसे कहता है की कृपया ऑनलाइन रहें , आपको भुगतान किया जा रहा है। उसके बाद वह आपको पेमेंट कोड भेजता है। इसके बाद वह आपको दूसरा लिंक भेजता है, जिसमें बताता है की यह कंपनी के रिसेप्सनिस्ट का लिंक है। उसको पेमेंट कोड भेजें। जब आप उसके रिसेप्शनिस्ट से कनेक्ट होकर कोड भेजते हैं तो वह आपसे उसका भी स्क्रीनशॉट मांगता है। और बोलता है की अब आप रिसेप्शनिस्ट के संपर्क में रहें वहीं से आपको पेमेंट होगा

इसके बाद टेलीग्राम पर आप उसके सोकॉलेड कंपनी के रिसेप्शनिस्ट से कनेक्ट हो जाते हैं। फिर रिसेप्शनिस्ट आपसे कुछ डिटेल्स मांगती है जिसमें नाम , उम्र , जेंडर, प्रोफेशन, व्हाट्सप्प न. एवं ईमेल एड्रेस होता है। जब आप उसको ये सूचनाएं प्रदान कर देते हैं तो फिर आपसे दूसरी सुचना मांगती है जिसमें आपका नाम , बैंक का नाम , बैंक अकाउंट न , बैंक का कोड देना होता है। जब आप इन सूचनाओं को भी उसे प्रदान कर देते हैं तब वह आपको उसे अपने कांटेक्ट लिस्ट में जोड़ने के लिए बोलती है और जब आप उसे कांटेक्ट लिस्ट में जोड़ लेते हैं तब रिसेप्शनिस्ट की तरफ से सुचना दी जाती है की आप पार्ट टाइम ग्रुप से जोड़ दिए गए हैं। फिर आपको पहले तीन स्क्रीनशॉट का 150 रुपये आपके अकाउंट में आ जाता है। इसके बाद रिसेप्शनिस्ट फिर से तीन वीडियो लिंक आपको भेजती है और बोलती है की इसको लाइक करके स्क्रीनशॉट शेयर करिये। जब आप उसको शेयर करते हैं तो पुनः आपके अकाउंट में 150 रुपये आ जाते हैं। इस प्रकार चार से पांच बार करने के बाद वह आपको अपने जाल में पूर्णतया फंसा हुआ मानती है और अपना जाल फैलाना शुरू करती है। अगली बार के तीन लिंक में दो विडिओ को लाइक करने का ऑप्शन आता है जो पूर्व की तरह का ही होता है परन्तु तीसरा लिंक इसमें आपको ठगने का होता है। जिसे वे प्रीप्रेड टास्क कहते हैं। इसमें वह बताती है की मर्चेंट के मार्केट डिमांड के अनुसार आप प्रीपेड प्लान ले सकते हैं।

# बालिकाओं की सुरक्षा के हों गम्भीर प्रयास

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**लड़कियों** को सशक्त बनाने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के महत्व को उजागर करने के लिए भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरुकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उदेश्य है। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं।

भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद भी वह अनेक कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती हैं। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओं को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है।

देश में यह बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं, लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है, जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया।

देखा जाए तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाएं। उन्हें इतना सशक्त बनाएं कि खुद गर्व से कह सकें की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है। भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिए जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषों की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढ़िवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जाएगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।

आज लड़किया लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़कियां सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनौने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेंगे ना ही किसी को करने देगें तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा।

# रामचरितमानस के गूढ़ तत्वज्ञान

**बासुकीनाथ पाण्डेय**

**सुंदरकांड** पढ़ते हुए 25 वें दोहे पर ध्यान थोड़ा रुक गया । तुलसीदास जी ने सुन्दर कांड में, जब हनुमान जी ने लंका मे आग लगाई थी, उस प्रसंग पर लिखा है -हरि प्रेरित तेहि अवसर चले मरुत उनचास।

अट्टहास करि गर्जा कपि बढ़ि लाग अकास।।

अर्थात : जब हनुमान जी ने लंका को अग्नि के हवाले कर दिया तो --

भगवान की प्रेरणा से उनचासों पवन चलने लगे।

हनुमान जी अट्टहास करके गर्जे और आकार बढ़ाकर आकाश से जा लगे।

मैंने सोचा कि इन उनचास मरुत का क्या अर्थ है ? यह तुलसी दास जी ने भी नहीं लिखा। फिर मैंने सुंदरकांड पूरा करने के बाद समय निकालकर 49 प्रकार की वायु के बारे में जानकारी खोजी और अध्ययन करने पर सनातन धर्म पर अत्यंत गर्व हुआ।

तुलसीदासजी के वायु ज्ञान पर सुखद आश्चर्य हुआ, जिससे शायद आधुनिक मौसम विज्ञान भी अनभिज्ञ है ।

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि वेदों में वायु की 7 शाखाओं के बारे में विस्तार से वर्णन मिलता है।

अधिकतर लोग यही समझते हैं



कि वायु तो एक ही प्रकार की होती है, लेकिन उसका रूप बदलता रहता है, जैसे कि ठंडी वायु, गर्म वायु और समान वायु, लेकिन ऐसा नहीं है।

दरअसल, जल के भीतर जो वायु है उसका वेद-पुराणों में अलग नाम दिया गया है और आकाश में स्थित जो वायु है उसका नाम अलग है। अंतरिक्ष में जो वायु है उसका नाम अलग और पाताल में स्थित वायु का नाम अलग है। नाम अलग होने का मतलब यह कि उसका गुण और व्यवहार भी अलग ही होता है। इस तरह वेदों में 7 प्रकार की वायु का वर्णन मिलता है।

ये 7 प्रकार हैं-

**1.प्रवह,**
**2.आवह,**
**3.उद्वह,**
**4. संवह,**
**5.विवह,**
**6.परिवह**
**7.परावह।**

1. प्रवह : पृथ्वी को लांघकर मेघमंडलपर्यंत जो वायु स्थित है, उसका नाम प्रवह है। इस प्रवह के भी प्रकार हैं। यह वायु अत्यंत शक्तिमान है और वही बादलों को इधर-उधर उड़ाकर ले जाती है। धूप तथा गर्मी से उत्पन्न होने वाले मेघों को यह प्रवह वायु ही समुद्र जल से परिपूर्ण करती है जिससे ये मेघ काली घटा के रूप में परिणत हो जाते हैं और अतिशय वर्षा करने वाले होते हैं।

2. आवह : आवह सूर्यमंडल में बंधी हुई है। उसी के द्वारा ध्रुव से आबद्ध होकर सूर्यमंडल घुमाया जाता है।

3. उद्वह : वायु की तीसरी शाखा का नाम उद्वह है, जो चन्द्रलोक में प्रतिष्ठित है। इसी के द्वारा ध्रुव से संबद्ध होकर यह चन्द्र मंडल घुमाया जाता है।

4. संवह : वायु की चौथी शाखा का नाम संवह है, जो नक्षत्र मंडल में स्थित है। उसी से ध्रुव से आबद्ध होकर संपूर्ण नक्षत्र मंडल घूमता रहता है।

5. विवह : पांचवीं शाखा का नाम विवह है और यह ग्रह मंडल में स्थित है। उसके ही द्वारा यह ग्रह चक्र ध्रुव से संबद्ध होकर घूमता रहता है।

6. परिवह : वायु की छठी शाखा का नाम परिवह है, जो सप्तर्षिमंडल में स्थित है। इसी के द्वारा ध्रुव से संबद्ध हो सप्तर्षि आकाश में भ्रमण करते हैं।

7. परावह : वायु के सातवें स्कंध का नाम परावह है, जो ध्रुव में आबद्ध है। इसी के द्वारा ध्रुव चक्र तथा अन्यान्य मंडल एक स्थान पर स्थापित रहते हैं।

इन सातो वायु के सात सात गण हैं जो निम्न जगह में विचरण करते हैं **1. ब्रह्मलोक,**
**2. इंद्रलोक,**
**3. अंतरिक्ष,**
**4. भूलोक की पूर्व दिशा,**
**5. भूलोक की पश्चिम दिशा,**
**6. भूलोक की उत्तर दिशा**
**7. भूलोक कि दक्षिण दिशा।**

इस तरह 7 गुणा 7 = 49। कुल 49 मरुत हो जाते हैं जो देव रूप में विचरण करते रहते हैं। अद्भुत ज्ञान। हम अक्सर रामायण, भगवद् गीता पढ़ तो लेते हैं परंतु उनमें लिखी छोटी-छोटी बातों का गहन अध्ययन करने पर अनेक गूढ़ एवं ज्ञानवर्धक बातें ज्ञात होती हैं !

# बजट 2025 में कृषि: ग्रामीण समृद्धि और मजबूती का इंजन

**(नवीन पी. सिंह- एस के श्रीवास्तव)**

**विकसित भारत** की आकांक्षा के साथ, वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट का उद्देश्य प्रमुख संरचनात्मक चुनौतियों का समाधान करते हुए लक्षित सुधारों के शुभारंभ के साथ भारत के कृषि और संबद्ध क्षेत्रों को नवरूप प्रदान करना है।

यह बजट किफायती ऋण तक पहुंच बढ़ाने, फसल बीमा का विस्तार करने, कृषि-मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने और 1.52 ट्रिलियन रुपये के आवंटन के साथ संतुलित क्षेत्रीय विकास की प्राप्ति को प्राथमिकता देता है। बजट की प्रमुख विशेषताओं में से एक सब्सिडी वाले कृषि ऋण की सीमा को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये प्रति किसान करना है, जिसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को व्यापक बनाते हुए किसान परिवारों को समर्थन देना है। इसके साथ-साथ, सरकार ने वर्ष 2030 तक दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, बजट में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण के लिए प्रोत्साहन के रूप में 109 बिलियन रुपये आवंटित किए गए हैं।

बुनियादी ढांचे और उत्पादकता बढ़ाने के लिए 9 बिलियन डॉलर की पांच वर्ष की निवेश योजना के साथ मत्स्य पालन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिला है। सरकार ने दीर्घकालिक उत्पादकता और नवाचार को बढ़ावा देने में कृषि अनुसंधान और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता दी है। वित्त वर्ष 2025-26 में कृषि अनुसंधान और शिक्षा के लिए बजट 10,466.39 करोड़ रुपये है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.05 प्रतिशत की मामूली वृद्धि को दशार्ता है। यह वृद्धि, सकारात्मक होते हुए भी, आधुनिक कृषि अनुसंधान की बढ़ती जटिलता और पूंजी-परक स्थिति को देखते हुए और अधिक पर्याप्त हो सकती थी।

सबसे पहले, इस बजट में संबोधित की गई एक महत्वपूर्ण चिंता खाद्य मुद्रास्फीति है, जो निरंतर उच्च रही है और यह 2024 के अंत में वर्ष-दर-वर्ष 10 प्रतिशत को पार कर चुकी है।

इससे निपटने के लिए, सरकार ने दालों के शुल्क-मुक्त आयात को बढ़ाया है और मूल्य स्थिरता को बनाए रखने के लिए चुनिंदा निर्यात प्रतिबंध भी लगाए हैं।

हालांकि, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और खरीद के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से दालों के पक्ष में समानता लाना आवश्यक है।

दूसरा, मौसम की बदलती परिस्थितियों और घटते जल संसाधन जलवायु परिवर्तन के जोखिम इसमें शामिल हैं। कृषि क्षेत्र में मजबूत बनाने की दिशा में अधिक निवेश की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। बजट में किसानों को जलवायु उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए सिंचाई, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और जलवायु-अनुकूल प्रौद्योगिकियों के उपायों की रूपरेखा दी गई है। ये हस्तक्षेप दीर्घकालिक और जलवायु-अनुकूल कृषि कार्यप्रणाली की आवश्यकता की बढ़ती मान्यता को दशार्ते हैं।

हालांकि, सरकार प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए और विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से दीर्घकालिक अवधि में सूखे को कम करने के लिए अधिक बजट आवंटित कर सकती थी।

जैविक खेती जैसी योजनाओं के लिए बजट आवंटन के लगभग 50 प्रतिशत वास्तविक व्यय के साथ, बढ़े हुए बजट स्तरों के साथ योजना को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण चिंतन की आवश्यकता है जहां राज्यों को जैविक खेती के लिए वस्तुओं की पहचान के लिए शामिल किया जा सकता है।

तीसरा, यह बजट कृषि और संबद्ध क्षेत्र को बदलने में संघीय व्यवस्था के महत्व पर जोर देता है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक हस्तक्षेप की आवश्यकता थी, जिसके परिणाम स्वरूप प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) का शुभारंभ हुआ, जिसका लक्ष्य कम उत्पादकता, मध्यम फसल तीव्रता और औसत से कम ऋण मापदंडों वाले 100 जिले हैं। इस योजना में स?वीकार्यता दृष्टिकोण अपनाया गया है और इसके अंतर्गत 1.67 करोड़ से अधिक किसानों को शामिल किए जाने की आशा है। कम विकसित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने से समग्र कृषि विकास पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा।

इस हस्तक्षेप का एक रोचक पहलू पंचायत स्तर पर कटाई के बाद के भंडारण को बढ़ाना है, जिसका उद्देश्य खेत से लेकर बाजार तक कटाई के बाद के नुकसान को कम करना है। रसद संबंधी अक्षमताओं को दूर करते हुए भंडारण सुविधाओं में सुधार करके, सरकार बबार्दी को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास करती है।

चौथा, भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जहां लगभग 65 प्रतिशत आबादी रहती है, कृषि पर बहुत अधिक निर्भर है।

हालांकि, इस क्षेत्र को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें छिपी बेरोजगारी (अनुमानित 25-30 प्रतिशत), कम उत्पादकता, अपर्याप्त बुनियादी ढांचा और जलवायु-जनित बाधाएं शामिल हैं। नीति आयोग के अनुसार, लगभग 40 प्रतिशत किसान आर्थिक संकट के कारण खेती छोड़ने की इच्छा व्यक्त करते हैं। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण मजदूरी प्रति वर्ष 2-3 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़ी है, जबकि भारत में कृषि उत्पादकता वैश्विक मानदंड से 30-50 प्रतिशत कम है। ये चुनौतियां बड़े पैमाने पर ग्रामीण-से-शहरी प्रवास में योगदान करती हैं, जिसमें 9 मिलियन से अधिक लोग बेहतर आजीविका की तलाश में वार्षिक रूप से पलायन करते हैं।

इन दबावयुक?त चिंताओं को दूर करने के लिए राज्य सरकारों के सहयोग से एक व्यापक बहु-क्षेत्रीय 'ग्रामीण समृद्धि और मजबू?ती' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।

यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी आजीविका के अवसरों का सृजन करने के लिए कौशल, निवेश और तकनीकी एकीकरण पर केंद्रित है। कृषि प्रसंस्करण, डिजिटल कृषि और जलवायु-अनुकूल खेती को बढ़ावा देकर इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना है कि प्रवास आर्थिक मजबूरी के बजाय एक विकल्प बन जाए।

पांचवा, किसी भी पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने में राज्यों के साथ केंद्र सरकार की भागीदारी महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय प्राथमिकताओं की पहचान करने, संसाधन जुटाने और अंतिम-छोर तक वितरण को सुनिश्चित करने में राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक समन्वित दृष्टिकोण राष्ट्रीय नीति प्रारूप को राज्य-स्तरीय निष्पादन के साथ जोड़ते हुए इसके प्रभाव को अधिकतम करेगा और समावेशी विकास को सुनिश्चित करेगा। यह सहयोग ग्रामीण परिदृश्य को बदलने, आर्थिक मजबूती को बढ़ाने और लाखों लोगों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

पीएमडीडीकेवाई से केंद्र-राज्य सहयोग को मजबूत करने और ग्रामीण एवं कृषि अर्थव्यवस्था में दृढ़ता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आशा है।

छठा, वित्त वर्ष 2026 का बजट, संस्थानों और लक्षित कार्यक्रमों की स्थापना के माध्यम से कृषि उत्पादकता, मूल्य संवर्धन और बाजार पहुंच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रमुख हस्तक्षेपों का उल?लेख करता है। सरकार ने कपास, दालों, फलों और सब्जियों, संकर बीजों पर मिशन बनाने की घोषणा की है। बिहार में एक मखाना बोर्ड को मखाने के उत्पादन और निर्यात के लिए समर्थन दिया जाना है, जो इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण नकदी फसल है। इसी तरह, असम में एक नए उर्वरक संयंत्र से घरेलू उर्वरक उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने की उम्मीद है, जो भारत के उर्वरकों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के अनुरूप है।

# बीसीसीएल में नहीं हुआ काम, हो गया भुगतान

## लिब्रा कंपनी सहित नौ अधिकारियों के खिलाफ इडी ने किया केस

**बस्ताकोला क्षेत्र के कुइंया परियोजना में 22.16 करोड़ का अधिक भुगतान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** बीसीसीएल के बस्ताकोला क्षेत्र के कुइयां ओपन कास्ट परियोजना में काम किये बिना 22 करोड 16 लाख रुपये के भुगतान को लेकर ईडी ने लिब्रा आउटसोर्सिंग संचालक सहित नौ बीसीसीएल अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तत्कालीन जीएम समेत आठ लोगों पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस मामले में सीबीआई की धनबाद शाखा द्वारा 2019 में केस दर्ज किया गया था। इसके बाद अब ईडी की धमक से अधिकारियों एवं आउटसोर्सिंग संचालको के हाथ पांव फुलने लगे हैं।

बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय का बिहार में बालू की हेराफेरी की जांच के लिए धनबाद में पहली बार प्रवेश हुआ था। धनबाद में रहकर बालू का कारोबार करने वाले कई लोग प्रवर्तन निदेशालय के रडार पर आये। उनकी गिरफ्तारी भी हुई। यह सब कार्रवाई पटना के प्रवर्तन निदेशालय ने की थी। लेकिन उसके बाद रांची की प्रवर्तन निदेशालय की टीम का धनबाद में प्रवेश हुआ और प्रमोद सिंह प्रवर्तन निदेशालय के रडार पर आ गए। प्रवर्तन निदेशालय ने प्रमोद सिंह और उनके परिजनों की 1.63 करोड रुपये की अचल संपत्ति प्रोविजनल तौर पर जब्त कर ली थी। प्रमोद सिंह कोयला का कारोबार भी करता है।

### ये बने आरोपी

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बीसीसीएल बस्ताकोला क्षेत्र के तत्कालीन महाप्रबंधक फूल कुमार दुबे, अपर महाप्रबंधक अरविंद कुमार झा, पूर्व सर्वेक्षण अधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह, तत्कालीन परियोजना पदाधिकारी विष्णु कांत झा, पूर्व कोलियरी प्रबंधक निमाई चंद्र घोष सहित अन्य पर मुकदमा किया है।

### 2015 से 18 तक ओबी के एवज में हुआ था भुगतान

आरोप है कि 2015 से 18 के बीच बीसीसीएल अधिकारियों ने मापी बुक रिकॉर्ड व बिल में गलत एंट्री कर अधिक ओबी का उठाव दिखा कर वास्तविकता से 22.16 करोड रुपए का नुकसान किया। अधिकारियों ने निजी स्वार्थ व आउटसोर्सिंग कंपनी को लाभ पहुंचाने के साथ कोल कंपनी को नुकसान पहुंचाया। इस गड़बड़ी का खुलासा सीएमपीडीआईएल, कोल इंडिया, बीसीसीएल के सतर्कता विभाग के अधिकारियों की एक टीम के संयुक्त औचक निरीक्षण के दौरान हुआ था।

### एटी लिब्रा बीपीएल संचालक पर कार्रवाई

आरोप के मुताबिक कोयला अधिकारियों ने एटी लिब्रा बीपीएल कंपनी को लाभ पहुंचने के लिए गलत तरीके से भुगतान किया। जिस कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए यह सब खेल खेला गया, वह भी आरोपी बनी है। बालू, स्वास्थ्य विभाग में घोटाला के बाद आउटसोर्सिंग पर ईडी का शिकंजा धनबाद में रहकर बिहार में बालू तस्करी, स्वास्थ्य विभाग में घोटाला के साथ धनबाद के इतिहास में पहली बार बीसीसीएल में कार्यरत आउटसोर्सिंग के खिलाफ इडी का शिकंजा कसता नजर आ रहा है। स्वास्थ्य विभाग घोटाला 2016 में सामने आया था। 3 साल बाद जनवरी 2019 में धनबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। बाद में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा लगने के कारण मामला एसीबी में चला गया। अब ईडी ने मनी लाउंड्रिंग का केस किया है।

## एक नजर में

### ई-वेरिफिकेशन जांच स्कीम को लेकर आयकर भवन में कार्यशाला




**धनबाद।** वित्तीय लेनदेन विवरण एवं ई-वेरिफिकेशन जांच स्कीम को लेकर शुक्रवार को आयकर भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। संयुक्त निर्देशक ब्रज किशोर सिंह ने वित्तीय लेनदेन विवरण दाखिल करने संबंधी एवं इ- वेरिफिकेशन जॉच स्कीम 2021 के बारे में विस्तार ने बताया। उन्होंने सभी रजिस्ट्रार, ज्वेलर्स, व्हीकल डीलर्स एवं अन्य सम्बंधित रिपोटिंग संस्थाओं से समय परे वित्तीय लेनदेन विवरण दाखिल करने की अपील की। आयकर अधिकारी रंजन कुमार गर्ग ने करदाताओं से केंद्र सरकार द्वारा लागू इ-वेरिफिकेशन जॉच स्कीम के आलोक में आयकर विवरणी को उनके वार्षिक सूचना विवरण के अनुसार सही जानकारी के साथ दाखिल करने की बात कही। उन्होंने आयकर अधिनियम 1961 में जोड़ी गई नई धारा 139(8ए) के प्रावधानों का भी उल्लेख किया। आयकर निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि बिहार-झारखण्ड में वितीय वर्ष 2020-21 दक 2021-22 के मामले में सभी करदाताओं के वित्तीय लेनदेन की जानकारी आयकर विभाग के पास है, जबकि करदाताओं ने संबंधित वर्ष के लिए अपनी आयकर विवरणी दाखिल नहीं की है। ऐसे दो हजार से भी अधिक मामलों में आयकर विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया है। इसके आलावा विभिन्न रिपोर्टिंग संथाओं द्वारा पिछले कुछ वर्षों में विवरण दाखिल नहीं करने तथा त्रुटिपूर्ण वित्तीय लेनदेन विवरण दाखिल करने के कारण कई मामले में जाँच चल रही है तथा संबंधित रिपोर्टिंग संस्थाओं को नोटिस जारी किया गया है। विभाग सावधानीपूर्वक जांच कर रहा है। कार्यशाला में आयकर विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### पुटकी चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष बने मूर्तजा अंसारी, सचिव हीरा शर्मा



**पुटकी।** पुटकी चेम्बर ऑफ कॉमर्स के चुनाव में अध्यक्ष मूर्तजा अंसारी व सचिव हीरा शर्मा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। पुटकी बाजार के दुकानदारों ने अध्यक्ष व सचिव को बधाई देते हुए कदम से कदम मिलाकर चलने की अपील की। चुनाव पदाधिकारी निरंजन शर्मा ने बताया कि चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी कराया गया। पुटकी बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पद के लिए मुर्तजा अंसारी, सचिव पद के लिए हीरा शर्मा ने नामांकन पत्र खरीदा था। उनके अलावा किसी ने भी नामांकन पत्र नहीं लिया। चुनाव विधिवत संपन्न हुआ। श्री शर्मा ने बताया कि कोषाध्यक्ष के लिए किसी ने नामांकन पत्र नहीं खरीदा। कुछ दिनों में नई कार्यकारिणी की टीम गठित होगी, जिसके बाद कोषाध्यक्ष चुना जाएगा। चुने गए अध्यक्ष और सचिव को दुकानदार शाहरुख खान, राजू अंसारी, विकास चौधरी व अन्य ने बधाई दी है।

### बेकारबांध में एक्सक्लूसिव हैंडलूम एक्सपो 8 से 21 फरवरी तक



**धनबाद।** शहर के बेकारबांध स्थित ब्लेसिंग्स बैंक्विट हॉल में 8 से 21 फरवरी तक एक्सक्लूसिव हैंडलूम एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। यहां कुल 40 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसमें बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा आदि राज्यों के स्टॉल शामिल रहेंगे। प्रतिदिन सुबह 10 से रात 8 बजे तक हैंडलूम एक्सपो ग्राहकों के लिए खुला रहेगा। उद्घाटन डीसी माधवी मिश्रा, एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन तथा नगर आयुक्त रवि राज शर्मा संयुक्त रूप से करेंगे। यह जानकारी प्रेसवार्ता में बुनकर सेवा केंद्र के उपनिदेशक सह कार्यालय प्रधान मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि एक्सपो में महिलाओं के लिए कॉटन एवं सिल्क की साड़ियां, दुपट्टा, स्टोल सहित अन्य वस्त्र तथा पुरुषों के लिए ड्रेस मैटेरियल उपलब्ध रहेगा। सभी प्रोडक्ट बुनकरों द्वारा सीधे ग्राहकों को बेचा जाएगा। कीमत मार्केट से कम रहेगी। मौके पर बुनकर सेवा केंद्र के तकनीकी अधीक्षक पूरणमल सैनी एवं डिजाइनर शशांक अभिनव मौजूद थे।

### आईआईटी आईएसएम व एकल अभियान परिवार ने दी गोविंद देव गिरि को विदाई



**गोविंदपुर।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के उपाध्यक्ष गोविंद देव गिरि को आईआईटी आईएसएम तथा एकल अभियान परिवार की ओर से विदाई दी गई। इस अवसर पर श्री गिरि महाराज ने कहा कि इसे धनबाद नहीं धन्यवाद कहिए। वह धनबाद आना नहीं चाहते थे, परंतु एकल कार्यकर्ताओं की जिद पर आए और यहां आकर वह धन्य हो गए। एकल अभियान की शुरुआत इसी धनबाद से मदनलाल अग्रवाल ने की थी, जो आज पूरे विश्व में छा गया है। इसलिए एकल के साथ धनबाद का नाम जुड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि खुद आगे बढ़िये और पिछड़ों को भी आगे बढ़ाते रहिए। इसी में समाज का कल्याण होगा। उन्हें विदा करने में आईआईटी आईएसएम के निदेशक डॉ प्रो सुकुमार मिश्रा, शकुंतला मिश्रा, पायल अग्रवाल, उपनिदेशक प्रो धीरज कुमार, डीन एकेडमिक प्रो एमके सिंह, रजिस्ट्रार प्रो प्रमोद पांडेय, शंभू नाथ अग्रवाल, केके हड़ोदिया, धरनीधर मंडल, जगदीश सिंह, संजीव बियोत्रा, नंदलाल अग्रवाल, बलराम अग्रवाल, बाबू भगत आदि शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### रंजय हत्याकांड में हर्ष सिंह नहीं हुए हाजिर

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह उर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मुकदमे में शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी सी अवस्थी की अदालत में सुनवाई हुई। मामले के नामजद आरोपी हर्ष सिंह हाजिर नहीं थे। मामा की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा की गई थी। आज आरोपियों का सफाई बयान दर्ज करने के लिए निर्धारित था। परंतु हर्ष के हाजिर नहीं रहने के कारण सफाई बयान दर्ज नहीं हो सका। अदालत ने हर्ष सिंह को सदेह हाजिर रहने का आदेश दिया है। रूना सिंह उर्फ मामा उर्फ नंद किशोर सिंह जेल मे बंद है। पांच नवंबर 18 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरुद्ध अदालत में चार्जशीट दायर किया था, जबकि चंदन शर्मा, हरेन्द्र सिंह के विरुद्ध अनुसंधान जारी रखा है। रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 को संध्या करीब 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बागसुमा मे नामांकन शुरू

**गोविंदपुर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका उच्च विद्यालय बागसुमा गोविंदपुर में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीईईओ विनोद कुमार पांडेय एवं वार्डन डा रंजू रानी शर्मा ने बताया कि नामांकन के लिए पर फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी तय की गई है। ड्रॉप आउट बालिकाओं, अनाथ एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रो की एससी-एसटी बालिकाओं को नामांकन में प्राथमिकता दी जाएगी।

### नारायणीधाम स्थित पहाड़ी माता मंदिर वार्षिकोत्सव 9 को

**गोविंदपुर।** धनबाद रोड नारायणीधाम स्थित पहाड़ी माता मंदिर का 13 वां वार्षिकोत्सव 9 फरवरी को समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर ज्योति पूजन, मंगल पाठ, विशाल भंडारा, अलौकिक श्रृंगार, भजन-कीर्तन, छप्पन भोग आदि कार्यक्रम होंगे।

# 11 फरवरी से तीन मार्च तक होगी 10वीं की बोर्ड और इंटर की परीक्षा

- परीक्षा के सफल संचालन और कदाचारमुक्त कराने को लेकर मजिस्ट्रेट के साथ की बैठक
- इस वर्ष 10वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के 25380 परीक्षार्थी भाग लेंगे
- इंटर की परीक्षाओं में कुल 22256 परीक्षार्थी शामिल होंगे
- परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिधि में धारा 144 प्रभावी रहेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त के निदेशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में सिदगोड़ा टाउन हॉल में माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 हेतु निर्धारित केंद्रों में परीक्षा के सफल संचालन और विधि व्यवस्था को लेकर केंद्राधीक्षकों तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा के शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त आयोजन के निमित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। औचक निरीक्षण के दौरान कदाचार करते यदि कोई परीक्षार्थी पकड़े गये, तो सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री ऋषभ गर्ग ने कहा कि परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक, पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी निदेशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन कराये।

विदित हो कि जैक द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक निर्धारित की गयी। माध्यमिक परीक्षा पहली पाली में प्रातः 9:45 बजे से 1:00 बजे तक होगी, जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)- 2025 की परीक्षा द्वितीय पाली अपराह्न 2.00 बजे से 5.15 बजे तक आयोजित होगी। मैट्रिक परीक्षा को लेकर घाटशिला अनुमंडल में 26 तथा धालभूम अनुमंडल में 45 कुल 71 परीक्षा केन्द्र चिन्हित किए गए हैं वहीं इंटर परीक्षा के लिए घाटशिला अनुमंडल में 12 और धालभूम अनुमंडल में 23 कुल 35 परीक्षा केन्द्र होंगे।

अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा झारखंड परीक्षा संचालन निर्देशिका, 2025 एवं झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001 के तहत परीक्षा आयोजित किया जाना है इस हेतु परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित करायें। केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। व्यवधानरहित परीक्षा के मद्देनजर परीक्षा अवधि के दौरान 11 फरवरी से 3 मार्च तक परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर परिधि में धारा 144 प्रभावी रहेगी।

## मारवाड़ी युवा मंच का निःशुल्क दिव्यांग शिविर 9 और 10 को



**धनबाद।** श्री श्री भगवती जागरण कमिटी (शक्तिमंदिर) के संयुक्त तत्वावधान में मारवाड़ी युवा मंच (मायुमं) कोयलांचल शाखा 9 एवं 10 फरवरी को शक्ति मंदिर परिसर में निःशुल्क दिव्यांग शिविर लगायेगी। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से यह आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मायुमं के सदस्यों ने शुक्रवार को शक्ति मंदिर में प्रेसवार्ता आयोजित कर दी। सदस्यों ने बताया कि शिविर में दिव्यंगों के लिए कृत्रिम हाथ, पैर, कैलीपर्स, कान की मशीन, बैसाखी, व्हीलचेयर आदि की निःशुल्क व्यवस्था है। इसके लिए अब तक 119 जरुरतमंदों ने पंजीकरण करा लिया है। बचे हुए लोग 9 फरवरी तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इस कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्र अध्यक्ष सुरेन्द्र भट्ट, उपाध्यक्ष जोन 2 नन्दलाल अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, प्रांतीय उपाध्यक्ष मंडल 4 के अजय

## वरीय अधिवक्ता सत्यनारायण भट्टाचार्य की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** भंडारीडीह सामुदायिक भवन में शुक्रवार को शहीद ए आजम भगत सिंह स्मारक समिति तथा श्रमजीवी विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में वरीय अधिवक्ता सत्यनारायण भट्टाचार्य की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा हुई। भाकपा माले के प्रदेश सचिव मनोज भगत, श्रमजीवी विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष त्रिवेणी रवानी, महादेव चटर्जी राकेश सरकार, कृष्णा चटर्जी, फिरोज रजा आदि ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

महादेव चटर्जी द्वारा लिखित पुस्तक जुलूस के सपने और अन्य कविताओं का विमोचन निरसा विधायक अरूप चटर्जी, माले नेता हलधर महतो, अधिवक्ता कंसारी मंडल, मजदूर नेता राजेंद्र प्रसाद राजा, कंचन महतो, अधिवक्ता दीपनारायण भट्टाचार्य ने किया। एकांत गोरवामी ने जिंदगी मौत ना बन जाये संभालो यारो, अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों जैसे देश भक्ति गीत प्रस्तुत किये।

विधायक अरूप चटर्जी ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सत्तो दा हम आंदोलनकारियों, मजदूर, किसान, गरीब, छात्र नौजवानों के अभिभावक थे। उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकती है। उनके अधूरे सपनों को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बगोदर के पूर्व विधायक विनोद सिंह, समाज सेवी विजय कुमार झा, मासूम खान, अधिवक्ता कंसारी मंडल, डब्लू हाड़ी, उमेश श्रृषि, उत्तम मुखर्जी, गौतम मंडल महतो, चुन्ना यादव, मो. बाबला, मो. अमान, मो. महबूब, मनोज कुमार, ललन यादव, अधिवक्ता जतीन चक्रवर्ती, अरुण तिवारी, मुकुल तिवारी, सुदर्शन तिवारी, कुंदन सिन्हा, केदार कर्मकार, कंचन चक्रवर्ती, अमित मोहन राय, कृष्ण कुमार, आशीष सिंह, राजेश झा, वरीय अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी आदि ने सत्तो दा को श्रद्धांजलि अर्पित की। धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता दीप नारायण भट्टाचार्य ने किया।

## युवती को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म का आरोपी हुआ बरी

**प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर 23 जनवरी 2020 को थाने में दर्ज की गई**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** युवती को ब्लैकमेल कर उसके साथ दो वर्षों तक दुष्कर्म करने के एक मामले में आज धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार विश्वकर्मा की अदालत ने अधिवक्ता सुबोध कुमार की दलील सुनने के बाद नामजद आरोपी बाघमारा निवासी महेश नोनिया को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर 23 जनवरी 20 को बाघमारा थाने में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक महेश नोनिया ने 30 दिसंबर 18 को पीड़िता ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रही थी कि महेश और उसके साथी ने चाकू का भय दिखाकर उसे मोटरसाइकिल पर बिठा लिया और मलकेरा के सुनसान घर में ले गए, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि वीडियो दिखा कर महेश नोनिया उसे ब्लैकमेल करता था और लगातार दो वर्षों तक दुष्कर्म करता रहा। अनुसंधान के बाद पुलिस ने महेश के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने इस मामले में आठ गवाहों का परीक्षण कराया था।

## राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ का चुनाव 27 को



**धनबाद।** राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ की केंद्रीय कार्य समिति एवं कार्यकारिणी समिति के चुनाव को लेकर शुक्रवार को संघ की बैठक हाउसिंग कॉलोनी में हुई। बैठक में चुनव के लिए काशीनाथ प्रसाद को निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया। इसके बाद निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव अधिसूचना जारी की। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी को सुबह 11 से 3 बजे तक नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया होगी। 26 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच एवं 27 फरवरी को मतदान और उसी दिन मतगणना एवं परिणाम की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए वे कटिबद्ध हैं। अध्यक्षता महामंत्री अवधेश कुमार ने की तथा संचालन संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा ने किया। मौके पर सुनील सिंह, उदय शर्मा, सुमेश कुमार पांडेय, रंजीत कुमार यादव गुड्डु, रामनन्द प्रसाद, शंकर सिंह, कामेश्वर यादव, गंगा सिंह, गनौरी मिस्त्री, फैजान करीम, संजय मंडल आदि मौजूद थे।

## जेबीकेएसएस ने गोविंदपुर अंचल कार्यालय के समक्ष दिया धरना

# सभी गैराबाद जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोविंदपुर।** गोविंदपुर अंचल की सभी गैराबाद जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने, नया प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोला कुरची की जमीन पर कब्जा सहित सात सूत्री मांगों के समर्थन में शुक्रवार को जेबीकेएसएस के बैनर तले अंचल कार्यालय के समक्ष धरना दिया गया। नेतृत्व जेबीकेएसएस नेता अखलाक अंसारी, युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष कुश महतो, मुखिया निमाई महतो, उप मुखिया चंडी महतो आदि ने किया। धरना में स्कूली बच्चों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण ने भी भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि बागसुमा पंचायत अंतर्गत नया प्राथमिक विद्यालय कुरची की 1.72 एकड़ जमीन पर भू-माफिया द्वारा कब्जा किया जा रहा है। उक्त सरकारी जमीन की अंचल कार्यालय द्वारा रसीद भी काट दी गई है। कुश महतो ने कहा कि अंचल कार्यालय में म्यूटेशन एवं ऑनलाइन का काम समय पर नहीं हो रहा है। इसी तरह जाति आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र भी समय पर निर्गत नहीं हो रहा है। जमीन मापी के नाम पर वसूली हो रही है। अंचल कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा ससमय काम नहीं किया जा रहा है और जनता दरबार में दिए गए आवेदनों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि दाखिल खारिज और ऑनलाइन के नाम पर जनता को दौड़ने की प्रवृत्ति बंद नहीं की गई तो विधायक जयराम महतो के नेतृत्व में आंदोलन किया जाएगा। अखलाक अंसारी ने कहा कि अंचल कार्यालय जमीन दलालों को संरक्षण दे रहा है। घूसखोरी का अड्डा बन गया है। जनता दरबार में आए एक भी आवेदन का निष्पादन नहीं हो पाया है। म्यूटेशन के लिए घूसखोरी चरम पर है। धरना में सहदेव महतो, डिंपल चौबे, बलराम महतो, गौतम महतो, मंताज अंसारी, गुड्डु, चंदन, प्रेम, महेश आदि शामिल थे। स्कूली बच्चों को लेकर धरना दिया गया। इस संबंध में सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि 25 वर्ष पूर्व सरकार ने एससी समुदाय को उक्त जमीन की बंदोबस्ती कर दी है। इससे अंचल कार्यालय का कोई लेना-देना नहीं है। जिसे बंदोबस्ती दी गई थी, उसने विद्यालय के लिए 30 डिसमिल जमीन छोड़ भी दी है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# दूसरे वनडे में होगी कोहली की वापसी

**दाएं घुटने में सूजन के कारण नहीं खेल पाए थे कोहली**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार (09 फरवरी) को कटक में खेला जाएगा। इस मैच में दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली वापसी करेंगे। इसकी जानकारी टीम के उपकप्तान शुभमन गिल ने दी। उन्होंने किंग कोहली की फिटनेस को लेकर चल रही आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि वह दूसरे वनडे में वापसी करेंगे। पिछले मैच में कोहली अपने दाएं घुटने में सूजन के कारण नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह श्रेयस अय्यर को प्लेइंग 11 में शामिल किया गया था। कोहली की इस परेशानी ने भारतीय टीम की चिंताएं बढ़ा दीं थीं। दरअसल, टीम इंडिया को 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई जाना है। आगामी टूनार्मेंट की तैयारी को देखते हुए यह काफी महत्वपूर्ण है। नागपुर में पहले वनडे में 87 रन बनाकर भारत की चार विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले गिल ने डिजनी हॉटस्टार से कहा, उनकी (कोहली) चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने बुधवार को अच्छा अभ्यास किया था लेकिन गुरुवार की सुबह उनके घुटने में कुछ सूजन थी। वह निश्चित रूप से दूसरे वनडे में वापसी करेंगे। शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज ने कहा कि वह पहले वनडे में शतक को ध्यान में रखकर नहीं खेल रहे थे। उन्होंने कहा, नहीं मैं अपने शतक के बारे में नहीं सोच रहा था। मैं क्षेत्ररक्षण की सजावट पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और उसी के अनुरूप अपने शॉट खेल रहा था। मैं गेंदबाज पर हावी होने की कोशिश कर रहा था।



### तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने में परेशानी महसूस कर रहे गिल

गिल वनडे में पारी की शुरूआत करते रहे हैं लेकिन उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने में कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा, मैं टेस्ट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करता हूं इसलिए मुझे बहुत अधिक सामंजस्य नहीं बिठाना नहीं पड़ा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना बेहद चुनौती पूर्ण होता है क्योंकि आपको खेल की स्थिति के अनुसार खेलना होता है। गिल ने कहा, अगर टीम ने जल्दी विकेट खो दिया हो तो फिर आपको संभल कर बल्लेबाजी करने होती है। अगर टीम को अच्छी शुरूआत मिली हो तो आपको उसे आगे बढ़ाना होता है। मैं मैच की स्थिति के अनुसार खेलता हूं।

## रोहित शर्मा चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म में आना जरूरी : रैना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुरेश रैना को लगता है कि अगर रोहित शर्मा चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत से पहले फॉर्म में आ जाते हैं, तो वह अलग तरह के कप्तान होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय कप्तान ने अपनी लय हासिल करने की कोशिश की, लेकिन साकिब महमूद की गेंद पर वह हवा में उछल गए और 7 गेंदों पर सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए। रैना ने कहा कि अगर रोहित थोड़ा और प्रयास करते तो नागपुर की पिच उनके लिए वापसी के लिए एकदम सही थी। पूर्व क्रिकेटर ने



आगे कहा कि रोहित कटक वनडे में अपनी फॉर्म में वापस आ सकते हैं, जो 9 फरवरी को खेला जाएगा। रैना ने कहा, मुझे लगता है कि अगर रोहित शर्मा ने थोड़ा और प्रयास किया होता तो यह विकेट उनकी वापसी के लिए अच्छा होता। अब टीम कटक जाएगी, जहां वह अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। अगर वह चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म में आ जाते हैं, तो हम एक अलग तरह के कप्तान और उनके अलग तरह के दृष्टिकोण को देखेंगे। अपनी पिछली 16 पारियों में रोहित ने तीनों प्रारूपों में सिर्फ 166 रन बनाए हैं। भारत को मैच में विराट कोहली की सेवाएं नहीं मिलीं क्योंकि स्टार बल्लेबाज दाएं घुटने की चोट के कारण नागपुर में मैच से बाहर हो गए थे। रैना ने कहा कि शीर्ष 3 को शेष 2 मैचों में एक साथ खेलने की जरूरत है क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उनका फॉर्म महत्वपूर्ण होगा। रैना ने कहा, इसलिए यह सवाल महत्वपूर्ण है कि क्या विराट कोहली समय पर फिट होंगे, क्योंकि बड़े टूनार्मेंट से पहले इन दो मैचों में शीर्ष तीन का एक साथ खेलना बहुत महत्वपूर्ण है।

### मांजरेकर ने गिल को लंबी रेस का घोड़ा बताया



**नयी दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट में लंबे समय तक बने रहने वाले खिलाड़ी के रूप में चुना। गिल के मास्टरक्लास के अलावा मांजरेकर श्रेयस अय्यर के 'बेदाग' स्ट्रोक प्ले से भी प्रभावित हुए और उनकी आक्रामक 59 (36) की पारी को 'गुणवत्ता' के आधार पर 10/10 रेटिंग दी। गिल और श्रेयस इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में भारत की चार विकेट की जीत में अग्रणी भूमिका में थे। गिल और अय्यर ने पारी को बिखरने से बचाने के लिए कड़ी मेहनत की।

## जसप्रीत बुमराह की पीठ का स्कैन हुआ



**नयी दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने में 2 हफ्ते से भी कम का समय है, लेकिन जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता पर अबतक सस्पेंस बना हुआ है। आस्ट्रेलिया दौरे पर सिडनी टेस्ट के दौरान बुमराह को पीठ में दिक्कत हुई थी। इसके कारण वह दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए। हालांकि, उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में चुना गया है, लेकिन फिट होने पर ही वह दुबई जाएंगे। इस बीच शुक्रवार को जानकारी दी कि जसप्रीत बुमराह की पीठ का स्कैन और इसका मूल्यांकन बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी में हो गया है। अगले 24 घंटों काफी अहम होने वाले हैं। इस दौरान मेडिकल रिपोर्ट आएगी। बुमराह के बेंगलुरु में रहने की संभावना है, ताकि वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की मेडिकल टीम के साथ चर्चा कर सकें और आगे की रणनीति बना सकें। जब जनवरी में बुमराह ने पहली बार स्कैन करवाया था, तो रिपोर्ट डॉ. शाउटेन को दी गई थी और इस बार भी उन्हें ही जानकारी दी जा सकती है।

## सचिन ने राष्ट्रपति मुर्मु से मुलाकात की



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने परिवार के साथ गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान सचिन तेंदुलकर ने राष्ट्रपति मुर्मु को जर्सी भेंट की और उनके साथ अमृत उद्यान का भी दौरा किया। इसके बाद सचिन तेंदुलकर ने अपनी पत्नी अंजली तेंदुलकर और बेटी सारा तेंदुलकर के साथ फोटो भी खिंचवाई। इस मुलाकात के दौरान तेंदुलकर ने एक क्रिकेटर के रूप में अपनी यात्रा के प्रसंगों के माध्यम से प्रेरणा के सिद्धांतों को साझा किया। इस सत्र में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों और छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने टीम वर्क, दूसरों का ख्याल रखने, दूसरों की सफलता का जश्न मनाने, कड़ी मेहनत करने, मानसिक और शारीरिक मजबूती विकसित करने और जीवन निर्माण के कई अन्य पहलुओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भविष्य के खेल सितारे दूरदराज के इलाकों और आदिवासी समुदायों और उन इलाकों से जायेंगे जो इतने विशेषाधिकार प्राप्त नहीं हैं।

### अयूब चैंपियंस ट्रॉफी से हुये बाहर

**लाहौर।** पाकिस्तान के बाएं हाथ के बल्लेबाज सैम अयूब टखने की चोट के कारण आगामी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गये है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि अयूब दाएं टखने में लगी चोट से अच्छी तरह से उबर रहे हैं। वह अभी इंग्लैंड में हैं और चोट से पूरी तरह से उबरने तक वह इंग्लैंड में ही रहेंगे। दक्षिण अफ्रीका के साथ केपटाउन टेस्ट में क्षेत्ररक्षण के दौरान उन्हें यह चोट लगी थी और इससे उबरने में उन्हें कम से कम 10 सप्ताह का समय लगेगा।

### आस्ट्रेलिया बनाई 73 रन की बढ़त

**गाल।** एलेक्स कैरी (नाबाद 139) और कप्तान स्टीव स्मिथ (नाबाद 120) की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत आस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ तीन विकेट पर 330 का स्कोर खड़ा कर 73 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ बना ली हैं। श्रीलंका ने कल के नौ विकेट पर 229 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। शुक्रवार को सुबह के सत्र में मैथ्यू कुनमन ने लाहिरू कुमारा को आउट कर श्रीलंका की पारी का अंत किया। लाहिरू कुमारा ने 26 गेंदों में मात्र दो रन बनाये।

## मुंबई का हरियाणा से होगा क्वार्टर फाइनल में सामना

एजेंसी

**कोलकाता।** गत चैंपियन मुंबई की टीम हरियाणा के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में मैदान पर उतरेगी। पहले यह मैच हरियाणा के लाहली में खेला जाना था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इसे स्थानांतरित करके ईडन गार्डंस को इसकी मेजबानी सौंप दी थी। बीसीसीआइ ने हालांकि इसका कोई कारण नहीं बताया था। हरियाणा को इस तरह से इस मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने का मौका नहीं मिलेगा जबकि मुंबई अपने पेशेवर दृष्टिकोण के कारण किसी भी तरह की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में माहिर है। हरियाणा का सामना 42 बार के चैंपियन मुंबई से हो रहा है और अगर उसे इस मैच में अपेक्षित परिणाम हासिल करना है तो उसे स्थान बदलने के बारे में सोचने के बजाय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### सूर्यकुमार और शिवम दुबे पर रहेगी नजर



भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे के जुड़ने से मुंबई को और अधिक मजबूती मिली है। यही नहीं मुंबई की टीम मेघालय को पारी और 456 रन से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची है और अब वह बढ़े मनोबल के साथ मैदान पर उतरेगी। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे के पास कई विकल्प हैं और उनके लिए अंतिम एकादश का चयन करना आसान नहीं होगा।

**अजिंक्य रहाणे के लिए प्लेइंग 11 का चुनाव नहीं होगा आसान :** पिछले मैच में मुंबई की तरफ से सिद्धेश लाड, आकाश आनंद और शम्स मुलानी ने शतक लगाए थे और यहां तक कि रहाणे ने भी 96 रन बनाए थे। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि सूर्यकुमार और दुबे को किन खिलाड़ियों के स्थान पर अंतिम एकादश में शामिल किया जाता है। यहां तक कि तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने भी 42 गेंद पर 84 रन की तूफानी पारी खेली थी।

### शानदार वापसी से प्रेरणा लेना चाहेगा सौराष्ट्र

राजकोट में खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में सौराष्ट्र और गुजरात आमने सामने होंगे। इस मैच में सौराष्ट्र अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगा। सौराष्ट्र की मौजूदा रणजी सत्र में शुरूआत अच्छी नहीं रही थी तथा उसके पहले चार मैच के बाद केवल चार अंक थे। इसके बाद उसने अगले तीन मैच बोनस अंक के साथ जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह सुरक्षित की। सौराष्ट्र की निगाह पांच वर्ष में तीसरा खिताब जीतने पर टिकी होगी लेकिन वह गुजरात को कम करके आंकने की गलती नहीं करेगा। गुजरात ने लीग चरण में 32 अंक हासिल किए थे और वह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेगा।

**तमिलनाडु और विदर्भ में रोचक मुकाबले की संभावना :** नागपुर में खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में विदर्भ और तमिलनाडु आमने-सामने होंगे। विदर्भ छह मैच में जीत और 40 अंक लेकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और वह घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेगा। तमिलनाडु ग्रुप डी में सात मैचों में तीन जीत और तीन ड्रॉ के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। दूसरी ओर, विदर्भ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा। जहां तक विदर्भ की बल्लेबाजी का सवाल है तो सभी की निगाहें करुण नायर पर टिकी रहेंगी जिन्होंने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। तमिलनाडु की तरफ से एन जगदीशन, बाबा इंद्रजीत और विजय शंकर पर रन बनाने की मुख्य जिम्मेदारी होगी।

**पुणे में जम्मू कश्मीर और केरल होंगे आमने-सामने :** हरियाणा की तरह जम्मू कश्मीर को भी केरल के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का फायदा नहीं मिलेगा। पहले यह मैच जम्मू में खेला जाना था लेकिन बाद में इसे पुणे स्थानांतरित किया गया। इस मामले में हालांकि जम्मू कश्मीर क्रिकेट संघ ने जम्मू में मैदान की स्थिति को लेकर बीसीसीआइ के सामने चिंता व्यक्त की थी और इसके बाद ही इस मैच का स्थल बदला गया।

## मैं देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकती हूं : सोनम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया महिला लीग में शानदार प्रदर्शन करने के दम पर महिला प्रो लीग के लिए सीनियर राष्ट्रीय टीम के शिविर के लिए चुनी गई युवा हॉकी फारवर्ड सोनम को विश्वास है कि वह भारतीय टीम की तरफ से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेगी। महिला लीग में तीन मैच में चार गोल करने वाली 19 साल की सोनम को टूनार्मेंट की उदीयमान खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने इस टूनार्मेंट में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वाधिक गोल किए। वह इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों में तीसरे स्थान पर रही। भारत प्रो लीग में जर्मनी, नीदरलैंड, इंग्लैंड और स्पेन से भिड़ेगा। हरियाणा की रहने वाली सोनम ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, जब मेरे परिवार ने (राष्ट्रीय शिविर बुलाए जाने की) खबर सुनी तो उन्हें बहुत खुशी हुई। मुझे अच्छा लग रहा है और मेरा मानना है कि मैं भारत की तरफ से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकती हूं। उन्होंने कहा, मैं यहां राष्ट्रीय शिविर में सीनियर खिलाड़ियों से काफी कुछ सीख रही हूं और अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं उसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूंगी।



## लवलीना ने जीता स्वर्ण, थापा को रजत

एजेंसी

**देहरादून।** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में शुक्रवार को महिलाओं की 75 किग्रा स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि छह बार के एशियाई चैंपियन शिव थापा ने पुरुषों के 63.5 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया। पेरिस ओलंपिक के बाद अपना पहला टूनार्मेंट खेल रही असम की लवलीना ने तीनों दौर में चंडीगढ़ की युवा प्रतिद्वंद्वी प्रांशु राठौड़ पर एकतरफा 5-0 की जीत दर्ज की।थापा को पुरुषों के लाइट वेल्टरवेट (63.5 किग्रा) वर्ग के फाइनल में निराशा का सामना करना पड़ा। उन्हें सेना खेल संवर्धन बोर्ड के मुक्केबाज वंशज से करीबी मुकाबले में 4-3 से हराया। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता सेना की जैस्मिन लम्बोरिया ने महिलाओं की 60 किग्रा स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप की कांस्य विजेता हरियाणा की मनीषा मौन पर 5-0 से जीत के साथ अपना दबदबा कायम किया। सेना के लिए एक और स्वर्ण पदक साक्षी ने जीता। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की विनाक्षी को 5-0 से हराया। दिन के अन्य मुकाबलों में सेना के मंडेंगबाम सिंह ने पुरुषों के फ्लाईवेट (51 किग्रा) वर्ग में चंडीगढ़ के अंशुल पूनिया को 4-1 खंडित फैसले से हराया। महिलाओं के बैंटमवेट वर्ग में मध्य प्रदेश की दिव्या पंवार ने उत्तर प्रदेश की सोनिया लाठेर को 4-1 से शिकस्त दी।

### पांच दिनी शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूनार्मेंट-2025 का दूसरा दिन

## गोरे व गोपी एलेवन की टीम पहुंची अगले राउंड में

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में शुक्रवार को पांच दिवसीय शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूनार्मेंट-2025 के दूसरे दिन का उद्घाटन मो. शाकिब, मो. एजाजुल, अमित खलखो, कुबान खान, गोपी नायक, वसीम खान खिलाड़ियों से परिचय कर किया। शुक्रवार को पहला मैच गोरे और नयासराय के बीच खेला गया। जिसमें गोरे की टीम दो विकेट से विजयी रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए नयासराय की टीम 60 रन बनाकर आउट हो गयी। इसके जवाब में गोरे की टीम दो विकेट शेष रहते 61 रन बनाकर मैच जीत लिया। इसमें अनिश खान ने अकेले 48 बनाए। वहीं दूसरा मैच महुआजाड़ी और गोपी एलेवन के बीच खेला गया। इसमें गोपी एलेवन की टीम 80 रन से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोपी एलेवन की टीम 153 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें गोपी ने सर्वाधिक 55 बन बनाए। इसके जवाब में महुआजाड़ी की टीम 73 रन पर ही सिमट गई। मैच के अंपायर आशीष गुप्ता और राहुल शाही थे। अपरिहार्य कारणों से सात फरवरी होने वाला दूसरा सेमीफाइनल नहीं हो सका। आठ फरवरी को पहला मैच बुढ़मू एलेवन व करकट एलेवन और दूसरा मैच पठान ब्रदर्श नेसार खान व चकमे एलेवन के बीच खेला जाएगा। दूसरे दिन के मैच के सफल आयोजन में ताबरक खान, फ्रांसिस जेवियर खलखो, मो. आरिश, विनेद खलखो, मो. रशीद सहित कई स्थानीय ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



गोपी नायक को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते मो. शाकिब।

## वैलेंसिया को हराकर बर्सिलोना कोपा डेल रे सेमीफाइनल में

एजेंसी

**मैड्रिड।** फेरान टोरेस ने पहले आधे घंटे में हैट्रिक बनाई जिससे बार्सिलोना ने वालेंसिया को 5-0 से करारी शिकस्त देकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। वहीं गत चैंपियन लिवरपूल ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टोटेनहम को 4-0 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना न्यूकैसल से होगा। बार्सिलोना की इस बड़ी जीत में टोरेस ने तीसरे, 17वें और 30वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा फर्मिन लोपेज ने 23वें और लैमिन यामल ने 59वें मिनट में गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने शान के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में रियाल सोसिदाद ने ओसासुना को 2-0 से पराजित किया। उसकी तरफ से एंडर बैरेनेटेक्सिया और ब्रिस मेन्डेज ने पहले हाफ में गोल किए। रियाल मैड्रिड और एटलेटिको मैड्रिड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्के कर चुके हैं।

### फाइनल में न्यूकासल से लिवरपूल की भिड़ंत



लिवरपूल सेमीफाइनल के पहले चरण में एक गोल से हार गया था, लेकिन दूसरे चरण में उसने बाजी पलटने में कोई कसर नहीं छोड़ी और 4-1 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की। लिवरपूल की तरफ से पहले हाफ में फॉरवर्ड कोडी गाकपो ने गोल करके उसे शुरूआती बढ़त दिलाई। इसके बाद मोहम्मद सलाह, डोमिनिक स्जोबोस्जलाई और वर्जिल वान डिज्क के गोल की मदद से उसने सेमीफाइनल के दूसरे चरण को एकतरफा बना दिया। अपने खिताब का बचाव करने के लिए लिवरपूल 16 मार्च को वेम्बली स्टेडियम में फाइनल में न्यूकैसल का सामना करेगा। न्यूकैसल ने पिछले 70 साल से कोई बड़ा घरेलू टूनार्मेंट नहीं जीता है।

## फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रांड स्लैम टूर : नोदिरबेक के खिलाफ गुकेश करेंगे अपने अभियान की शुरूआत

एजेंसी

**वांगएल्स, जर्मनी।** फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रांड स्लाम के पहले टूनार्मेंट जर्मनी में आरंभ होनें जा रहा है और भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश अपने चिर प्रतिद्वंदी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ खेलते हुए अपने अभियान की शुरूआत करेंगे, गुकेश यह मुकाबला काले मोहोरे से खेलेंगे। प्रतियोगिता में कुल 10 खिलाड़ी सबसे पहले राउंड रॉबिन आधार पर रैपिड फॉर्मेट में मुकाबले खेलेंगे और पहले दिन पांच और दूसरे दिन 4 मुकाबले खेलेंगे उसके बाद शीर्ष 8 खिलाड़ी प्ले ऑफ में प्रवेश कर जाएंगे जिसमें बेस्ट ऑफ टू के आधार पर क्लासिकल फॉर्मेट में मुकाबले खेले जाएंगे। गुकेश पहले दिन नोदिरबेक के अलावा फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा, यूएसए के लेवान अरोनियन, उज्बेक्सितान के जावोखीर सिंदारोव और यूएसए के हिकारु नाकामुरा से मुकाबला खेलेंगे। दूसरे दिन गुकेश यूएसए के फबियानों करूआना, जर्मनी के विन्सेंट केमर, स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव और आखिरी नौवे राउंड में नॉर्वे के मैगनस कार्लसन से बाजी खेलेंगे।

## स्पीड न्यूज

### जेपी आंदोलन कारियों की आशाएं आज भीं टिकी है अपने मंत्री संजय यादव पर



**गोड्डा।** जयप्रकाश नारायण के आंदोलन में शामिल रहे तब के युवा आज के बुजुर्गो की एक बैठक आज शहीद स्तम्भ के प्रांगण में सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता धन्यजय महतो ने की। बैठक में उपस्थित तमाम आंदोलनकारी अब गोड्डा विधायक और झारखण्ड सरकार मंत्री नियोजन श्रम कौशल विभाग संजय प्रसाद यादव पर सबकी निगाहें टिकी हैं। जिन्हे पेंशन पहले मिल चुका है एक वर्ग को और जो एक माह या उससे कम कारागार में रहे और तीन वर्षो तक कैस मुकदमे में उलझ कर जिंदगी बर्बाद कर ली है उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ सिर्फ बबार्दी के वो आंदोलन कारी अब स्थानीय विधायक और मंत्री संजय प्रसाद यादव से आश लगाए बैठे हैं अगर कुछ कर सकते हैं तो वो संजय प्रसाद यादव ही कर सकते हैं जो भीं आंदोलनकारी बचे हुए हैं उन सबको कागजात के आधार पर पेंशन दिला कर उनके साथ भीं न्याय कर सकते हैं और किसी में दम नहीं। आंदोलनकारीयों ने उनसे मुलाकात कर अपनी मांग रखी है और दुबारा उनसे मिलकर मांग पत्र भीं समर्पित करेंगे। एक मात्र भरोसा का आधार स्थानीय विधायक पर अटूट विश्वास है। बैठक में निर्णय लिया गया की अगली बैठक 18/2/2025 को पुनः की जाएगी और मंत्री जी से मिलकर उनसे गुहार लगाई जाएगी की इस पर ध्यान देकर आंदोलन करियों को पेंशन दिलाने की कृपा करें। आज की बैठक में डा ङ्क दिलीप कुमार झा पत्रकार, जगदीश मंडल,श्याम सुन्दर शाह, शुक्रदेव यादव, चक्रधर यादव, बसंत यादव, सत्यनारायण मंडल, बशुकि भगत, रामधणी शाह, शिव पूजन महतो, शुक्रदेव यादव, दिनेश प्रसाद सिंह, भोला प्रसाद मंडल, अशोक शाह आदि उपस्थित थे साथ ही आंदोलन करियों की बेवा पत्नियों की भीं उपस्थिति थी।

### एसडीपीओ गोड्डा ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश



**गोड्डा।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय, गोड्डा में एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने गोड्डा अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न थानों के थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक संपन्न की । इस दौरान लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं अन्य कई मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर वार्ता की गई एवं उनके द्वारा सभी थाना प्रभारी को कई दिशा निर्देश दिए गए।

### डीसी के निर्देश पर अपर समाहर्ता ने किया डीएमटीएफ समिति की बैठक



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी विजया जाधव के निर्देश पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक की। मौके पर एआरएम आद्रा मंडल विनीत कुमार सहा. वन प्रमंडल पदाधिकारी संदीप शिंदे जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ आदि उपस्थित थे। अपर समाहर्ता ने उपस्थित पदाधिकारियों से पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की क्रमवार जानकारी ली। डीएमओ ने क्रमवार अनुपालन की जानकारी दी। जिला खनन टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा की गई कार्रवाई से अवगत कराया और कहा कि बालू पत्थर कोयला खनिज के कुल 86 वाहनों को जब्त- 11 के विरुद्ध प्राथमिकी एवं कुल 4.90 लाख जुमार्ना वसूली किया गया है। अपर समाहर्ता ने एसडीओ को निगरानी करते हुए अंचल स्तर पर अभियान चलाकर अवैध खनन व परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने को कहा। अपर समाहर्ता ने पत्थर खनन क्षेत्र/ क्रशर मिलों का भी औचक निरीक्षण करते हुए लीज क्षेत्र की मापी व अन्य नियमों का जांच करने को कहा। बैठक में उपस्थित एआरएम एवं सीसीएल प्रबंधन के पदाधिकारियों को भी अपने स्तर से भी सुनिश्चित करने को कहा है कि उनके अधिग्रहित क्षेत्र में भी किसी तरह का अवैध खनन व परिवहन नहीं हो। कोल कंपनियों को नॉन ऑपरेशनल कोल ब्लॉक/खनन पट्टा से संबंधित प्रतिवेदन कार्यालय को समर्पित करने को कहा गया। बैठक में कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर जरूरी दिशा - निर्देश दिया गया। बैठक में सम्बद्ध पदाधिकारी उपस्थित थे।

### क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना होने से लोगों में हड़कंप

**कुजू।** कुजू पुलिस के लिए चोरों को पकड़ना एक चुनौती बन गया है। क्योंकि देखा जाये तो ओपी क्षेत्र में करीब एक सप्ताह में 4 से 5 चोरी हो गयी है। अब तो लगने लगा है कि सच में चोरों के अंदर पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। लगातार क्षेत्र में हो रहे चोरी से लोगों के बीच पुलिस से विश्वास भी उठने लगा है। इधर चोरों ने 5 व 6 फरवरी को कुजू नागकन्या मंदिर के पास गणपति टेलीकॉम मोबाइल दुकान में चोरी कर लिया। जबकि बोंगावार में राशन दुकान में चोरी का प्रयास किया।

# माफियाओं से वन को बचाना एवं अगलगी की घटना को रोकना जरूरी : बिष्णुचरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** केंद्रीय वन पर्यावरण सुरक्षा सह प्रबंधन समिति की ओर से कसमार के दुगार्पुर वन समिति की तिलयतरिया आमलाटांड़ में संपन्न बैठक की अध्यक्षता सरयू प्रसाद महतो एवं संचालन संदीप कुमार महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से दुगार्पुर वन समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से दिगंबर महतो को अध्यक्ष तथा अवधेश कुमार सोरेन को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं सह सचिव परमेश्वर महतो को चुना गया इसके अलावा 6 महिला सदस्य एवं 12 पुरुष सदस्य चुने गये। इस दौरान केंद्रीय उपाध्यक्ष विष्णुचरण महतो ने कहा कि गांवों की वन समितियों की सक्रियता से वनों में पुनः हरियाली छाई है लेकिन कुछ वर्षो से हरे-भरे वनों पर माफियाओं की बुरी नजर लगी है। वन समितियों को पुनः सक्रिय होकर वनों सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है तभी वन संपदा के साथ पर्यावरण का संरक्षण हो पायेगा। केंद्रीय सदस्य आनंद महतो ने कहा कि कुछ वर्षों से जंगल में आग लगने की कठिन समस्या आ रही है। जंगल में आग लगने से होने वाली समस्याओं से लोगों को जागरूक करना जरूरी है। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो कोषाध्यक्ष कार्तिक माथा केंद्रीय समिति के सदस्य आनंद कुमार महतो शंकर बेदिया राजेश्वर महतो प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो महेश महतो वाणेश्वर महतो तपेश्वर महतो अर्जुन महतो वाणसिंह महतो रिखीलाल महतो नितेश करमाली दशरथ महतो गोवर्धन महतो हरिहर महतो सृष्टिधर महतो संजय सोरेन अभिमन्यु मांझी विशेश्वर मांझी रामेश्वर मांझी रामचरण महतो संजय महतो जलेश्वर मांझी राजू महतो धांसू महतो राजन महतो आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## मत्स्य विभाग ने मत्स्य पालन को लेकर किया जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार अंतर्गत मत्स्य निदेशालय रांची द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला जिला मत्स्य कार्यालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य था-जिले के मत्स्य किसानों को अधिक से अधिक मत्स्य पालन से जोड़ सके तथा उक्त सभी किसानों को स्पर्म उपलब्ध कराया जा सके ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मत्स्य पालन कर जीविकोपार्जन कर सके।

मौके पर उपनिदेशक मत्स्य विभाग रांची संजय कुमार गुप्ता एवं प्रशांत कुमार दीपक जिला मत्स्य पदाधिकारी पी भार्गवी जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज मनी जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी अंजली राय डीडीएम नाबार्ड फिल्मन बिलुंग जिला मत्स्य पालन विस्तार पदाधिकारी राजीनी गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे। उपनिदेशक श्री गुप्ता ने कहा कि सरकार के द्वारा मत्स्य पालन के लिए कई अवसर देकर योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। मत्स्य विभाग से जुड़कर अन्य लोगों को भी जोड़कर लाभ दिलाए और अपनी आमदनी भी बढ़ाएं। डीपीएलआर श्रीमती मेनका ने कहा कि जिला स्तरीय कार्यशाला में आने वाले सभी मत्स्य किसानों को अपने अपने क्षेत्रों में जाकर इसको लागू करना है।

मौके पर मत्स्य विभाग के मत्स्य बीज उत्पादकों के साथ समीक्षा भी किया गया। जिला मत्स्य पदाधिकारी पी भार्गवी ने कहा कि मत्स्य विभाग के द्वारा कृषकों को कई प्रकार के लाभ देकर मत्स्य पालन से जोड़ने का प्रयास जारी है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बने जलाशयों का उपयोग सही ढंग से हो सके। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों के मत्स्य बीज उत्पादक सहित मत्स्य किसान शामिल हुए।

### भाजपा भदानीनगर मंडल की देवरिया पंचायत भवन में हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देवरिया पंचायत भवन में शुक्रवात को भाजपा भदानीनगर मंडल की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी और संचालन मोती नारायण सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भदानीनगर मंडल चुनाव प्रभारी रंजन सिंह फौजी, सह चुनाव प्रभारी कुमेल उरांव और सदस्यता मंडल प्रभारी संजीव कुमार बावला उपस्थित थे। बैठक में अतिथियों द्वारा बताया गया की आगामी 12 फरवरी तक 14 शक्ति केन्द्रों में प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। सभी शक्ति केन्द्रों में संयोजक सह संयोजक का चुनाव कराने, साथ मिलकर बूथ अध्यक्ष का चुनाव कराने और कमेटी बनाने का दिशा निर्देश भी दिया गया। कहा गया कि जो सक्रिय सदस्य नहीं बन पाएं हैं वे रसीद के माध्यम से 50 लोगों का सदस्यता शुल्क भरकर 100 रुपए का रसीद दें और सक्रिय सदस्य बनाएं।

## किशोरियां एक्सपोजर विजिट कर सरकारी योजना व कानूनी प्रक्रिया से हुई अवगत




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** सहयोगिनी संस्था बहादुरपुर से जुड़ी कई गांव की किशोरियों में नेतृत्व क्षमता विकास को लेकर जिलास्तरीय एक्सपोजर विजिट कराया गया। इस दौरान किशोरियों ने डालसा कार्यालय सिविल सर्जन कार्यालय फैमिली काउंसिलिंग सेंटर डीसी कार्यालय एसपी कार्यालय सीडब्ल्यूसी कार्यालय महिला थाना शिक्षा विभाग कार्यालय डीसीपीयू कार्यालय आदि जिला कार्यालय का एक्सपोजर विजिट किया।

इस दौरान किशोरियों ने विभिन्न कार्यालय में सम्बद्ध पदाधिकारी से मिलकर जिले के अलग अलग विभागों से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस टीम में शामिल सहयोगिनी की कुमारी किरण सूर्यमनी देवी एवं सोनी देवी ने बताया कि कसमार प्रखंड के पोंडा सोनपुरा एवं गर्री पंचायत के 11 गांव में किशोरी क्लब बनाकर उनके नेतृत्व क्षमता विकास तथा बाल विवाह के खिलाफ पिछले 4 साल से कार्य चल रहा है। इस दौरान बच्चों को मिलनेवाली कानूनी अधिकार- स्वास्थ्य व अन्य कई तरह की सुविधाओं तथा पॉक्सो एक्ट घरेलू हिंसा दहेज उत्पीड़न समेत किशोरियों से संबंधित सरकारी योजनाओं से जुड़ाव की जानकारी प्राप्त की । इस टीम में आशा कुमारी सोनी कुमारी सुनीता कुमारी ममता कुमारी सीता कुमारी गायत्री कुमारी प्रेरणा कुमारी लक्ष्मी कुमारी खुशबू कुमारी आंचल कुमारी अंजली कुमारी संजना कुमारी आदि शामिल थी।

### कसमार प्रखंड में 30 हजार से अधिक सदस्य बनाएगी झामुमो : रतनलाल मांझी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सदस्यता अभियान के तहत कसमार प्रखंड के मधुकरपुर पंचायत धुमधुमी टांड़ में कसमार प्रखंड संयोजक पर्यवेक्षक हीरालाल मांझी की उपस्थिति में सदस्यता अभियान की शुरूआत करते हुए बोकारो जिला संयोजक प्रमुख रतनलाल मांझी ने बताया कि प्रत्येक पंचायत में 2 से 3 हजार तक सदस्य बनाये जाने का लक्ष्य है। कसमार प्रखंड में लगभग 30 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। कहा कि सदस्यता अभियान का कार्य द्रुतगति से करते हुए पंचायत, प्रखंड एक ज़िला समिति का भी गठन किया जायेगा। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के सभी वर्गों के हित कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिससे लोगों का झुकाव झामुमो की ओर ज्यादा हो रहा है। मौके पर कसमार प्रखंड संयोजक प्रमुख दिलीप कुमार हेंब्रम, सदस्य सोहेल अंसारी, सिकंदर कपरदार, सुभाष ठाकुर, धीरेंद्र नाथ महतो वरीय नेता फारूक अंसारी सगीर अंसारी, मुन्ना धनंजय स्वर्णकार, मनोज ठाकुर, मिथलेश तिवारी, महिला नेत्री उषा देवी, रीता समेत दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सीसीएल कथारा जीएम ने क्षेत्रीय अस्पताल कथारा का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो /कथारा।** क्षेत्रीय अस्पताल कथारा में बीते रात्रि भुरकुंडवा बस्ती के नरेश यादव उर्फ पंडरा के इलाज के दौरान हुई मौत से आक्रोशित होकर ग्रामीणों द्वारा किए हंगामे के मामले को लेकर गुरुवार को क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने अस्पताल का निरीक्षण किया। मालूम हो कि ग्रामीणो ने अस्पताल में चिकित्सक की कमी व इलाज में हुए विलंब तथा लापरवाही के कारण नरेश यादव की हुई मौत का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। महाप्रबंधक को रात्रि पाली में तैनात डाक्टर एवं अन्य मेडिकल कर्मियों ने घटनाक्रम के बारे में बताया कि बुधवार की रात गंभीर अवस्था में मरीज नरेश यादव को अस्पताल में लाया गया। डॉ अमर कुमार ने प्राथमिक उपचार करने के बाद तत्काल बेहतर उपचार के लिए बोकारो के बीजीएच अस्पताल रेफर कर दिया था। एंबुलेंस में मरीज को शिफ्ट करके बोकारो भेजने की तैयारी चल ही रही थी कि इसी क्रम में नरेश यादव की मृत्यु हो गई मरीज के साथ आये परिजन रोने लगे और इसकी जानकारी होते ही अस्पताल में कुछ ग्रामीण पहुंचे और अस्पताल मे कार्यरत कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार व गाली ग्लोज करते हुए अस्पताल मे तोड़ फोड़ कर हंगामा करने लगे। देर रात्रि हुए हंगामा से डरे हुए अस्पताल के सभी मेडिकल स्टाफ गुरुवार को अपनी सुरक्षा को लेकर पहले अपने एरिया मेडिकल ऑफिसर एमएन राम से मुलाकात की।

लेकिन ठोस एवं संतोष जनक जवाब नहीं मिलने से नाराज सभी सिस्टर,कम्पाउंडर,ड्रेसर, दवा वितरक, वार्ड कर्मी सहित अन्य कार्यालय कर्मी महाप्रबंधक कार्यालय पहुंच गए। महाप्रबंधक से मिलने का प्रयास किया लेकिन उस समय वह उपलब्ध नहीं थे।यहां उपमहाप्रबंधक सीबी तिवारी से मुलाकात कर बीते रात्रि की घटना को विस्तृत रूप से उन्हें अवगत कराया। उन्हें विश्वास दिलाया गया की पूरी सुरक्षा दी जाएगी ताकि सभी लोग सुरक्षित माहौल में अपने कार्य को कर सके। इस मौके पर सिस्टर प्रभावती, मंजू कुमारी, प्रभा कुमारी, गोरेन्ति, निमावती, रिमझिम, रूपा, करिश्मा, सीमा, आदि लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### संगठित गिरोहों द्वारा करायी जा रही कोयले की चोरी

**बेरमो।** बोकारो जिला के सीसीएल कथारा क्षेत्र इन दिनों संगठित कोयला तस्करों का चारागाह बन गया है। प्रशासनिक शिथिलता तथा सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही का आलम यह है कि यहां से प्रतिदिन कम से कम 10 ट्रक कोयले की चोरी कर अवैध धंधेबाज उक्त कोयले को ट्रकों के माध्यम से बाहर की मंडियों में भेज कर मालामाल हो रहे हैं। इसमें कथित कुछ सुरक्षा कर्मियों तथा स्थानीय पुलिस की भी मिली भगत की बात कही जा रही है। आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कथारा क्षेत्र के जारंगडीह, स्वांग, गोविंदपुर, कथारा वाशरी तथा कथारा कोलियरी से प्रतिदिन 10 ट्रक कोयला अवैध रूप से चोरी कर तस्करों द्वारा एकत्रित की जाती है, जिसे बाहर की मंडियों में रात के अंधेरों में भेज दी जाती है। इस कार्य में खदान क्षेत्र के आसपास के महिला-पुरुष को तस्कर ढाल बनाकर अपना उल्लू सीधा कर रहें हैं। सूत्र बताते हैं कि जारंगडीह से चोरी का कोयला खेतको मार्ग तथा बांधघूट के जंगल में एकत्रित किया जाता है, जबकि कथारा कोलियरी तथा कथारा वाशरी से चोरी का कोयला को झिरकी व सरहचिया के जंगल तथा दामोदर नदी तट ईट भट्ठा के समीप के अलावा नैनाटांड- तेनुघाट मार्ग पर मस्जिद के पीछे जंगल में कोयला तस्करों द्वारा छिपा कर रखा जाता है। बताया जाता है कि इस धंधे में कुछ सफेदपोश के अलावा स्थानीय पुलिस प्रशासन तथा सीसीएल कथारा क्षेत्र के क्षेत्रीय सहित परियोजनाओं के सुरक्षा कर्मियों की सहमति एवं हिस्सेदारी रहती है। ऐसे में यहां पुलिस की छवि तो धूमिल हो ही रही है, साथ में कई अन्य भी इस लपेटे में है। ऐसा जान पड़ता है मानो कथारा क्षेत्र में अवैध कोयले की मंडिया खुल गई है और धंधेबाजों की चांदी कट रही है। इस स्थिति में कोयला कंपनी के अलावा राज्य सरकार को प्रतिमाह करोड़ों रुपए का राजस्व की हानि होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### जुआरी, जुआ और जहन्नुम एक बबार्दी

**बेरमो।** जिंदगी में नशा किसी चिज का हो बड़ी खराब होती हैं. ये बेतरतीब, बेहया और बदनसीबी ही जिंदगी में लाती है। हमने कइयों बार सुना और कइयों बार अक्सर बोला जाता है अति सर्वत्र वर्जेयत यानि किसी भी चिज की अति हमेशा नुकसानदायक होती है। यहां बात जुए की लत की हो रही है, जो पूरे हिंदुस्तान में किसी न किसी रूप में हो रही है, चाहे परम्परा के नाम पर, तो कभी क्रिकेट, लुडो, ताश, मुर्गा -लड़ाई, हब्बा - डब्बा या कैसीनो के तौर पर. ये नशा ऐसा है जो किसी को भी बबार्दी की डगर पर ला खड़ा करता है.कभी -कभी ऐसा बवंडर आता है कि इंसान खुदकुशी को मजबूर हो जाता है। जुआ खेलने से आज तक कोई अमीर नहीं बना, जुआ खिलाने वाला ही दौलत हारता है। यह नशा इतना खराब होता है कि पलक झपकते राजा से फक ीर बना देता है. आपको याद होगा महाभारत में पांडव जुआ में ही अपनी पत्नी द्रोपदी समेत राज गंवा बैठे थे। तब ही महाभारत का युद्ध हुआ था। जुआ का इतिहास पुराना है पर काला है। जिसकी कालिख पुतने के बाद मिटती नहीं है बल्कि कलंक बन जाती है। आपको मालूम है कलंक कभी हटती नहीं। यदि सूत्रों की माने तो बेरमो कोयलाँचल में भी जुआ दशकों से चल रहा है !और आज भी ये अपने शबाब पर है। सबसे हैरत वाली बात ये है कि जुआ खेलना और खेलाना दोनों गैर कानूनी और अपराध की श्रेणी में आता है। लेकिन, इसे रोकने वाली पुलिस दशकों पहले भी नहीं रोकती थी और आज भी नहीं रोकती है? जबकि, इसके नुकसान देखे तो कई घर बर्बाद हो रहें है, अपनी गाढ़ी कमाई एक झटके में लुटा रहें है। बस लालच के चक्कर में, इसकी लत तो ये है कि सब रातों -रात अमीर बनने की ख्वाहिश पाले रहते हैं। लेकिन ये ख्वाब कभी जमीन पर नहीं उतर पाते। ये हमेशा मृगमिरिचका की तरह मन में खटकता रहता हैं.जिसकी फलिपूर्ति आखरी सांस तक नहीं हो पाती हैं। आज जुए का स्वरुप और तासीर सूचना क्रांति के जमाने में बदला है। लोग क्रिकेट में सट्टा लगाते है। बच्चे भी इसमे शामिल हो गए, पैसे कमाने की जिद में इसे आसान रास्ता मानते है। लेकिन ये बबार्दी की जमीन है, जहन्नुम का रास्ता है। जिंदगी में तूफान को आमंत्रण है। इसका एक ही मुक़्कमल उपाय है कि हर सूरत में इसे तत्काल छोड़ देना चाहिए। जो बच्चे इसमे कूदे पड़े है, उनपर बंदिशे लगानी चाहिए। हर हाल में, हर कीमत पर, हर संभव प्रयास होना चाहिए।

### अल्ट्रासाउंड जांच घर पर चलाए गये छापेमारी अभियान

**बेरमो।** डुमरी में प्रशासन में एक बार फिर से भ्रूण हत्या अवैध लिंग जांच को लेकर छापेमारी अभियान चलाया है। जहां गिरिडीह से आई टीम और डुमरी प्रभारी एसडीम ने कई अल्ट्रासाउंड जहां से घरों में छापेमारी अभियान चलाया। जहां जांच अभियान के दौरान कई अल्ट्रासाउंड जांच घर के संचालक जांच घर को ताला लगाकर भाग गए। वहीं गिरिडीह जिला से आई जांच टीम के डीआरसीएचओ डॉक्टर आरपी दास ने बताया कि 6 अल्ट्रासाउंड जांच घरों में छापेमारी अभियान चलाया गया हालांकि पांच जगह जांच घर बंद पाए गए। जबकि क्षितिज हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड जांच घर चालू पाया गया। हालांकि वहां डॉक्टर और कागजात सही पाए गए। इसको लेकर उन्होंने कहा कि जो भी अल्ट्रासाउंड जांच घर बंद पाए गए हैं वैसे लोगों को नोटिस भेजे जाएंगे। वहीं स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के इस छापेमारी अभियान से अवैध अल्ट्रासाउंड संचालकों में हड़प्पा मचा हुआ है।

### जिप सदस्य के द्वारा डॉ एस के सिंह को किया गया समानित

**बेरमो /कथारा।** कथारा क्षेत्रीय अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ एस के सिंह की पदोन्नति मिलने तथा क्षेत्र के लोगों के साथ मानवीय योगदान देने पर जिप सदस्य सह जनता मजदूर संघ के सी सी एल सचिव ओम प्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह के नेतृत्व में संगठन के साथियों के द्वारा पुष्प गुच्छ शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि डॉक्टर समाज के मुख्य स्तंभ होते हैं और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ निस्वार्थ भाव से सब की सेवा करना उनका दायित्व होता है।

## पेज एक का शेष

### 5 साल बाद घटा...

श्री मल्होत्रा ने कहा, यह बिजनेस, अर्थशास्त्री और सभी पार्टी के लिए जरूरी है। साथ ही बताया कि महंगाई लक्ष्य के अनुरूप बनी हुई है और इसमें कमी आ सकती है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि वित्त वर्ष 25 में जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत पर रह सकती है। वहीं, वित्त वर्ष 26 में जीडीपी विकास दर 6.7 प्रतिशत रह सकती है। अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 6.7 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.5 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.5 प्रतिशत रह सकती है। **रेपो दर में कटौती से लुढ़का बाजार :** आरबीआइ के रेपो दर में चौथाई फीसदी की कटौती से निवेश धारणा को बल नहीं मिला, जिससे ऊर्जा, एफएमसीजी, इंडस्ट्रियल्स और तेल एवं गैस समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

### झारखंड के बकाये की ...

**विकास कार्य बाधित :** वित्त मंत्री ने कहा है कि वर्ष 2000 में झारखंड राज्य के गठन के उपरांत राज्य के सामाजिक, आर्थिक दशा में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विकास नहीं हो पाया है। निरंतर झारखंड के अधिकांश भाग में सूखा पड़ने के कारण राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था काफी कमजोर हो चुकी है। वर्तमान प्रदेश सरकार झारखंड की आधी आबादी महिलाओं के सशक्तिकरण, कृषि के क्षेत्र दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, पशुपालन, बागवानी आदि योजनाओं को सुदृढ बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनना चाहती है। इसके लिए बकाया राशि मिलने से राहत मिलेगी।

## सदन में आम बजट पर चर्चा

# विपक्ष ने खोखला, सत्ता पक्ष ने उत्कृष्ट बताया







**नयी दिल्ली।** विपक्ष ने आम बजट 2025-26 को कृषि, शिक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से खोखला बजट करार दिया और संघीय भावना के विपरीत बताते हुए कहा कि इससे में राज्यों की चिंताओं का ख्याल नहीं रखा गया है जबकि सत्ता पक्ष ने आम बजट को अब तक का सबसे उत्कृष्ट बजट बताते हुए कहा कि गरीब, महिला, युवा और किसानों को केन्द्र में रख कर सरकार ने देश में पोषण से लेकर व्यक्तिगत आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रभावी कदम उठाये हैं।

लोकसभा में प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने आम बजट पर चर्चा शुरू करने के लिए कांग्रेस के डॉ. धर्मवीर गांधी का नाम पुकारा। इस पर कांग्रेस के के. वेणुगोपाल ने आपत्ति जतायी कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सदन में नहीं है। इसलिए चर्चा शुरू नहीं हो सकती है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मौजूद हैं और ऐसा कोई नियम नहीं है कि वित्त मंत्री के मौजूद नहीं होने पर चर्चा नहीं हो सकती। इस मुद्दे पर विवाद के बीच में अध्यक्ष ओम बिरला भी सदन में पहुंच गये। इसबीच वित्त मंत्री सदन में पहुंच गयीं और चर्चा शुरू हो गयी। डॉ. गांधी ने कहा कि भारत कोई एक राष्ट्र नहीं है जिसमें राज्यों को बांटा गया था बल्कि यह राज्यों ने अपने अधिकारों को त्याग कर एक राष्ट्र के रूप में स्वीकार किया था। यह बजट भी एकदिशिक है और संघीय व्यवस्था के खिलाफ है क्योंकि इसमें राज्यों की चिंताओं को कोई जगह नहीं दी गयी है और यह कमरों में बैठ कर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) राज्यों में बढ़ता है लेकिन बजट में राज्यों का ध्यान नहीं रखा जाता है।

उन्होंने बजटीय प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि कृषि की दृष्टि से यह बजट किसानों को कुछ नहीं दे रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की वैधानिक गारंटी की कोई बात नहीं की गयी है। कृषि उपकरणों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कोई राहत सरकार देना नहीं चाहती है। साल में कई हजार किसान मर जाते हैं। उनकी चिंताओं के लिए कुछ नहीं किया गया है। कृषि आधारित उद्योगों के लिए कुछ भी नहीं कहा गया है। इसी कारण बेरोजगार युवा खेती छोड़ कर विदेश जाते हैं और वहां से भी वे हथकड़ी बेड़ी बांध कर भगाए जा रहे हैं। यह सरकार की घोर लापरवाही है। उन्होंने कहा कि उद्योगों एवं विनिर्माण इकाइयों खासकर फार्मा उद्योग के लिए कोई योजना नहीं है। दस साल से इस क्षेत्र की अनदेखी की जा रही है। कुछ मेगा कारपोरेट के लिए एमएसएमई की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की भारी उपेक्षा की जा रही है। निजी क्षेत्र के संस्थानों में बहुत महंगी फीस है। आम लोगों में अपने बच्चे निजी संस्थानों में पढ़ाने की हैसियत नहीं हैं। ये निजी शैक्षणिक संस्थाएं छात्रों एवं अभिभावकों के अलावा शिक्षकों का भी शोषण कर रहीं हैं। शिक्षकों को अनुबंध की नौकरी पर कम वेतन पर रखा जा रहा है और उनकी हैसियत दिहाड़ी मजदूर जैसी हो गयी है।

डॉ. गांधी ने गरीबी कुपोषण, जलजनित संक्रामक रोगों का मामला उठाया और कहा कि ऐसे रोगों से हर साल लाखों लोग मर रहे हैं। लेकिन बजट में इसके लिए कुछ नहीं रखा गया है। बजट में देश में 200 कैंसर डे केयर सेंटर बनाने की बात कही गयी है लेकिन कैंसर की प्रिवेन्टिव स्क्रीनिंग की व्यवस्था के बारे में कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि धर्म जाति, लिंग के आधार पर भेदभाव के कारण लोग आर्थिक तंगी के शिकार हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राव राजेन्द्र सिंह ने अपने भाषण की शुरूआत में 2017 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रिचर्ड एच थेलर को उद्धृत करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था एवं मनोविज्ञान का संबंध होता है। मनोवैज्ञानिक रूप से लोगों का इस बात से संतुष्ट होना जरूरी है कि सरकार उनके लिए कुछ कर रही है। उन्होंने इस दृष्टि से आम बजट को अब तक का सबसे उत्कृष्ट बजट करार दिया। उन्होंने कहा कि इस बजट में गरीब, युवा, महिला एवं किसानों पर फोकस किया गया है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत में संविधान लागू होने के समय आबादी 33 करोड़ थी जबकि इसके कुछ दिन बाद हुए खाद्य सर्वेक्षण में प्रति व्यक्ति पोषणीय आहार की उपलब्धता 394 ग्राम थी। 60 साल बाद आबादी 100 करोड़ हो गयी और इसमें कोई अंतर नहीं आया। 2014 में पोषणीय आहार की उपलब्धता का आंकड़ा 468.7 ग्राम तक ही पहुंच पायी। बीते दस साल में यह आंकड़ा 510 ग्राम पहुंचा। यदि हर साल यह आंकड़ा पांच ग्राम ही बढ़ता तो आज 1000 ग्राम से अधिक होता।

## आयुष्मान दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना : नड्डा



**नयी दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक सवाल की जवाब में लोकसभा में कहा की आयुष्मान योजना दुनिया की स्वास्थ्य क्षेत्र की सबसे बड़ी योजना है। जो लोग पहले पैसे के अभाव में अस्पताल में इलाज करवाने नहीं जा सकते थे उन्हें अब इस योजना के तहत अस्पतालों में इलाज मिल रहा है। आयुष्मान भारत के तहत देश की 40% आबादी को कवर किया गया है। यह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है और 2018 तक इसमें 35 लाख कार्यकर्ता जुड़े हुए थे। देश में कुल 61 करोड़ से ज्यादा लोगों को आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य कर सेवा दी गई है। अब तक अस्पताल 8.6 करोड़ लोगों को इस योजना के तहत लाभ दिया जा चुका है। देश में बड़े स्तर पर लोगों की जीवन को इस योजना के तहत बचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 30000 अस्पताल के माध्यम से बाईपास सर्जरी जैसी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यदि कोई समस्या इस पर आती है तो राज्य सरकारों के साथ मिलकर इसकी समाधान के लिए कदम उठाए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत केंद्र सरकार सभी सुविधा दे रही है और समय पर पैसे का भुगतान भी किया जा रहा है।

## ईयू के साथ मानकों को परस्पर मान्यता देने की व्यवस्था पर हो रही है चर्चा: गोयल



**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को संसद में बताया कि भारत यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ वस्तुओं की गुणवत्ता, शुद्धता और स्वच्छता आदि के संबंध में एक के दूसरे मानकों को परस्पर मान्यता देने के समझौते (एमआरआए) के संबंध में बात कर रहा है।

श्री गोयल ने राज्य सभा में प्रश्नकाल में सदस्यों के प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि ऐसी व्यवस्था से व्यापार में आसनी होगी। उन्होंने कहा कि ईयू के साथ ऐसी व्यवस्था बनायी जा सकती है जिसमें दोनों पक्ष पारस्परिक आधार पर एक दूसरे के यहां ऐसी एजेंसियों का निर्धारण कर दें जिनके द्वारा जारी प्रमाण पत्रों को व्यापार के लिए स्वीकार किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोपीय संघ में कार्बन पर सीमा समायोजन व्यवस्था (सीबीएएम) या यूरोपीय कार्बन कर और वनों के ह्रास जैसे मुद्दों से जुड़े मानकों को लागू करने की प्रकिया सरल और निष्पक्ष रखने के विषय में भी भारत बातचीत कर रहा है।

श्री गोयल ने कहा कि हर देश को अपनी आवश्यकताओं के अनुसार गुणवत्ता मानकों को लागू करने का पूरा अधिकार है, भारत किसी के इस अधिकार को चुनौती नहीं देता । श्री गोयल ने कहा कि भारत ने भी पिछले 10 वर्षों में अपने यहां बहुत सी वस्तुओं के बारे में क्वालिटी नियंत्रण के नियम ( क्यूसीआर) लागू किए हैं । इस दौरान ऐसे नियमों की संख्या करीब 106 से बढ़ कर 700 तक पहुंच गयी है।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि यूरोपीय देशों को भी भारत में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और खाद्य गुणवत्ता विनियामक एफएसएसएआई के मानकों का अनुपालन करना होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानकों के कारण ईयू के साथ भातर के निर्यात में कोई बड़ी बाधा नहीं है। उन्होंने कहा कि 2022-23 में ईयू के साथ व्यापार में भारत का निर्यात आयात से 14 अरब डालर अधिक था ।

## शिवसेना की भारत सरकार से अवैध घुसपैठियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**जम्मू।** अमेरिका की ट्रंप सरकार की तरह भारत की मोदी सरकार भी तत्काल अवैध रूप से भारत में रह रही पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर, बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना समेत तमाम अवैध बांग्लादेशियों व रोहिंगियों को देश से बाहर का रास्ता दिखाए। यह कहना है शिवसेना (यूबीटी) जम्मू-कश्मीर इकाई प्रमुख मनीश साहनी का। पार्टी प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी के नेतृत्व में एकत्रित शिव सैनिकों ने शेख हसीना, सीमा हैदर को वापिस भेजो, अवैध रोहिंगियों, बांग्लादेशियों को बाहर निकालो लिखे प्लेकार्ड पकड़ जोरदार प्रदर्शन किया। साहनी ने अपने संबोधन में कहा कि बंगलादेश में हिन्दुओं पर हमलों का सिलसिला जारी है। गत दिवस बंगलादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना के लाइव भाषण के दौरान बंगलादेश के राजशाही जिले के फुदकी गांव में हिन्दुओं को निशाना बनाया गया। मंदिर में मौजूद सरस्वती देवी की मूर्ति को तोड़ दिया गया। सत्तांतरण के बाद से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के दौर रुके नहीं हैं।

## 487 भारतीयों को निकालना चाहता है अमेरिका, भेजी 295 लोगों की लिस्ट

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** अमेरिका ने भारत को 295 लोगों की एक लिस्ट भेजी है, जिनकी नागरिकता की पुष्टि होने के बाद उन्हें भारत वापस भेजा जाएगा। ये लोग उन 487 व्यक्तियों में शामिल हैं, जिन्हें अमेरिका से निकाला जाना है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। उन्होने एक बयान देते हुए कहा कि अमेरिका से भेजे जाने के लिए 487 भारतीय नागरिकों को चिह्नित कर लिया गया है और 295 लोगों का विवरण भारत के साथ शेयर किया गया है।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों द्वारा साझा की गई जानकारी का सत्यापन किया जा रहा है। विदेश सचिव ने कहा, ₹यह एक नियमित प्रक्रिया है, जिसे विदेश मंत्री ने कल संसद में भी स्पष्ट किया था। भारत को एक असहयोगी देश कहना उचित नहीं होगा। कोई भी देश यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि जिन्हें वापस भेजा जा रहा है वे व्यक्ति उसके ही नागरिक हैं या नहीं। इससे जुड़े कानूनी और सुरक्षा से संबंधित मुद्दे भी होते हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने 487 संभावित भारतीय नागरिकों के निर्वासन की जानकारी दी थी। भारत सरकार ने इस संबंध में अधिक जानकारी मांगी थी, जिसके जवाब में अमेरिका ने 298 व्यक्तियों की विस्तृत जानकारी शेयर की।

उन्होंने कहा कि भारत इस मामले में पूरी पारदर्शिता बरत रहा है और अमेरिकी अधिकारियों के साथ संवाद कर रहा है। भारत ने शुक्रवार को कहा कि उसने हथकड़ी लगाकर अवैध प्रवासियों को वापस भेजे जाने के मुद्दे पर अमेरिका के समक्ष चिंता व्यक्त की है और इस तरह के व्यवहार से बचा जा सकता था। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की यह टिप्पणी अमेरिका द्वारा अवैध भारतीय प्रवासियों को सैन्य विमान में 40 घंटे की उड़ान के दौरान हथकड़ी लगाकर वापस भेजे जाने पर मचे बवाल के बीच आई है। मिस्त्री ने प्रवासियों को भेजे जाने से संबंधित प्रश्नों पर कहा, ह्यह्यहमने अपनी चिंताओं से अमेरिका को अवगत कराया है कि इस प्रकार के व्यवहार से बचा जा सकता है। विदेश सचिव ने कहा कि हथकड़ी लगाकर अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की अमेरिकी नीति 2012 से ही लागू है।

## नोटिस थमा कर केजरीवाल के घर से लौटी एसीबी की टीम

**नयी दिल्ली।** एसीबी की टीम केजरीवाल के घर से वापस लौट गयी। एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि नोटिस दे दिया गया है और रिसीव भी हो गया है। आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नाम लिये बिना भाजपा पर कैंडिडेट्स की खरीद-फरोख्त के आरोप मढ़े थे। उन्होंने दावा किया था कि उनके विधायकों और उम्मीदवारों को फोन पर 15-15 करोड़ के ऑफर दिये गये। इस मुद्दे पर सभी 70 कैंडिडेट्स की मीटिंग बुलायी थी।

केजरीवाल के आरोपों के बाद भाजपा ने एलजी वीके सक्सेना को पत्र लिखकर आरोपों की जांच की मांग की थी। उन्होंने एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को मामले की जांच का आदेश दिया था। इस मामले की जांच के आदेश के बाद एसीबी की टीम अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंचीं। टीम को अंदर नहीं जाने दिया गया, लेकिन अरविंद केजरीवाल के वकीलों ने उनसे लीगल नोटिस मांग लिया। लीगल नोटिस नहीं था,

### 15-15 करोड़ आफर का मामला

पूछताछ के लिए अंदर नहीं जा सकी। दरअसल, गुरुवार को आप सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया था कि पार्टी के प्रत्याशियों को भाजपा खरीदना चाहती है और एवज में 15-15 करोड़ रुपए ऑफर दे रही है।

इसी आरोप के बाद पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी और वह भाजपा पर जमकर बरसे।

## वंदे भारत स्लीपर ट्रेन तैयार : जल्द ही लंबी दूरी की आरामदायक यात्रा के एक नये युग की शुरूआत



**कोटा (हि.स.)।** वंदे भारत स्लीपर ट्रेन तैयार होने के साथ भारतीय रेलवे लंबी दूरी की यात्रा में क्रांति लाने के लिए तैयार है, जो देश के सबसे तेजी से बढ़ते बेड़े का एक अत्याधुनिक संस्करण है। विश्वस्तरीय, हाई-स्पीड स्लीपर ट्रेन का सपना अब हकीकत बन चुका है क्योंकि पहली 16-डिब्बों वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने 15 जनवरी 2025 को मुंबई-अहमदाबाद खंड में पांच सौ चालीस किलोमीटर की दूरी के लिए अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) के कठोर परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई ने पिछले साल 17 दिसंबर को भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट का निर्माण पूरा किया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-जन सम्पर्क अधिकारी, कोटा सौरभ जैन के अनुसार एक पखवाड़े के भीतर ट्रेन को कोटा डिवीजन में लाया गया और पिछले महीने के पहले सप्ताह में लगातार तीन दिन तक 30 से 40 किलोमीटर की छोटी दूरी के लिए सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया, जहां इसने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की उच्च गति से आरामदायक यात्रा का अनुभव हासिल किया। यह उपलब्धि रेलवे के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण छलांग है, जो यात्रियों के लिए एक बेरोकटोक और शानदार यात्रा के अनुभव का वादा करती है। आराम, गति और अत्याधुनिक तकनीक पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ, वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें आने वाले दिनों में लोगों को रात भर की यात्राओं की नई परिभाषा देने के लिए तैयार हैं। इन वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को स्वचालित दरवाजों, बेहद आरामदायक बर्थ, ऑन बोर्ड वाईफाई और विमान जैसी सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### अमेरिका का परिषद के सदस्य के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया : यूएनएचआरसी

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) ने गुरुवार को कहा कि एक जनवरी 2025 से अमेरिका का परिषद के सदस्य के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया है। वह अब उस अंतर-सरकारी निकाय से अलग होने के लिए अयोग्य हो गया है जिसका वह अब हिस्सा नहीं है। यूएनएचआरसी के प्रवक्ता पास्कल सिम ने एक बयान में कहा, "रिकॉर्ड के लिए अमेरिका एक जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2024 तक मानवाधिकार परिषद का सदस्य था। एक जनवरी 2025 से अमेरिका अब मानवाधिकार परिषद का सदस्य नहीं है और स्वत: ही पर्यवेक्षक राष्ट्र बन गया है जैसे कि 193 संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश जो परिषद के सदस्य नहीं हैं। परिषद का पर्यवेक्षक राज्य किसी अंतर-सरकारी निकाय से अलग नहीं हो सकता जिसका वह अब हिस्सा नहीं है।

### बांग्लादेश में बीएनपी नेता की गोली मारकर हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता मामुन हुसैन की आज तड़के नारायणगंज सदर उपजिला के फतुल्लाह में अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। 42 वर्षीय मामुन हुसैन को पुरबललपुर रेलवे लाइन के पास निशाना बनाया गया। वह ईंट और रेत का कारोबार करते थे। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, बीएनपी के स्वैच्छिक दल के संयुक्त संयोजक मामुन हुसैन को उनकी कारोबारी फर्म मां-बाबर आशीर्वाद ट्रेडर्स के सामने गोली मारी गई। उनके बड़े भाई अमजद हुसैन ने इसकी पुष्टि की। अमजद ने कहा कि कुछ लोग मामून को घर से जगाकर मां-बाबर आशीर्वाद ट्रेडर्स के सामने ले गए। वहां उसे गोली मार दी।

### धनखड़ ने क्षेत्रवाद बनाम राष्ट्रीयता की चर्चा पर चिंता व्यक्त की

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश में क्षेत्रवाद बनाम राष्ट्रीयता की चर्चा पर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की चेष्टा की जा रही है। श्री धनखड़ ने कर्नाटक के राणेबेन्नूर में आयोजित ह्ल कर्नाटक वैभव साहित्य और सांस्कृतिक महोत्सवह्न के तीसरे संस्करण के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में विभाजन कारी ताकतें काम रही है और ये इस समय की सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि ये ताकतें अलग-अलग तरीके से काम करती हैं। उन्होंने कहा, ह्ल मुझे ये कहने में कोई संकोच नहीं है कि हमें जो चुनौती मिल रही हैं, वह जलवायु परिवर्तन से भी ज्यादा गंभीर चुनौती है।

### जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमेट' का टीजर जारी



फिल्म 'पठान' और 'वेदा' के बाद अभिनेता जॉन अब्राहम जल्द ही फिर सिल्वरस्क्रीन पर नजर आएंगे। जॉन अब्राहम की आने वाली फिल्म 'द डिप्लोमेट' का टीजर रिलीज हो गया है। लगभग एक मिनट के टीजर की शुरूआत विदेश मंत्री एस जयशंकर की एक क्लिप से होती है, जिसमें वह कहते हैं कि दुनिया के सबसे महान राजनयिक एक श्रीकृष्ण और एक हनुमानजी थे। इसके बाद स्क्रीन पर जॉन अब्राहम की एंट्री होती है। इस फिल्म में जॉन मुख्य भूमिका में हैं, वह जेपी सिंह की भूमिका निभा रहे हैं।

इस टीजर में एक महिला बुर्का पहने हुए और खुद को भारतीय नागरिक बताते हुए नजर आ रही है। फिर अगले ही पल जॉन अब्राहम उससे पूछताछ करते नजर आते हैं। जॉन उसे सच बताने के लिए कहता है।

